आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 27°C |

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुक्रवार 12 सितंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 326

www.janexpresslive.com/epaper

इनसाइड न्यूज

जहां दबंग, वहां निर्माण जहां गरीब, वहां बुलडोज़र

उत्तर प्रदेश पेज: 03



नड्डा ने मलेरिया-डेंगू की स्थिति की... 12

# भारत-मॉरीशस संबंध केवल साझेदारी नहीं एक परिवार: पीएम मोदी

## रामगुलाम ने स्वागत पर जताई खुशी, कहा, इतनी भव्य स्वागत से समझ में आता है आपकी बड़ी जीत

जन एक्सप्रेस। वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम से भेंट की। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई और कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए गए। पीएम मोदी ने इस अवसर पर कहा, भारत और मॉरीशस सिर्फ पार्टनर नहीं, बल्कि एक परिवार हैं। यह रिश्ता केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि आध्यात्मिक मिलन का प्रतीक है। मॉरीशस पीएम डॉ. रामगुलाम ने कहा, भारत हमेशा मॉरीशस की प्रगति और विकास के मार्ग पर साथ रहा है। वाराणसी पहुंचने पर मुझे और मेरी पत्नी को जिस प्रकार का स्वागत मिला, उससे हम आश्चर्यचकित हैं। मुझे विश्वास है कि किसी अन्य प्रधानमंत्री को इतना भव्य स्वागत नहीं मिलता होगा। मैं समझ सकता हूँ कि आप इतनी बड़ी जीत कैसे हासिल करते हैं। पीएम मोदी ने पुलिस लाइन से 3 किलोमीटर लंबा रोड शो करते हुए होटल ताज का रुख किया। इस दौरान हजारों लोग सड़क किनारे खड़े थे, शंखनाद हुआ और फूल बरसाए गए। उत्साहित देखकर पीएम ने ड्राइवर से कहा कि वाहन को लोगों के करीब ले जाया जाए।



### रामगुलाम आज बाबा विश्वनाथ की पूजा करेंगे, फिर अयोध्या जाएंगे

मॉरीशस पीएम 9 से 16 सितंबर तक भारत यात्रा पर हैं। आज यानी 12 सितंबर को मॉरीशस पीएम बाबा विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। फिर सुबह 10.30 बजे अयोध्या के लिए रवाना होंगे, जहां रामलला का आशीर्वाद लेंगे। मॉरीशस के पीएम बुधवार शाम को काशी पहुंचे थे। मॉरीशस पीएम तिरुपति बालाजी भी जाएंगे। इसके अलावा, मुंबई में एक व्यवसायिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इससे पहले, डॉ. रामगुलाम मई 2014 में भारत आए थे। तब वे प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने वाले इकलौते गैर-सार्क नेता थे।

### पीएम रामगुलाम बोले, भारत, मॉरीशस की प्रगति-विकास की यात्रा में हमेशा साथ रहा

मॉरीशस पीएम ने कहा- यह भारत की मेरी चौथी आधिकारिक यात्रा है। भारत मॉरीशस की प्रगति और विकास की यात्रा में हमेशा साथ रहा है। हमने राष्ट्रीय विकास के प्रमुख क्षेत्रों में भारत की उदार सहायता और विशेषज्ञता का लाभ उठाया है। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचा और समुद्री सुरक्षा शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं। इन क्षेत्रों में भारत का समय पर दिया गया समर्थन मॉरीशस वासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में ठोस बदलाव ला रहा है। जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि यह शिक्षा, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक विशेष आर्थिक पैकेज है। प्रधानमंत्रीजी, आपके आशीर्वाद से आयुर्वेदिक केंद्र भी एक असाधारण केंद्र होगा।

### मॉरीशस पीएम बोले, जो स्वागत मुझे मिला, उससे आश्चर्यचकित रह गया

मॉरीशस के पीएम डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने कहा- हमारे और मेरे प्रतिनिधिमंडल के प्रति आपके दिखाए गए उदार शिष्टाचार के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। वाराणसी पहुंचने पर मुझे और मेरी पत्नी को मिले स्वागत से हम आश्चर्यचकित रह गए। मेरा मानना है कि किसी भी अन्य प्रधानमंत्री को ऐसा स्वागत कभी नहीं मिला होगा। मुझे खुशी है कि यह आपका निर्वाचन क्षेत्र है। मैं समझ सकता हूं कि आप इतनी बड़ी जीत कैसे दर्ज करते हैं।

### मॉरीशस, भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति और 'विजन सागर' का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा- मैं प्रधानमंत्री रामगुलाम और मॉरीशस के लोगों को चागोस समझौता संपन्न होने पर हार्दिक बधाई देता हूं। ये मॉरीशस की संप्रभुता की एक ऐतिहासिक जीत है। भारत ने हमेशा उपनिवेशवाद और मॉरीशस की संप्रभुता की पूर्ण मान्यता का समर्थन किया है। इसमें भारत, मॉरीशस के साथ दृढ़ता से साथ खड़ा रहा है। पीएम मोदी ने कहा- मॉरीशस, भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति और 'विजन सागर' का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। मार्च में मुझे मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होने का सौभाग्य मिला। उस समय हमने अपने संबंधों को बढ़ी हुई रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया। पीएम मोदी ने कहा- आज हमने मॉरीशस की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्पेशल इकोनॉमिक पैकेज पर निर्णय लिया है। इससे इंफ्रास्ट्रचर मजबूत होगा। रोजगार के नए अवसर देगा। भारत के बाहर पहला जन औषधि केंद्र अब मॉरीशस में स्थापित हो चुका है। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे अपने संसदीय क्षेत्र में आपका स्वागत करने का अवसर मिल रहा है। चीन काल से काशी भारत की सभ्यता और सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक रही है। हमारी संस्कृति और संस्कार सदियों पहले भारत से मॉरीशस पहुंचे और वहां की जीवन-पद्धति में रच-बस गए। काशी में मां गंगा की अविरल धारा की तरह, भारतीय संस्कृति का अविरल प्रवाह मॉरीशस को समृद्ध करता रहा है। आज जब हम मॉरीशस के साथियों का काशी में स्वागत कर रहे हैं, तो यह सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक मिलन है, इसलिए मैं गर्व से कहता हूं कि भारत और मॉरीशस सिर्फ पार्टनर नहीं, बल्कि एक परिवार हैं।

# उत्तर प्रदेश में सड़क हादसों के घायल मरीजों को मिलेगा कैशलेस इलाज



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में अब सड़क दुर्घटना के गंभीर रूप से घायल मरीज निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। प्रदेश सरकार ने इसके लिए विशेष योजना तैयार की है, जिससे इलाज का खर्च सरकार वहन करेगी। यह योजना आयुष्मान भारत योजना की तर्ज पर शुरू की जा रही है ताकि सड़क हादसों में मरने वालों की संख्या को कम किया जा सके। परिवहन विभाग ने शासन को प्रस्ताव भेजा है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने आदेशानुसार मंजूरी दे दी है। इसके तहत गंभीर रूप से घायल लोगों का इलाज सात दिनों तक मुफ्त किया जाएगा। इलाज की अधिकतम सीमा 1.5 लाख रुपये रखी गई है। इसके लिए जिला प्रशासन, निजी अस्पताल और राज्य स्वास्थ्य एजेंसी के बीच समन्वय स्थापित किया जाएगा। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि जल्द ही सरकार आदेश जारी करेगी। उसके बाद सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को कैशलेस इलाज मुहैया कराया जाएगा। अब तक निजी अस्पताल केवल दुर्घटना के बाद इलाज करने में संकोच करते रहे थे, लेकिन नए नियम से यह बाधा खत्म हो जाएगी।

> इस योजना के लागू होने से सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या में कमी आएगी। साथ ही, पीड़ितों पर आर्थिक बोझ कम होगा। यह योजना प्रदेश के सभी सड़कों व मोटर वाहनों से जुड़ी दुर्घटनाओं पर लागू होगी। सरकार जल्द इसे लागू कर स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी।
>
> **पुष्पसेन सत्यार्थी**
> सड़क सुरक्षा के पूर्व अपर आयुक्त

### योजना का लाभ कैसे मिलेगा

- दुर्घटना के 24 घंटे के अंदर पुलिस को सूचना देना अनिवार्य होगी।
- पुलिस ई-डार एप्लीकेशन पोर्टल पर सूचना फीड करेगी और अस्पताल भी इसी पोर्टल से जुड़ा रहेगा।
- पुलिस रिपोर्ट के आधार पर अस्पताल कैशलेस इलाज शुरू करेगा।
- जिला प्रशासन की निगरानी वाली सड़क सुरक्षा समिति इसका संचालन एवं भुगतान करेगी।
- इलाज का खर्च मोटर वाहन दुर्घटना निधि से होगा।
- सात दिन या 1.5 लाख रुपये की सीमा पूरी होने पर वाहन बीमा कंपनी जिम्मेदार होगी।
- यदि दुर्घटना में शामिल वाहन का बीमा न हो, तो घायल का इलाज सरकार करेगी।

# गरियाबंद में सुरक्षाबलों-नक्सलियों के बीच मुठभेड़

## एक करोड़ रुपये के इनामी नक्सली बालकृष्ण समेत 10 माओवादी ढेर



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गरियाबंद

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ फोर्स ने कुल 10 नक्सलियों को मार गिराया है। बड़ी बात ये है कि मैनपुर के जंगलों में हुई मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये के इनामी नक्सली मनोज मोडेम उर्फ बालकृष्ण भी मारा गया है। वहीं 25 लाख रुपये का इनामी नक्सली प्रमोद भी मारा गया। रायपुर संभाग के आईजी अमरेश मिश्रा और गरियाबंद जिले के एसपी निखिल राखेचा ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, मैनपुर के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर गरियाबंद ई-30, एसटीएफ और सीआरपीएफ की कोबरा टीम मौके पर पहुंची, जहां फोर्स और नक्सलियों के बीच रुक-रुककर मुठभेड़ चलती रही। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार बरामद किये गये हैं। इनमें सात आटोमेटिक हथियार शामिल हैं। कई नक्सल सामग्री भी बरामद की गई है। बताया जाता है कि एक करोड़ रुपये के इनामी नक्सली मनोज मोडेम उर्फ बालकृष्ण उर्फ भास्कर नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी का मेंबर था। वह ओडिशा स्टेट कमेटी का सचिव था। वह ओएससी और सीआरबी का भी सदस्य था। मैनपुर के आस-पास के इलाकों में रहने वाले लोगों से अपील की गई है कि वे अपने घरों से बाहर न जायें और फोर्स को हर तरह से मदद करें। फिलहाल मुठभेड़ खत्म हो चुकी है। विस्तृत जानकारी अलग से जारी की जाएगी। 5 जनवरी 2025 को अबूझमाड़ के जंगल में एक महिला नक्सली समेत पांच नक्सली ढेर। 12 जनवरी 2025 को बीजापुर के मद्देड़ इलाके में एनकाउंटर में दो महिला समेत पांच नक्सली मारे गये थे। 16 जनवरी 2025 को बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के पुजारी कांकेर और मारुड़बाका के जंगल में गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई।

> मैनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जंगल में उस समय मुठभेड़ शुरू हुई जब सुरक्षाकर्मी नक्सल विरोधी अभियान पर सर्चिंग पर थे। इस अभियान में विशेष कार्य बल (एसटीएफ), कोबरा (सीआरपीएफ की एक विशिष्ट इकाई - कमांडो बटालियन फॉर रेज़ोल्यूट एक्शन) और अन्य राज्य पुलिस इकाइयों के जवान शामिल हैं। जमीनी स्तर से मिली जानकारी के अनुसार, कम से कम 10 नक्सली मारे गए हैं।
>
> **-अमरेश मिश्रा**
> रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक

### आईडी ब्लास्ट में दो जवान घायल

दूसरी ओर प्रदेश के दंतेवाड़ा जिले के थाना मालेवाही क्षेत्र में गुरुवार की सुबह नक्सलियों ने जवानों की एक बटालियन को टारगेट करते हुए आईडी ब्लास्ट किया। इस घटना में दो जवान घायल हो गए, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। वहीं इलाके में सर्चिंग शुरू कर दिया गया है। बता दें कि थाना मालेवाही क्षेत्र में गुरुवार की सुबह सीआरपीएफ 195 वाहिनी के जवान मुख्यालय से सातधार व मालेवाही के लिए निकले हुए थे, जवानों के द्वारा एरिया डोमिनेशन करने के लिए जैसे ही सातधार पुल के 800 मीटर आगे नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईडी के चपेट में आने से इंस्पेक्टर दीवान सिंह गुर्जर व आरक्षक आलम मुनेश घायल हो गए, जिन्हें अन्य साथियों की मदद से जिला अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया है। वहीं, जवानों की खराब हालत को देखते हुए उन्हें एयरलिफ्ट करते हुए रायपुर भेजे जाने की तैयारी किया जा रहा है।

### बीजापुर में 26 नक्सली गिरफ्तार

वहीं बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 26 सक्रिय नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 13 लाख रुपये के इनामी 6 नक्सली भी शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और प्रतिबंधित नक्सली साहित्य बरामद किया गया है। यह संयुक्त कार्रवाई डीआरजी बीजापुर, थाना गंगालूर, भैरमगढ़, उसूर, आवापल्ली, तर्रेम, कोबरा 205 और सीआरपीएफ की 196 व 62वीं बटालियन द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अंजाम दी गई।

# यूपी: पीईटी की उत्तर कुंजी जारी, 17 सितंबर तक दर्ज करा सकेंगे आपत्ति

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से छह-सात सितंबर को आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) की उत्तर कुंजी पर 17 सितंबर तक आपत्ति दर्ज कराई जा सकेगी। अभ्यर्थियों को प्रति आपत्ति 100 रुपये ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा। इसके लिए आयोग ने बृहस्पतिवार को इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। आयोग की ओर से दो दिन में चार पालियों में आयोजित परीक्षा की पालीवार उत्तर कुंजी नौ सितंबर को जारी की थी। आयोग के परीक्षा नियंत्रक विधान जायसवाल ने बताया कि लिखित परीक्षा के मास्टर सेट की तिथि व पालीवार उत्तर कुंजी जारी की गई है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर इन्हें देख और पनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। अभ्यर्थी एक या उससे अधिक आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कहा है कि अभ्यर्थी वेबसाइट पर दिए आवश्यक निर्देश पढ़कर ही अपनी आपत्ति दर्ज कराएं। अभ्यर्थी एक बार में ही ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। ऑनलाइन के अलावा किसी अन्य माध्यम से भेजी गई आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। 17 सितंबर के बाद कोई आपत्ति नहीं ली जाएगी। बता दें कि दो दिन की परीक्षा में 19,41993 अभ्यर्थी शामिल हुए हैं। जबकि आवेदक 25,31,996 अभ्यर्थी थे।

# दुनिया का चक्कर लगाएगा भारतीय महिलाओं का सैन्य दल, राजनाथ सिंह ने पोत को दिखाई हरी झंडी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय इतिहास में गुरुवार का दिन एक नया अध्याय लेकर आया। पहली बार थल सेना, वायु सेना और नौसेना की महिलाओं की संयुक्त टीम दुनिया का समुद्री चक्कर लगाने के लिए रवाना हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली से वर्चुअल तरीके से इस अभियान को हरी झंडी दिखाई। यह यात्रा मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से शुरू हुई।

### समुद्र प्रदक्षिणा अभियान में 10 महिला अधिकारी शामिल

इस अभियान का नाम समुद्र प्रदक्षिणा रखा गया है। इसमें 10 महिला अधिकारी शामिल हैं, जो त्रिवेणी नाम के 50 फुट लंबे स्वदेशी नौकायन पोत पर सवार होकर समुद्र की सबसे खतरनाक लहरों और रास्तों को पार करेंगी। नौ महीने में ये लगभग 26,000 समुद्री मील (नॉटिकल माइल) की दूरी तय करेंगी। यह पहली बार होगा जब तीनों सेनाओं की महिलाएं मिलकर ऐसी ऐतिहासिक यात्रा पर निकलेंगी।

### खतरनाक समुद्री रास्तों से गुजरेंगी वीरांगनाएं

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यह टीम यात्रा के दौरान दो बार भूमध्य रेखा को पार करेगी और तीन बड़े केप्स- लीउविन, हॉर्न और गुड होप से होकर गुजरेगी। यह अभियान सभी बड़े महासागरों से होकर गुजरेगा और खासकर दक्षिणी महासागर और ड्रेक पैसेज जैसे बेहद खतरनाक इलाकों से होकर निकलेगा। टीम की योजना चार विदेशी बंदरगाहों पर रुकने की है। यह यात्रा मई 2026 में मुंबई लौटकर पूरी होगी।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का संदेश

राजनाथ सिंह ने इसे नारी शक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, यह सिर्फ समुद्र यात्रा नहीं, बल्कि अनुशासन और इच्छाशक्ति की परीक्षा है। हमारे अधिकारी अनेक चुनौतियों का सामना करेंगे, लेकिन उनका साहस हर अंधेरे को चीर देगा। वे सुरक्षित लौटकर दुनिया को दिखाएंगी कि भारतीय महिलाओं का शौर्य असीम है। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान तीनों सेनाओं के बीच साझा भावना और एकजुटता का उदाहरण है। त्रिवेणी को पुडुचेरी में तैयार किया गया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह भारत की रक्षा तकनीक और नवाचार में आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

### महिला दल में कौन-कौन शामिल?

इस टीम की कमान लेफ्टिनेंट कर्नल अनुजा वरुडकर के हाथ में है। उनके साथ स्क्वाड्रन लीडर श्रद्धा पी. राजू उप-नेता हैं। इसमें मेजर करमजीत कौर, मेजर ओमिता दलवी, कैप्टन प्राजक्ता पी. निकम, कैप्टन दौली बुटोला, लेफ्टिनेंट कमांडर प्रियांका गुसाईं, विंग कमांडर विभा सिंह, स्क्वाड्रन लीडर अरुवी जयदेव, स्क्वाड्रन लीडर वैशाली भंडारी भी शामिल हैं। इस दल ने पिछले तीन वर्षों में कठोर प्रशिक्षण लिया है। शुरुआत छोटे जहाजों पर समुद्र यात्रा से हुई और फिर अक्तूबर 2024 में त्रिवेणी के साथ लंबी यात्राओं का अभ्यास किया गया।

# उत्तराखंड को 1200 करोड़ की राहत, अनाथ बच्चों को मिलेगा विशेष सहारा: पीएम मोदी

- **आपदा प्रभावितों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार, पीएम केयर स्कीम के तहत अनाथ बच्चों को दी जाएगी सहायता**

जन एक्सप्रेस। देहरादून

उत्तराखंड की प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य को ?1200 करोड़ के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की है। इस राहत राशि का उपयोग राज्य में बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाओं से हुए बुनियादी ढांचे के नुकसान की भरपाई, पुनर्निर्माण और राहत कार्यों में किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने यह ऐलान आज उत्तराखंड दौरे के दौरान किया। खराब मौसम के कारण हवाई सर्वे नहीं हो सका, लेकिन पीएम मोदी ने प्रजेंटेशन के माध्यम से बाढ़ से हुए नुकसान का विस्तृत जायजा लिया और पीड़ितों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।

### पीड़ितों को तत्काल सहायता

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि आपदा में अपनों को खोने वाले परिवारों को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता केंद्र सरकार की ओर से दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये की सहायता राशि मिलेगी। अनाथ हुए बच्चों को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन स्कीम के तहत विशेष सहायता व संरक्षण प्रदान किया जाएगा।

### अनाथ बच्चों के लिए 'पीएम केयर्स' का सहारा

उत्तराखंड में कई बच्चे ऐसे हैं जिन्होंने इस आपदा में अपने माता-पिता को खो दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने आश्वस्त किया कि ऐसे सभी बच्चों की देखभाल केंद्र सरकार की PM CARES for Children योजना के तहत की जाएगी। इस योजना में बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन यापन के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। देहरादून में आयोजित बैठक में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस बैठक में आपदा की स्थिति, राहत कार्यों की प्रगति और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई।



### हिमाचल और पंजाब के बाद उत्तराखंड को राहत पैकेज

प्रधानमंत्री मोदी ने पहले ही हिमाचल प्रदेश के लिए 1600 करोड़ और पंजाब के लिए 1500 करोड़ की आर्थिक सहायता की घोषणा की थी। अब उत्तराखंड को 1200 करोड़ की सहायता प्रदान कर इस त्रासदी से उबरने में मदद की जाएगी।



### एनडीआरएफ और एसडीआरएफ कर्मियों से की बातचीत

उत्तराखंड दौरे के दौरान प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के जवानों से भी बातचीत की और उनके तत्पर राहत कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में पूरे देश की संवेदनाएं उत्तराखंड के लोगों के साथ हैं।

### धराली त्रासदी के पीड़ितों से भी की बातचीत

प्रधानमंत्री ने उत्तरकाशी के धराली क्षेत्र में आई त्रासदी के पीड़ितों से विशेष रूप से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

### मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर खुद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। एयरपोर्ट से सीधे प्रधानमंत्री कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए, जहां उन्होंने समीक्षा बैठक के साथ-साथ पीड़ितों से सीधे संवाद भी किया।उत्तराखंड की त्रासदी से जूझ रहे लोगों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह घोषणा न केवल आर्थिक संबल प्रदान करेगी बल्कि अनाथ बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में भी एक बड़ी पहल है। राहत और पुनर्निर्माण के लिए घोषित 1200 करोड़ का पैकेज राज्य के पुनर्जीवन की नई राह खोलेगा।

# सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात,मेविस टाक ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

गुरुवार को यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत बाबूलाल चौराहे पर खानकाह इंटर कॉलेज एवं नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज के छात्र/छात्राओं द्वारा शहरवासियों को यातायात नियमों प्रति जागरूक करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया।

इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक /क्षेत्राधिकारी यातायात मेविस टाक द्वारा छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए आकर्षक सड़क सुरक्षा पोस्टरों का अवलोकन किया तथा उत्साह वर्धन किया तथा बच्चों को ही आगे आने हेतु प्रेरित किया। मंडलीय समन्वयक /मास्टर ट्रेनर डॉ.पीयूष मिश्रा ने सहायक पुलिस अधीक्षक को बच्चों द्वारा किए गए कार्यों से परिचित कराया इस अवसर पर प्रत्येक छात्र को नोडल छात्र के रूप में इस अभियान को सफल बनाने हेतु डॉ. पीयूष मिश्रा द्वारा जिम्मेदारी भी दी गई, सहायक



संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) श्यामलाल ने नाबालिक छात्रों को दोपहिया वाहन न चलाने की नसीहत दी तथा वैध लाइसेंस धारकों को नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने की अपील की, यात्रीकर अधिकारी (पीटीओ) राम सुमेर यादव ने अपनी लेन में वाहन चलाना तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने पर बल दिया, (प्रभारी) यातायात प्रभारी निहाल सिंह ने ट्रिपलिंग सवारी से बचे तथा संयमित गति से वाहन चलाने हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर जिला सड़क सुरक्षा समन्वय समिति के सदस्य एवं समाजसेवी सुनील सक्सेना ने बच्चों से कहा कि अपने घर मोहल्ले एवं मित्रों से सड़क सुरक्षा यातायात के नियमों को बताएं एवं उनका पालन करवाएं कार्यक्रम में अलीगंज चौकी प्रभारी, दोनों कॉलेज के नोडल शिक्षक शिक्षिकाएं, यातायात पुलिस, आरक्षी एवं शहर वासियों ने भी जागरूकता अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा शपथ ली कि हम सभी सड़क सुरक्षा यातायात नियमों का पालन करेंगे जागरूकता अभियान के अंत में डॉ. मिश्र द्वारा सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई।

# थाना कोतवाली नगर पुलिस ने किया चोरी की घटना का सफल अनावरण

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में दिनांक 11 सितंबर को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चोरी करने वाले दो अन्तर्रजनपदीय अभियुक्तों को अवैध तमंचा व चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।

थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम मवई के रहने वाले जयकिशन सिंह ने दिनांक 10 सितंबर को अपने घर में अज्ञात चोरों द्वारा दिनांक 06 सितम्बर व 09 सितम्बर की देर शाम को चोरी हो जाने के सम्बन्ध में सूचना दी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया। इस क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अभियुक्त की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तों को कृषि विश्वविद्यालय



पेट्रोल पंप के पास पुलिया से गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया तथा उनके कब्जे से अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस व चोरी का सामान बरामद किया गया। **बरामदगी**-1 अवैध तमंचा 315 बोर, 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर,1 स्टेपनी मय टायर,1 रिम (ट्रक का),1 मोटर साइकिल ( घटना में प्रयुक्त)

**गिरफ्तार अभियुक्त**-रामकुमार अहिरवार पुत्र घसीटा अहिरवार निवासी ग्योढी थाना खन्ना जनपद महोबा।, मूलचन्द्र अहिरवार पुत्र बेटू अहिरवार निवासी अम्बेडकरनगर (गौहारी) थाना कबरई जनपद महोबा। **गिरफ्तारी करने वाली टीम**-राजेश कुमार मौर्य चौकी प्रभारी विश्वविद्यालय, हे0का0 सत्येन्द्र कुमार, का0 ऋषभ सोनी, का0नवीन आदि मौजूद रहे।

# लूट के दो गुनाहगारों को सात-सात साल की सजा के साथ ही हुआ बारह हजार का जुर्माना

**दोनों बदमाशों ने दस साल पहले रोडवेज बस कंडक्टर के बैग से 12 हजार रुपये लूटकर वारदात को दिया था अंजाम**

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

ललपुरा के उजनेड़ी गाँव में दस साल पहले रोडवेज बस कंडक्टर के बैग से 12 हजार रुपये लूट कर भागने वाले दो बदमाशों को सात-सात साल की सजा के साथ ही हुआ बारह हजार का जुर्माना। दरअसल 6 जुलाई 2015 को उस वक्त अफरा तफरी मच गई, जब राठ से कानपुर जा रही रोडवेज बस नम्बर यूपी 95-डी0 2678 को दिन के करीब 3-30 बजे उजनेड़ी गाँव में कुछ लोगों ने हाथ देकर रुकवा लिया, बस रुकने के बाद कुछ अज्ञात लोगों ने बस में चढ़कर अचानक कंडक्टर गौरीशंकर को पीटने के साथ ही उसकी टिकट मशीन छीनकर उसके सर पर पटकने के साथ ही उसका बैग जिसमें करीब बारह हजार रुपये रक्खे थे, छीन कर भाग गये। जिनको धनौरी निवासी बस





के ड्राइवर नाथूराम ने पहचान लिया था।

ये बातें बस कंडक्टर गौरीशंकर ने ललपुरा थाने में दी गई अपनी लिखित तहरीर में कहीं थीं। पीड़ित कंडक्टर की तहरीर पर ललपुरा पुलिस ने उजनेड़ी निवासी मुल्जिम दीपू सिंह पुत्र लाखन सिंह सहित सूर्य प्रसाद विश्वकर्मा पुत्र शिवस्वरुप विश्वकर्मा के खिलाफ 6 जुलाई 2015 को मुकदमा अपराध संख्या-- 393/15 धारा- 394,353, 332,411 आईपीसी के तहत संगीन धाराओं में दर्ज किया गया था। जबकि लूट का मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने 8 जुलाई 2015 को दोनों मुल्जिमों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

वहीं ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत हमीरपुर की डकैती अदालत के स्कालर जज अनिल कुमार खरवार ने मुल्जिम दीपू सिंह और सूर्य प्रसाद विश्वकर्मा को गुनाहगार मानते हुये सात-सात साल की सजा के साथ ही छः-छः हजार रुपये का जुर्माना सुनाया। वही लूट के इस मामले के जांच अधिकारी तत्कालीन एस आई कम्बोद सिंह ने अपनी जांच पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी। जबकि अभियोजन की तरफ से अदालत में पैरवी करते हुये एडीजीसी राजेश कुमार तिवारी ने दोनों मुल्जिमों को सख्त सजा दिये जाने की मांग की थी।

# डीएम जे.रिभा ने तिंदवारी स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । बांदा**

आम जनमानस को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो इस उद्देश्य से दिनांक 10 सितंबर को जिलाधिकारी जे.रिभा द्वारा प्राथमिक समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिन्दवारी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित चिकित्साधिकारी को नियमित रूप से ओ0पी0डी0 में मरीजों को देखने, प्रसव के उपरान्त जच्चा-बच्चा का समुचित उपचार करने एवं परिसर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय बिना किसी सूचना के स्वास्थ्य केन्द्र से अनुपस्थित पाये गये प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 सर्वजीत सिंह के विरूद्ध जिलाधिकारी ने कार्यवाही हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये। अभी बीते कुछ दिनों पूर्व मीडियाकर्मी से बातचीत की की रिकार्डिंग की वायरल हुई थी जिसमे चिकित्साधिकारी सर्वजीत पटेल द्वारा उत्तेजित हो मीडियाकर्मियों को अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया था।

# बच्चों को कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

शासन के निर्देशानुसार ''संकल्प'' हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना टीम द्वारा चलाए जा रहे 10 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कंपोजिट जूनियर विद्यालय लोढ़वारा में पोक्सो अधिनियम थीम पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को कानूनी अधिकारों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। कार्यशाला में टीम द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार, स्वास्थ्य का अधिकार, बाल श्रम से सुरक्षा का अधिकार सहित अन्य अधिकारों की जानकारी देते हुए जागरूक किया। साथ ही बाल विवाह की रोकथाम, बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल यौन शोषण की रोकथाम के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 डायल करने को कहा। इस दौरान बालिकाओं को बाल विवाह के कारण उनके स्वास्थ्य पर पडने वाले प्रभावों के बारे में बताया गया। बताया गया कि बच्चों को यौन उत्पीड़न और अपराधों से बचाने के लिए पोक्सो एक्ट बनाया गया है, जो विशेष कानून है। इसके अलावा बच्चों व अध्यापिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मातृ वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, मिशन शक्ति के तहत घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, वीमेन पावर नंबर 1090, पुलिस हेल्प लाइन 112, साइबर क्राइम 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, एंबुलेंस सेवा 102 की जानकारी दी गई।

# पुलिस द्वारा कांग्रेस पदाधिकारियों को किया गया हाउस अरेस्ट



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा बनारस में आयोजित यात्रा में शामिल न होने के लिए जिला कौंग्रेस समिति के पदाधिकारियों को पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट किया गया। पुलिस द्वारा की गई इस कार्यवाही की कांग्रेसियों ने कड़ी निंदा की है। बनारस में राहुल गांधी द्वारा आयोजित यात्रा में शामिल न होने देने के लिए पुलिस द्वारा पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पाण्डेय व उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया को हाउस अरेस्ट किया गया। हाउस अरेस्ट होने पर पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम न केवल अलोकतांत्रिक है, बल्कि तानाशाही मानसिकता को भी उजागर करता है। विरोध प्रदर्शन करना और जनहित के मुद्दे उठाना किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन भाजपा सरकार जनता से जुड़े सवालों से भाग रही है और सच्चाई सामने आने से डर रही है। उन्होंने इसकी कड़ी निंदा करते हुए जनता से एकजुट होने की अपील की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार ने पुलिस भेजकर कांग्रेस पदाधिकारियों को हाउस अरेस्ट करवाया है। भाजपा सरकार का यह कदम न केवल अलोकतांत्रिक है। कहा कि मोदी सरकार जनता से जुड़े सवालों से भाग रही है और सच्चाई सामने आने से डर रही है। उन्होंने इस अलोकतांत्रिक कार्रवाई की निंदा करते हुए आवाज बुलंद करने की बात कही है।

# राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन ने उपजिलाधिकारी को 6 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

बबेरू राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौप कस्बे की समस्या जल्द निपटने मांग की।

तहसील अध्यक्ष राजेश साहू के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार को 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंप कर मांग की गयी। बबेरू ग्रामीण में लगी स्ट्रीम स्ट्रीट लाइटे ठीक करायी जाएं जिससे आने जाने वाले राहगीरो एवं व्यापारियों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। औगासी व मर्का रोड के टेंपो स्टैंडो को सड़क किनारे से



हटकर रावण तालाब के पास स्थापित किया जाए। कस्बे को जाम की समस्या से निजात दिलाया जाए। बबेरू कस्बे व ग्रामीण में पुलिस गस्त बढ़ाई जाए जिससे इस समय व्याप्त अफवाहों से लोग भयभीत न हो।नवीन गल्ला मंडी मे राजस्व विभाग द्वारा पकड़े गए वाहनों को मंडी के पीछे साइड खड़ा कराया जाए जिससे व्यापारियों और किसानों को आने जाने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े।विद्युत विभाग में लाईनमैनों की संख्या बढ़ाई जाए जिससे विद्युत कार्य बाधित न हो सके। इस दौरान श्रीराम गुप्ता, राजेश साहू, अरविंद कसौधन, सुधीर अग्रहरि, श्यामाचरण अग्रहरि, नरेंद्र मन्ना, संजय प्रजापति, संतोष कुशवाहा उपस्थित रहे। वहीं उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार त्यागी ने सभी मांगों पर जल्द निराकरण का आश्वासन दिया है।

# डीएम ने बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता लेखराज सिंह की तनख्वाह रोकने के दिये आदेश

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

कर-करेत्तर मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने आबकारी, विद्युत, स्टाम्प निबंधन, वाणिज्यकर, परिवहन, विद्युत, खनन, नगर निकायों के अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुये कहा कि काम में खास दिलचस्पी लेकर टारगेट के मुताबिक टैक्स इकट्ठा करना तय करें। साथ ही सभी विभाग शासन के दिये गये टारगेट को पूरा करें, ताकि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग पर किसी तरह का गलत असर न पड़े। कर करेत्तर के काम में किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाय, वरना कार्यवाही के लिये तैय्यार रहें। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा सीएम डैशबोर्ड पर विद्युत विभाग की %सी% रैंक आने के साथ ही काम में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता विद्युत की तनख्वाह पर रोक लगाने के निर्देश दिये। साथ ही दूसरे विभागों को भी निर्देश दिया कि जिन विभागों की प्रोग्रेस बेहतर है, वो उसे आगे भी बेहतर बनाये रखें, वरना लापरवाही करने पर कार्यवाही के लिये तैय्यार रहें।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के पैंडिंग मामलों की गहराई से समीक्षा करते हुये उनके डिस्पोजल के जरूरी निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को निर्देश देते हुये कहा कि राजस्व के पैंडिंग मामलों का बेहतर तरीके से वक्त पर डिस्पोजल करें। साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और आइजीआरएस से मिली शिकायतों का वक्त पर निपटारा करें। साथ ही कहा कि आइजीआरएस को नियमित तौर पर देखने के साथ ही उसका बेहतरीन और पूरे तौर पर निपटारा करें, ताकि लोगों को बार-बार कलेक्ट्रेट और तहसील के चक्कर न लगाने पड़ें।

शिकायत के निपटारे के दौरान मौके पर जाकर पीड़ित से रुबरु होकर शिकायत का डिस्पोजल करें। साथ ही कहा कि प्रदेश की रैंकिंग में जिला टॉप 10 में बना रहे, इसके लिये जरुरी है कि सीएम डैशबोर्ड पर किसी भी तरह की पेंडेंसी न रहे। किसान दुर्घटना बीमा योजना के मामलों का वक्त पर डिस्पोजल किया जाये। साथ ही कहा कि सभी एसडीएम को हिदायत देते हुये कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के तहत सरकारी जमीनों की पहचान कराकर महफूज कर दें, ताकि उस पर अवैध कब्जे न हो सकें।

# डीएम ने बैठक कर की जिला स्वास्थ्य समिति के कार्यों की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने सरकारी योजनाओं व समिति के कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में डीएम ने जिलाधिकारी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर, दवाओं की उपलब्धता, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम सहित योजनाओं व समिति के कार्यों की समीक्षा की। रामनगर ब्लाक में माह अगस्त में पंजीकरण के सापेक्ष बहुत कम डिलीवरी होने पर डीएम ने सीडीओ से कहा कि इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी से स्पष्टीकरण लिया जाए। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि छूटे हुए बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराए तथा डब्ल्यूएचओ के अधिकारियों को जो छूटे हुए बच्चों की सूची प्रभारी चिकित्साधिकारियों को उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही आशाओं का चयन पूरा कराने के भी निर्देश दिए। सीएमओ से कहा कि जिन बच्चों की बिना टीकाकरण के मृत्यु हुई है, वहां की संबंधित एएनएम व आशा की जिम्मेदारी तय की जाए और यह सुनिश्चित कराया जाए की कोई भी बच्चा टीकाकरण से छूटना नहीं चाहिए तथा इसका अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों के माध्यम से निरीक्षण भी कराया जाए।

जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के टीकाकरण की जानकारी प्रधानाचार्यो से लें। नोडल अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान बंद पाए गए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई कराने तथा कमियों को ठीक कराने के निर्देश दिए। कहा कि ओपीडी व ठीक होने वाली मरीज की संख्या की सूचना रखें। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारियों से कहा कि लैप्रोसी केस डिडक्शन कैंपेन कराने के लिए माइक्रोप्लान तैयार कर जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से समन्वय स्थापित करके कराए। कहा कि अस्पतालों में सही से वाल पेंटिंग कराएं तथा उसकी फोटोग्राफ्स भी रखें। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए तथा एएनएम व आशाओं को गुणवत्ता परख प्रशिक्षण दिए जाने के लिए सीएमओ को निर्देशित किया। सीडीओ से कहा कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में कराए जाने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा करें तथा जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी इसमें शामिल करें। सीएमओ को आडिट आपत्तियों की निस्तारण आख्या दिखाने व त्याग पत्र देने वाले चिकित्सकों व फार्मासिस्ट की जगही भर्ती कराने के निर्देश दिए।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश में चला सभी थानों में पैदल गस्त व चेकिंग अभियान



**जन एक्सप्रेस/बांदा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश में जिले में शांति व्यवस्था हेतु समस्त थानों व कस्बों में पुलिस द्वारा पैदल गस्त व चेकिंग अभियान चलाया गया।व शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आम जनमानस को सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने हेतु सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक द्वारा थाना कोतवाली नगर पुलिस बल के साथ मुख्य बाजारों, भीड़-भाड़ आदि स्थानों किया गया पैदल गश्त।

# आज दिया जाएगा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण: एडीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि 12 सितम्बर शुक्रवार को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों व बूथ लेविल अधिकारियों को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टरेट सभागार में निर्वाचक नामावली से संबंधित विषय पर जिला स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

बताया कि तहसीलदार कर्वी चन्द्रकांत तिवारी, तहसीलदार राजापुर भारत प्रताप सिंह, नायाब तहसीलदार कर्वी मंगल यादव, खण्ड शिक्षा अधिकारी चित्रकूट अतुल दत्त तिवारी व खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाडी राजेश कुमार गुप्ता विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 236 चित्रकूट के तथा तहसीलदार मऊ राम सुधार, तहसीलदार मानिकपुर दयाशंकर वर्मा, नायाब तहसीलदार मऊ हिमांश द्विवेदी, खण्ड शिक्षा अधिकारी मऊ कृष्ण दत्त पाण्डेय व खण्ड शिक्षा अधिकारी मानिकपुर मिथिलेश कुमार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 237 मानिकपुर के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा बूथ लेविल अधिकारियों को निर्वाचक नामावली से संबंधित विषय पर आगामी पुनरीक्षण के दृष्टिगत जनपद स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें निर्वाचक नामावलियों से सम्बन्धित विधिक प्रावधानों, बीएलओ ऐप, ईआरओ नेट/आईटी की विविध गतिविधियों, उनके दायित्व एवं कर्तव्यों इत्यादि के बारे मे अवगत कराया जाएगा तथा प्रशिक्षण के बाद सम्बन्धित प्रतिभागियों की मूल्यांकन परीक्षा भी करायी जाएगी।

# छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के सम्बन्ध में संस्था प्रभारियों के साथ की गई बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पूर्व दशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत मास्टर डाटा लाक करने के संबंध में जनपद स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें योजना से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी दी गई।

बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी ने पूर्व दशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना की जानकारी देते हुए पात्रता के संबंध में बताया कि ऐसे छात्र जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी है, जिन्होंने यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड, एनआईओएस बोर्ड, अलीगढ़ बोर्ड अथवा संस्कृत बोर्ड लखनऊ से हाईस्कूल उत्तीर्ण किया है तथा शैक्षिक सत्र में जिनकी उपस्थिति 76 प्रतिशत व इससे अधिक है, वही योजना में आवेदन करने हेतु पात्र हैं। आय सीमा के संबंध में बताया कि पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना में अनुसूचित जाति/जनजाति व सामान्य वर्ग के छात्रों की वार्षिक आय सीमा 2.50 लाख रुपये तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में अनुसूचित जाति/जनजाति वर्गों के छात्रों के लिए 2.50 लाख रुपये व सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक आय सीमा 2.00 लाख रुपये है। बताया



कि इस वर्ष छात्रों के आनलाइन आवेदन के लिए ओटीआर की व्यवस्था लागू की गयी है, जो सभी विद्यार्थियों को करना अनिवार्य है। बायोमैट्रिक आथेन्टिकेशन के संबंध में बताया कि योजना से जुड़े समस्त संस्थाओं के प्रधानाचार्य, प्राचार्य व नोडल अधिकारी (छात्रवृत्ति) को संस्था लागिन से ई-केवाईसी करने के बाद समाज कल्याण कार्यालय में उपस्थित होकर बायोमैट्रिक अथेन्टिलेशन कराना है। इसके बाद संस्था लागिन से आनलाइन आवेदन अग्रसारित करने से पूर्व विद्यार्थियों का भी बायोमैट्रिक आथेन्टिकेशन कराना है। सीडीओ ने सम्बन्धितों को निर्देशित किया कि किसी भी दशा में संस्था द्वारा किसी विद्यार्थी का आवेदन लम्बित नहीं रखा जायेगा। बताया कि समय सारिणी के तहत निर्धारित तिथियों में पात्रता के स्तर पर आनलाइन आवेदन रिसीव करते हुए अग्रसारित अथवा निरस्त किया जाना अनिवार्य है। डाटा लम्बित रखने पर संबंधित संस्थाओं के प्राचार्य, प्रधानाचार्य व नोडल पर कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर सहित संबंधित अधिकारी व विद्यालयों के प्राचार्य व प्रधानाचार्य आदि मौजूद रहे।



### नेपाल की जेल में झड़पों में तीन की मौत...

नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध और भ्रष्टाचार के खिलाफ युवाओं के विरोध प्रदर्शन ने देश की राजनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह बदल कर रख दिया। सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के बीच हालात लगातार बेकाबू होते जा रहे हैं। इसका साफ-साफ असर अब... पढ़ें पेज 12 पर...

# जहां दबंग, वहां निर्माण जहां गरीब, वहां बुलडोज़र

## नाका हिंडोला से सहादतगंज तक अवैध निर्माण का खेल, काकोरी में बुलडोज़र की तानाशाही



जोन-7 में कामर्शियल काम्पलेक्स का निर्माण


जोन-3 में अवैध प्लाटिंग पर बुल्डोजर कार्यवाही


नाका हिंडौला में हो रहा अवैध निर्माण

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

राजधानी में एलडीए की कार्यवाही अब कानून से ज्यादा तानाशाही और पक्षपात जैसी लगने लगी है। तस्वीर साफ़ है जहां दबंग और रसूखदार बिल्डर हैं, वहां अवैध निर्माण खुलेआम जारी है और अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। जहां गरीब या आम लोग हैं, वहां बुलडोज़र चलाकर घर उजाड़ दिए जाते हैं। यानी राजधानी में एलडीए की सख़्ती नहीं, बल्कि दोहरा चेहरा काम कर रहा है।

### नाका हिंडोला: नोटिस नाकाम

- नाका हिंडोला क्षेत्र में दबंगों का कब्ज़ा इस कदर है कि एलडीए की नोटिसबाज़ी मज़ाक बनकर रह गई है।
- दो-दो बार नोटिस थमाए गए, लेकिन गहरे बेसमेंट की खुदाई और अवैध निर्माण का कार्य लगातार जारी है।
- स्थानीय निवासियों का आरोप है कि सीलिंग के नाम पर डीलिंग का धंधा चल रहा है।
- नये जेई सुनील कुमार पर बातचीत और लेन-देन के सहारे निर्माण माफ़ियाओं को संरक्षण देने का आरोप है।

### सहादतगंज: फर्जी बोर्ड तले खड़ी इमारत

इसी बीच, सहादतगंज वार्ड (जोन-7) में बिना स्वीकृति के बहुमंजिला व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स खड़ा किया जा रहा है। निर्माण स्थल पर एलडीए की स्वीकृति का बोर्ड भी टंगा है, जिसे सूत्र फर्जी और जाली बता रहे हैं।

**प्रश्न उठता है:** क्या एलडीए जानबूझकर आंखें मूंदे हुए है? या फिर यह मिलीभगत का खुला खेल है?

**काकोरी:** बुलडोज़र का तमाशा उधर, उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के आदेश पर प्रवर्तन जोन-3 की टीम ने काकोरी क्षेत्र में करीब 15 बीघा में फैली तीन अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कर दी। बुलडोज़र की गड़गड़ाहट का संदेश यह था कि एलडीए अवैध कब्ज़ों पर सख़्त है।

**लेकिन सवाल गूंज रहा है**

- सख़्ती सिर्फ़ गरीबों और कमज़ोरों तक क्यों सीमित है?
- सहादतगंज और नाका हिंडोला में बुलडोज़र क्यों नहीं चलता?

### जनता की आवाज़

- गरीब की झोपड़ी पर बुलडोज़र, दबंगों की इमारत पर चुप्पी– यही है एलडीए का न्याय!
- फर्जी बोर्ड टंगा है, निर्माण जारी है और अधिकारी आंखें मूंदे हैं ये सीधे-सीधे भ्रष्टाचार है।
- अगर एलडीए सचमुच ईमानदार है तो सहादतगंज और नाका हिंडोला में भी बुलडोज़र चलाकर दिखाए।

### नतीजा: एलडीए की तानाशाही बेनकाब

- पूरी राजधानी की तस्वीर साफ़ है– जहां दबंग, वहां निर्माणज जहां गरीब, वहां बुलडोज़र।
- लोगों का गुस्सा उबाल पर है और अब सवाल उठ रहा है कि क्या एलडीए कानून लागू कर रहा है या माफ़ियाओं का संरक्षण कर रहा है।
- अगर सहादतगंज और नाका हिंडोला पर बुलडोज़र नहीं चला तो जनता मान लेगी कि प्राधिकरण खुद भ्रष्टाचार का साझीदार है।

# एलडीए नक्शे की ज़मीन पर माफियाओं का कब्ज़ा प्रशासन बना दर्शक, खुलेआम प्लॉटिंग का खेल

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**




राजधानी की ज़मीनों पर माफियाओं की पैठ कितनी गहरी है, इसका ताज़ा और चौंकाने वाला मामला काकोरी के ग्राम अमेठिया सलेमपुर में सामने आया है। गाटा संख्या 1049, जो कि एलडीए (लखनऊ विकास प्राधिकरण) के नक्शे में दर्ज है, अब जमीन माफियाओं का नया शिकार बन चुकी है। यहां सरकारी जमीन पर खुलेआम प्लॉट काटे जा रहे हैं, कब्ज़ा जमाकर बिक्री की जा रही है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

### दस्तावेज़ों में हेरफेर का खेल

खतौनी रिकॉर्ड साफ़ दिखाता है कि इस गाटा पर फर्जी तरीके से सबसे पहले उत्तराधिकार प्रविष्टि कराई गई। अक्टूबर 2022 में अचानक जमीन को उत्तराधिकार के नाम पर बदल दिया गया और अगस्त 2025 में तहसीलदार स्तर से विक्रय आदेश तक निकाल लिया गया। यानी पहले कब्ज़ा जमाया गया, फिर कागज़ों में खेल कर नाम चढ़ा दिया गया और अब उसी सरकारी जमीन को टुकड़ों में बांटकर प्लॉटिंग शुरू कर दी गई है। सूत्र बताते हैं कि इस पूरे खेल में दया शंकर, विश्वंभर और बधंन इंफ्रा स्टेट प्रा. लि. जैसे नाम सामने आ रहे हैं।

### एलडीए नक्शे में दर्ज ज़मीन पर कैसे मिली इजाज़त?

सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब यह गाटा पहले से ही एलडीए के नक्शे में दर्ज है तो आखिर उस पर प्लॉटिंग और बिक्री की अनुमति किस आधार पर दी गई? क्या तहसील और राजस्व अधिकारी इस खेल से अनजान हैं या फिर सबकुछ मिलीभगत से किया जा रहा है? अगर एलडीए नक्शे की जमीनें भी इस तरह से माफियाओं की मंडी बन जाएंगी तो राजधानी में विकास योजनाओं का भविष्य क्या होगा?

### जनता हैरान - प्रशासन मौन

ग्राम अमेठिया सलेमपुर और आसपास के लोगों का कहना है कि प्रॉपर्टी डीलर खुलेआम जमीन की प्लॉटिंग कर रहे हैं। वहां रोजाना गाड़ियों से लोग आते हैं और जमीन खरीदने-बेचने का खेल चलता है। स्थानीय जनता परेशान है कि सरकारी जमीन और एलडीए नक्शे की जमीन को भी इस तरह हड़पा जा सकता है, लेकिन प्रशासनिक मशीनरी चुप्पी साधे बैठी है।

### पूरा धंधा सुनियोजित-माफियाओं का मास्टर प्लान

स्थानीय लोगों का कहना है कि जमीन माफिया पहले कब्ज़ा करते हैं, फिर कागज़ों में मिलभगत से नाम बदलवाते हैं, उसके बाद बिक्री आदेश पास कराते हैं और फिर धड़ल्ले से प्लॉट काटकर जनता को बेच देते हैं। गाटा 1049 में भी बिल्कुल यही फॉर्मूला अपनाया गया –
कब्ज़ा, नामान्तरण, विक्रय आदेश, प्लॉटिंग, बिक्री।
इस सुनियोजित षड्यंत्र में कहीं न कहीं राजस्व अधिकारियों और तहसील स्तर की भूमिका भी सवालों के घेरे में है।

### सबकी मिलीभगत या सिस्टम की नाकामी?

यह मामला न सिर्फ जमीन माफियाओं का खुला खेल है बल्कि राजस्व और विकास प्राधिकरण के बीच मिलीभगत की बू भी देता है। सवाल यह है कि क्या अधिकारी जानबूझकर आंखें मूंदे हुए हैं या फिर पूरा सिस्टम ही माफियाओं के सामने बेबस हो चुका है?

### खेल कैसे हुआ?

- अक्टूबर 2022 में गाटा संख्या 1049 पर उत्तराधिकार प्रविष्टि कराई गई।
- अगस्त 2025 में विक्रय आदेश तहसीलदार स्तर पर निकलवा लिया गया।
- अब उसी जमीन को टुकड़ों में बांटकर प्लॉटिंग शुरू कर दी गई।
- खुलेआम बिक्री का धंधा चल रहा है, जबकि जमीन एलडीए नक्शे में दर्ज है।

### कौन-कौन शामिल?

- दया शंकर
- विश्वंभर

बधंन इंफ्रा स्टेट प्रा. लि. (सूत्रों के अनुसार इन्हीं नामों से दस्तावेज़ों में हेरफेर कराया गया)

### सबसे बड़े सवाल

- जब गाटा एलडीए नक्शे में दर्ज है, तो प्लॉटिंग और बिक्री की इजाज़त किसने दी?
- क्या तहसील और राजस्व अधिकारी इस खेल से अनजान हैं?
- या फिर सबकुछ मिलीभगत से हो रहा है?

### खुला फर्जीवाड़ा-कार्रवाई शून्य

गाटा संख्या 1049 का पूरा रिकॉर्ड बताता है कि यह मामला सीधा फर्जीवाड़ा है। उत्तराधिकार प्रविष्टि से लेकर विक्रय आदेश तक सबकुछ सवालों के घेरे में है। बावजूद इसके, तहसील प्रशासन से लेकर एलडीए तक किसी भी स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अगर इसी तरह माफियाओं पर शिकंजा नहीं कसा गया तो राजधानी लखनऊ में सरकारी जमीनों पर कब्ज़ा और प्लॉटिंग का धंधा खुलेआम चलता रहेगा।

निष्कर्ष यही कि - अगर गाटा संख्या 1049 जैसे एलडीए नक्शे की जमीन पर खुलेआम कब्ज़ा, प्लॉटिंग और बिक्री का खेल चल सकता है तो यह सिर्फ एक गाटा का मामला नहीं बल्कि पूरे सिस्टम की नाकामी का आईना है।

### जनता की आवाज़

सरकारी और एलडीए नक्शे की जमीन पर भी अगर माफिया कब्ज़ा कर प्लॉटिंग कर देंगे तो आम जनता के लिए कौन बचेगा? **– स्थानीय निवासी**

# लखनऊ की तहज़ीब पर घोर कलंक

## विजय तिवारी-राकेश दुबे का जिस्मफरोशी और ब्लैकमेलिंग साम्राज्य

- राजधानी का हर ग्राहक इनके जाल में कदम रखते ही कैमरे का कैदी बन जाता है

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**


स्पा संचालक का मामा राकेश दुबे


स्पा संचालक विजय तिवारी

नवाबों की तहज़ीब और अदब पर गर्व करने वाला यह शहर आज दो गिद्धों–विजय तिवारी और राकेश दुबे–के चंगुल में कराह रहा है। ये नाम सिर्फ जिस्म सौदागरों के नहीं, बल्कि पूरे लखनऊ के माथे पर दाग बन चुके हैं। इनके अड्डों में घुसते ही ग्राहक दरअसल अपने पैरों से खुद अपनी कब्र में कदम रखता है। क्योंकि वहां से बाहर निकलने के बाद उसकी इज़्ज़त, परिवार और सामाजिक जीवन सब इन दरिंदों के कैमरों की कैद में बंधक बन जाता है।

### स्पा और फ्लैट: दरअसल बर्बादी के ट्रैप

जन एक्सप्रेस की पड़ताल ने सच उघाड़ दिया है। आशियाना, आलमबाग, कृष्णानगर, पकरी पुल, बल्दीखेड़ा और विजयनगर जैसे इलाकों में जो स्पा और किराए के फ्लैट चमकते हैं, वे दरअसल देह व्यापार और ब्लैकमेलिंग की भट्ठियां हैं। ग्राहक को सोशल मीडिया और व्हाट्सऐप से फंसाया जाता है। जैसे ही वह अंदर घुसता है, उसी पल उसकी जिंदगी की रील रिकॉर्डिंग शुरू हो जाती है। बाद में यही फुटेज बनती है–उसकी बर्बादी की स्क्रिप्ट।

### पुलिस की चुप्पी: जिस्म सौदागरों की ढाल

सबको इनका नाम पता है। इलाकों की जनता जानती है। मीडिया कई बार लिख चुका है। फिर भी पुलिस खामोश है। क्यों?

क्या यह चुप्पी महज़ लापरवाही है, या फिर इनकी काली कमाई का हिस्सा वर्दी की जेब में भी जाता है?

### कलम पर वार, पत्रकार भी जाल में फंसे

यह गैंग इतना खतरनाक हो चुका है कि अब पत्रकारों पर भी ब्लैकमेलिंग का हथियार चला रहा है। जन एक्सप्रेस के संवाददाता को ही स्पा सेंटर पर झूठे आरोप लगाकर फंसाने की कोशिश की गई। साफ है–इनके लिए ग्राहक, पत्रकार, आम जनता–सब सिर्फ शिकार हैं।

### सचेत हो जाओ–वरना बरबाद हो जाओगे

यह धंधा सिर्फ वेश्यावृत्ति नहीं है। यह आपकी इज़्ज़त का सौदा है। इनके चक्कर में पड़ना मतलब अपनी बीवी-बच्चों, दोस्तों, समाज और करियर सबको बर्बाद कर देना। आज वीडियो आपके खिलाफ हथियार है, कल यह फुटेज आपकी ज़िंदगी का सबसे बड़ा कलंक बन जाएगी।

### जनता के नाम चेतावनी

अब लखनऊ की हर गली में यह आवाज़ उठनी चाहिए... जो इन अड्डों पर जाएगा, वह अपनी इज़्ज़त खुद लुटवाएगा। जन एक्सप्रेस जल्द ही विजय तिवारी-राकेश दुबे के सभी ठिकानों की पूरी लिस्ट उजागर करेगा। ताकि जनता पहचान सके कि कौन-सी जगह स्पा नहीं बल्कि इज़्ज़त का कब्रिस्तान है।

# लखनऊ कौशल महोत्सव 16-17 सितंबर आयोजन 7500 मिलेगा रोजगार: नीरज सिंह

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने आज कौशल महोत्सव - लखनऊ 2025 के तीसरे संस्करण की घोषणा की, जो 16 और 17 सितंबर को कॉल्विन तालुकदार्स कॉलेज ग्राउंड, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं शिक्षा मंत्रालय के राज्य मंत्री जयन्त चौधरी, और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा कि लखनऊ में कौशल महोत्सव का तीसरा संस्करण मंत्रालय की उस प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो युवाओं के लिए कौशल और अवसरों को जोड़कर सार्थक मार्ग प्रशस्त करने में लगी है। यह उत्तर प्रदेश के युवा कार्यबल को सम्मान, आकांक्षा और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता से सशक्त बनाने की एक प्रेरक पहल है। जैसे हम विकसित भारत 2047 के विजन की ओर बढ़ रहे हैं, हमारा मिशन है कि हर युवा को सीखने, कमाने और उभरने का अवसर मिले। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर लखनऊ में आयोजित कौशल महोत्सव 2025 में युवाओं को 7,500 से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

# लखनऊ पेपर मर्चेंट्स एसोसिएशन ने वित्त मंत्री व जीएसटी आयुक्त से की मुलाकात, कागज़ व्यापार पर उठाए मुद्दे



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

लखनऊ पेपर मर्चेंट्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना से मिला और कागज़ व्यापार पर लागू जीएसटी की विसंगतियों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उपाध्यक्ष संजय काबरा ने किया। मंत्री ने इस मामले को गंभीरता से लिया और वाणिज्य कर (जीएसटी) आयुक्त नितिन बंसल से दूरभाष पर बातचीत कर मामले को नई दिल्ली तक पहुंचाने का निर्देश दिया। ज्ञापन आयुक्त को भी भेजा गया। इसके बाद एसोसिएशन के प्रतिनिधि आयुक्त नितिन बंसल से भी मुलाकात की। आयुक्त ने उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि वह इसे केंद्र स्तर पर उठाकर समाधान की दिशा में प्रयास करेंगे। असोसिएशन ने सरकार से कागज़ की आपूर्ति को अंतिम उपयोग के आधार पर अलग करने की व्यवस्था को व्यावहारिक नहीं मानते हुए बताया कि इससे दुरुपयोग, मुकदमेबाजी और भ्रष्टाचार बढ़ेगा। साथ ही, बिल ऑफ सप्लाई पर ई-इन्वॉइसिंग लागू न होने से राजस्व हानि की भी आशंका जताई गई। उन्होंने कागज़ और अभ्यास पुस्तिकाओं पर समान 5त्न जीएसटी दर लागू करने की मांग की, ताकि व्यवसायियों को राहत मिल सके और अनुपालन प्रक्रिया सरल हो। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष अमर प्रकाश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय काबरा, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, सदस्य विष्णु अग्रवाल और सौरभ अग्रवाल शामिल थे।

# सैरपुर पुलिस ने मिट्टी खनन कर रहे दो डंफर को किया सीज

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र अंतर्गत अवैध मिट्टी खनन रात के अंधेरे में चोरी चुपके धड़ल्ले से किया जाता हैं। बता दें कि बीते बुधवार देर रात बीकेटी तहसील की राजस्व टीम व सैरपुर की पुलिस संयुक्त टीम ने सैरपुर थाना क्षेत्र के रैथा गांव के पास मिट्टी खनन कर रहे व मिट्टी लदे दो डंफरों को पुलिस ने सीज कर कार्रवाई की है। सैरपुर थाना क्षेत्र में रात के अंधेरे में अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर बीकेटी तहसील की राजस्व टीम व सैरपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार कोरी मय पुलिस टीम के साथ रैथा गांव के पास अवैध मिट्टी खनन कर रहे दो डंफरों को चीज कर दिया। जिससे मिट्टी खनन कर रहे ठेकेदारों में हड़कंप मच गया। वही जानकारी के अनुसार, बीकेटी तहसील क्षेत्र में मिट्टी खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है, जिससे सड़क पर डंफरों के दौड़ने से राजगीरों को काफी परेशानी होती है।

# प्राथमिक विद्यालय की अलमारियों में रखा सामान चोरी, प्रधानाध्यापिका ने की शिकायत

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक व्याप्त है। लगातार हो रही चोरियों ने पुलिस सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। जहां चोरों ने परिषदीय प्राथमिक विद्यालय और अलमारियों का ताला तोड़कर विद्यालय में रखे सामान चोरी कर ले गए। इस सम्बन्ध में प्रधानाध्यापक ने बीकेटी थाना में लिखित तहरीर दी है। बीकेटी थाना क्षेत्र परिषदीय प्राथमिक विद्यालय इन्दौराबाग बीकेटी में चोरों ने विद्यालय के कार्यालय तथा कमरों रखी अलमारियों का ताला तोड़कर प्रधानाध्यपिका की अलमारी में रखा टेबलेट जोकि सहायक अध्यापिका विजय लक्ष्मी को विभाग द्वारा प्राप्त कराया गया था जिसका ढ्ढरूश्वढ्ढ ठ्ठश्-352140190170409616 है चोरी कर ले गये। सहायक अध्यापिका हबीबा हामिद की अलमारी मे रखा ब्लूटूथ स्पीकर भी अज्ञात चोर ले गये।

# विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज में 21वीं सदी के मानव विकास पर व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**




विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक भाषण और दक्षिण अफ्रीका में महात्मा गांधी द्वारा सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत की स्मृति में, विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज ने आज अपनी पहली व्याख्यानमाला व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया। मानव समाज का विकास 21वीं सदी विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षाविदों, छात्रों और गणमान्य व्यक्तियों ने मानविकी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित अंतःविषय अंतर्दृष्टि का अन्वेषण किया। कॉलेज परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम ने तीव्र वैश्विक परिवर्तनों के बीच सामाजिक प्रगति पर विचारोत्तेजक संवाद को बढ़ावा दिया। प्रबंधक श्री शिवाशीष घोष और प्राचार्य प्रो. धर्म कौर के तत्वावधान में हिंदी विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में ऐतिहासिक प्रेरणा को समकालीन चुनौतियों के साथ जोड़ने की कॉलेज की प्रतिबद्धता पर बल दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक समिति द्वारा समन्वित छात्रों द्वारा प्रस्तुत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई, जिसमें भारत की दार्शनिक विरासत का सम्मान करते हुए पारंपरिक प्रस्तुतियों के साथ एक चिंतनशील माहौल तैयार किया गया। माननीय प्रबंधक श्री शिवाशीष घोष और प्रधानाचार्या प्रो. धर्म कौर ने स्वागत भाषण दिए। उन्होंने आज के विश्व में विवेकानंद के विश्व बंधुत्व के संदेश और गांधीजी के अहिंसक प्रतिरोध की प्रासंगिकता पर बल दिया। उद्घाटन भाषण मुख्य अतिथि, लखनऊ स्थित रामकृष्ण मिशन के माननीय स्वामी मुक्तिदानन्द ने दिया। वे युवाओं में आध्यात्मिकता और ध्यान को बढ़ावा देने के लिए जाने जाते हैं, और उन्होंने आंतरिक शांति के लिए इन प्रथाओं की ओर बढ़ते आकर्षण को भी रेखांकित किया। अपने भाषण में, उन्होंने प्राचीन भारतीय ज्ञान और आधुनिक सामाजिक विकास के बीच समानताएँ रेखांकित कीं और उपस्थित लोगों को तकनीकी प्रगति के साथ नैतिक मूल्यों को एकीकृत करने के लिए प्रेरित किया। राज्य सूचना आयुक्त प्रो. दिलीप अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में कहा कि, ÷स्वामी विवेकानंद ने राष्ट्रीय स्वाभिमान की भावना को प्रज्वलित किया और उपनिवेशित भारत को उसकी समृद्ध विरासत की याद दिलाई। राजनीतिक रूप से पराधीन होने के बावजूद, भारत की सांस्कृतिक संप्रभुता अडिग रही। उनका जीवन और कार्य राष्ट्रवाद की प्रेरणा देते हैं और मानवता के कल्याण को वसुधैव कुटुम्बकम के मूल सिद्धांतों में समाहित करते हुए वैचारिक ऊर्जा का संचार करते हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के अंतरराष्ट्रीय स्तर के युवा वैज्ञानिक प्रो. अमृतांशु शुक्ला का सम्मान समारोह एक विशेष कार्यक्रम था। प्रो. शुक्ला, परमाणु भौतिकी और तापीय ऊर्जा भंडारण के विशेषज्ञ प्रोफेसर हैं। डॉ. भूपेंद्र सचान द्वारा प्रशस्ति पत्र वाचन के बाद, प्रो. शुक्ला ने श्रोताओं को संबोधित किया और स्वदेशी और प्रौद्योगिकी के सतत उपयोग तथा 21वीं सदी में मानव सभ्यता पर उनके प्रभाव पर अपने विचार साझा किए। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ के राजनीति विज्ञानी प्रो. रिपुसूदन सिंह ने भारतीय सभ्यता और पश्चिम व अन्य देशों की सभ्यता की तुलना की। छात्रों ने भाषणों के साथ सक्रिय रूप से भाग लिया और सामाजिक विकास में युवाओं की भूमिका पर नए दृष्टिकोण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रो. ध्रुव कुमार त्रिपाठी, प्रो. अमित वर्धन, प्रो. आलोक भारद्वाज, प्रो. सुरभि शुक्ला, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. शालिनी साहिनी, श्रीमती सिमता मिश्रा आदि के अतिरिक्त व्याख्यान भी शामिल थे। प्रो. बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कार्यवाही का संचालन किया। कार्यक्रम का समापन प्रो. राजीव शुक्ला द्वारा सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उपस्थित लोगों में स्रुञ्ज के अध्यक्ष प्रो. मनोज पांडे, स्रुञ्ज महामंत्री प्रो.अंशु केडिया, शिक्षक, विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षक, छात्र, सम्मानित नागरिक और मीडिया प्रतिनिधि शामिल थे।

# सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को लेकर शिक्षकों ने जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश से शिक्षकों में आक्रोश है। अदालत ने 1 सितंबर 2025 को निर्णय दिया है कि देश के सभी शिक्षकों को आगामी दो वर्षों में टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) पास करनी होगी, अन्यथा उनकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

इस आदेश से वे शिक्षक भी प्रभावित होंगे जिनकी नियुक्ति 23 अगस्त 2010 से पूर्व हुई थी और जिन्होंने वर्षों तक शिक्षा सेवा में योगदान दिया है। जबकि आरटीई अधिनियम 2009 की धारा 23 (1) और एनसीटीई की 2010 की अधिसूचना के अनुसार, उस तिथि से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट प्राप्त है। जानकारी के अनुसार 10 सितंबर को यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के बैनर तले बड़ी संख्या में शिक्षक जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन अपर उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सरोज को दिया गया। शिक्षक नेताओं ने मांग की कि सरकार संशोधित अधिनियम लाकर पुराने शिक्षकों को राहत दे तथा सुप्रीम कोर्ट में प्रभावी पैरवी कर पुनर्विचार याचिका दाखिल करे। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा न होने पर लाखों परिवारों का भविष्य संकट में आ जाएगा। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष देव कुमार मिश्र, महामंत्री अशोक कुमार सिंह, संयोजक अभिषेक ओझा, उपाध्यक्ष फैजान अंसारी, पीयूष शर्मा, सचिन शुक्ला, बाबू लाल, कौशल कुमार, आशीष कुमार समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## डा0 अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच ने सांसद राहुल गांधी को सौंपा मांग-पत्र

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** डा0 अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच के जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी राम किशन पासी ने जनपद के सांसद एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के रायबरेली आगमन पर मंच के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ भेंट कर जनपद रायबरेली की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। गांधी ने मांग-पत्र के उल्लिखित शिकायतों के निदान किए जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। पासी ने दिये गये मांग-पत्र के माध्यम से कहा कि जनपदवासियों का यह गौरव है कि आप रायबरेली संसदीय क्षेत्र का नेतृत्व कर रहे है। शहर रायबरेली में ऐसा कोई भी मार्ग नहीं है, जहाँ सड़के, क्षतिग्रस्त न हों, इन्ही क्षतिग्रस्त सड़कों के कारण प्रतिदिन अनेकोंनेक अप्रिय घटनायें घटित होती है, किन्तु खेद है कि जिला प्रशासन रायबरेली इन खराब सड़कों की मरम्मत के बाबत कोई भी ध्यान नहीं देता है।

# एमडीके बालिका इंटर कॉलेज में तीन स्काउट गाइड शिविर का समापन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में गुरुवार को महारानी देवेंद्र कुंवरि बालिका विद्यालय में तीन दिवसीय स्काउट और गाइड शिविर का समापन किया गया।

जानकारी के अनुसार 11 सितंबर को जिला विद्यालय निरीक्षक एवं मुख्य आयुक्त स्काउट और गाइड जनपद बलरामपुर मृदुला आनन्द के मार्गदर्शन में तथा प्रधानाचार्या एवं जिला संगठन कमिश्नर गाइड साधना पाण्डेय के संयोजन में शानदार तीन दिवसीय प्रथम व द्वितीय प्रशिक्षण शिविर एमडीके बालिका इण्टर कालेज में सम्पन्न हुआ । शिविर में छात्राओं को तम्बू निर्माण, बिना बर्तन के भोजन बनाने का प्रशिक्षण दिया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राकेश प्रताप सिंह प्रधानाचार्य एम पी पी इण्टर कालेज बलरामपुर एवं स्काउट और गाइड के जिला सचिव मोहिउद्दीन अहमद सिद्दीकी तथा जिला संगठन कमिश्नर स्काउट सिराजुल हक व विद्यालय की कर्मठ गाइड कैप्टन नीलम भारती, स्मिता पाठक, सुनीता गौतम, अरुणिमा पाण्डेय, प्रगति श्रीवास्तव, सारिका श्रीवास्तव, सर्वेश सिंह व अन्य छात्राएं सभी अध्यापिकाएं तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आमंत्रित व्याख्यान कार्यक्रम का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम हाल में गुरुवार को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आमंत्रित व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 11 सितंबर को एमएलके पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा महाविद्यालय सभागार में एक आमंत्रित व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, प्राचार्य, स्वायत्तशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज, बलरामपुर रहे, जिन्होंने **एप्लिकेशन ऑफ डी.एन.ए. फिंगरप्रिंटिंग** विषय पर विस्तार से व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन ने मुख्य अतिथि एवं सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए डॉ. चतुर्वेदी का परिचय कराया। उन्होंने बताया कि डॉ. चतुर्वेदी ने बोस्टन विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त किया है। साथ ही 12 वर्षों तक मधुमेह विज्ञान में नैदानिक अभ्यास किया है।

डॉक्टर चतुर्वेदी के 20 से अधिक शोध एवं समीक्षा लेख राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं तथा उन्होंने कई छात्रों का मार्गदर्शन भी किया है। उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. चतुर्वेदी ने डी.एन.ए. रिपीटेटिव सीक्वेंस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डी.एन.ए. फिंगरप्रिंटिंग न केवल बीमारियों की पहचान में बल्कि उनके उपचार में भी अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने बताया कि सिक्वेंस एनालिसिस द्वारा कैंसर उत्पन्न करने वाले जीनों की पहचान कर कैंसर-रोधी दवाओं के निर्माण में मदद मिल रही है। व्याख्यान के दौरान उन्होंने डी.एन.ए. फिंगरप्रिंटिंग की संपूर्ण प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। व्याख्यान के अंत में विद्यार्थियों सौम्य पांडेय, ज्योत्सना श्रीवास्तव, काजल यादव एवं बसंती मिश्रा ने मुख्य वक्ता से संवाद स्थापित कर अपनी जिज्ञासाएं साझा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय ने करते हुए प्रतिभागियों को बताया कि डी एन ए फ़िंगरप्रिंटिंग एक ज्वलंत विषय है, जिसके बारे में सभी छात्र-छात्राओं को जानकारी होना आवश्यक है।

व्याख्यान का संचालन लेफ्टिनेंट डॉ. देवेंद्र कुमार चौहान ने किया। अंत में डॉ. मोहम्मद अकमल ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे व्याख्यान विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इस अवसर पर जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार सहित डॉ. एस.एम. सिंह, डॉ. सद्गुरु प्रकाश, डॉ. आकांक्षा, डॉ. कमलेश, श्रवण कुमार, राहुल यादव, राहुल कुमार, विभागाध्यक्ष बीज तकनीकी डॉ. आर.पी. सिंह, डॉ. अल्पना परमार, डॉ. पंकज कुमार, राशी, सौम्या व धर्मेश के अलावा बड़ी संख्या में छत्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आत्महत्या निरोधक दिवस पर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में आत्महत्या निरोधक दिवस के अवसर पर एम एल के पी जी कॉलेज सभागार में मनोविज्ञान विभाग की ओर से **आत्महत्या पर दृष्टिकोण बदलना** विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता ने आत्महत्या की स्थिति न आने पाये इससे बचाव की विधिवत जानकारी दी।

जानकारी के अनुसार 10 सितंबर को कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य वक्ता अंतश्चेतना साइकोलॉजिकल केयर ग्वालियर के मनोचिकित्सक डॉ संजय कुमार सक्सेना, महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता, प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय, मुख्य नियंता प्रो0 वीणा सिंह, समन्वयक व विभागाध्यक्ष डॉ स्वदेश भट्ट व आयोजन सचिव कृतिका तिवारी ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया ।मुख्य वक्ता डॉ संजय कुमार सक्सेना ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आत्महत्याओं के पीछे स्कूल, कॉलेज और प्रतियोगी परीक्षाओं में असफलता, समाज और माता-पिता की अपेक्षाएं और मानसिक अवसाद प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि सही समय पर सही कदम उठाने से आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब जीवन में चुनौतियों के साथ तालमेल बैठाना कठिन हो जाता है तो मन में घोर निराशा होती है। जीवन जीने की इच्छा समाप्त हो जाती है, संवेगात्मक अंतर्द्वंद्व की स्थिति में मन हार जाता है और निराशा जीत जाती है । उन्होंने कहा कि लोगों को आत्महत्या की प्रवृत्ति और मानसिक समस्याओं के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। डॉ सक्सेना ने कहा कि सकारात्मक सोच व वर्तमान पर फोकस करते हुए लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना चाहिए। मन में नकारात्मक विचार व गलत चयन ऐसे प्रवृत्ति को जन्म देते हैं।

विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने कहा कि परिस्थितियों को जानकर मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण व अनुशासित रूप में कार्य करके लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। उन्होंने इस पर कानून में उल्लिखित प्राविधान के बारे में जानकारी दी। सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता ने कहा कि सभी के जीवन में एक ऐसा समय आता है जब निर्णय करना मुश्किल होता है, लेकिन सकारात्मक सोच सभी प्रकार के समस्याओं से बाहर लाती है।

प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए कहा कि आत्महत्या के हालात अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन तेजी से बदल रहा सामाजिक और पारिवारिक ढांचा बहुत बड़ा कारण है।अब एकल परिवारों का चलन है, लोगों को एक दूसरे की समस्या सुनने और उसका समाधान करने का वक्त नहीं बचा है । इसकी वजह से इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।

मुख्य नियंता प्रो0 वीणा सिंह ने फीडबैक प्रस्तुत किया। समन्वयक डॉ स्वदेश भट्ट ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन सचिव कृतिका तिवारी ने मुख्य वक्ता का परिचय दिया। महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर व कार्यशाला के एडवाइजरी कमेटी के सदस्य लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने कार्यशाला का संचालन करते हुए कार्यशाला के विषय व आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। सभी अतिथियों का स्वागत सह समन्वयक डॉ वंदना सिंह व डॉ सुनील कुमार शुक्ल एवं संयुक्त आयोजन सचिव राजर्षि मणि तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रो0 राघवेंद्र सिंह, प्रो0 एस पी मिश्र, प्रो0 रेखा विश्वकर्मा, प्रो0 पी सी गिरी, प्रो0 विमल प्रकाश, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन, डॉ सद्गुरु प्रकाश, डॉ जितेंद्र भट्ट व डॉ प्रखर त्रिपाठी सहित सभी विभागों के अध्यक्ष व प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# करोड़ों खर्च के बावजूद बदहाल मां अहोरवा भवानी धाम रेलवे स्टेशन

- यात्री सुविधाओं का बुरा हाल, प्लेटफॉर्म और शौचालय बने मुसीबत

जन एक्सप्रेस। अमेठी

करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद मां अहोरवा भवानी धाम रेलवे स्टेशन पूर्व नाम अकबरगंज की स्थिति में कोई सुधार नहीं हो सका है। स्टेशन पर यात्री बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। प्लेटफॉर्म, शौचालय और रोशनी की दयनीय स्थिति देखकर लगता है, मानो स्टेशन विकास की योजनाओं से कोसों दूर है। स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक और दो पर बिछाई गई इंटरलॉकिंग टाइल्स धंस चुकी हैं। जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिनमें गिरकर यात्रियों के चोटिल होने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं।

यह हालात न केवल अव्यवस्था को उजागर करते हैं, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े करते हैं। वहीं शौचालयों की हालत तो और भी बदतर है, दीवारों का प्लास्टर उखड़ गया है, फर्श धंस चुकी है और चारों ओर गंदगी का अंबार रहता है। नतीजा यह है कि यात्री मजबूरी में खुले में जाने को विवश हो जाते हैं। रात के समय स्टेशन की लाइटें अक्सर खराब रहती हैं। ज्यादातर बल्ब और ट्यूब लाइटें बंद पड़ी रहती हैं, जिससे पूरा परिसर अंधेरे में डूब जाता है। अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व सक्रिय रहते हैं और यात्रियों की सुरक्षा पर खतरा मंडराता रहता है।



बताते चलें कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के प्रयास से इस स्टेशन का नाम बदलकर मां अहोरवा भवानी धाम रखा गया था। नाम परिवर्तन को लेकर लोगों में उम्मीद जगी थी कि स्टेशन का कायाकल्प होगा, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। विडंबना यह है कि आज तक स्टेशन पर लगे बोर्ड पर नया नाम दर्ज नहीं हुआ है। अब भी पुराने नाम अकबरगंज का बोर्ड टंगा हुआ है। इससे बाहर से आने वाले यात्रियों में भ्रम की स्थिति बनी रहती है। और अक्सर ट्रेन से उतरने वाले यात्री सही जगह को लेकर उलझन में पड़ जाते हैं। स्थानीय निवासियों ने स्टेशन की बदहाली पर नाराज़गी जताते हुए कहा कि रेल मंत्रालय को यहां की तस्वीर बदलने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कोरोना काल में बंद की गई ट्रेनों का ठहराव बहाल करने की भी मांग की। इन्हौना कस्बे के एक निवासी ने कहा कि प्लेटफॉर्म पर गड्ढों और जर्जर शौचालयों की समस्या बेहद गंभीर है। इसे नजरअंदाज करना यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करना है। ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद स्टेशन की दशा में सुधार नहीं होना रेलवे प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। यात्रियों का कहना है कि नाम बदलने की औपचारिकता पूरी हो गई,लेकिन मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण आम लोग आज भी परेशान हैं। लोगों की मांग है कि रेलवे प्रशासन जल्द से जल्द प्लेटफॉर्मों की मरम्मत, शौचालयों कापुनर्निर्माण रोशनी की व्यवस्था और सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करे। तभी मां अहोरवा भवानी धाम रेलवे स्टेशन वास्तव में अपने नाम और महत्त्व के अनुरूप दिख सकेगा।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की प्रान्तीय कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की प्रान्तीय कार्यसमिति की बैठक स्थानीय दी मीरा रिसार्ट में सम्पन्न हुई। संगठन के प्रान्तीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल के जनपद आगमन पर व्यापारियों द्वारा चुरूवा बार्डर पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बछरावाँ, हरचन्दपुर, गंगागंज की इकाईयों सहित अन्य स्थानों पर भी व्यापारियों ने भारी संख्या में गगनभेदी नारों के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के राज्य मन्त्री (स्वतन्त्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रान्तीय अध्यक्ष/पूर्व सांसद कंछल ने कहा कि व्यापार किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है। भारत आज 2.6 ट्रिलियन अमेरिकी डालर की अर्थव्यवस्था है, जिसका 50प्रति. हिस्सा वाह्य क्षेत्र में है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में मजबूत वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए अर्न्तराज्यीय व्यापार भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

# जनपद में बढ़ते अपराधों पर एसपी सख्त

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जनपद में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में आयोजित अपराध गोष्ठी में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अपराधियों पर काबू पाने के लिए थाना प्रभारियों को सक्रिय और सतर्क रहना होगा। इस बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह समेत सभी क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी शामिल रहे। बैठक के दौरान एसपी ने कहा कि गुंडा एक्ट,जिलाबदर और हिस्ट्रीशीटरों पर लगातार निगरानी रखी जाए। पाबंदी की कार्यवाही को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, ताकि आपराधिक तत्वों में कानून का भय बना रहे। उन्होंने महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम को प्राथमिकता में रखने के निर्देश भी दिए। एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने रात में गश्त बढ़ाने, बाजारों, प्रमुख चौराहों और सर्राफा मंडी की निगरानी कड़ी करने के निर्देश दिए। बैंकों और एटीएम के आसपास विशेष सतर्कता बरतने के साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच करने को कहा गया। खासकर मोटरसाइकिल पर सवार युवकों की गहन चेकिंग पर बल दिया गया। एसपी ने स्पष्ट किया कि अपराधों पर प्रभावी अंकुश तभी लगेगा जब पुलिस टीम सक्रिय होकर मैदान में उतरेगी। उन्होंने थाना प्रभारियों को सख्त हिदायत दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# टीईटी मामला : शिक्षकों का उमड़ा हुजूम कहा-कानून में करें संशोधन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

सुप्रीम कोर्ट की तरफ से टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीईटी) की अनिवार्यता लागू किए जाने के बाद इसका विरोध तेज हो गया है। गुरूवार को उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के बैनर तले हजारों शिक्षकों ने एकत्रित होकर टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीईटी) को लेकर जारी कानून में संशोधन की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने प्रदर्शन करके केंद्र सरकार ने इस कानून में संशोधन करने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री को पत्र भेजा है।

इसके साथ ही संघ के पदाधिकारियों ने आज नेता प्रतिपक्ष व जिले के सांसद राहुल गांधी से मिलकर कानून में संशोधन कराए जाने की मांग की है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने कहा कि 29 जुलाई 2011 से उत्तर प्रदेश में नई नियुक्तियों के लिए टीईटी अनिवार्य किया गया है। संघ ने मांग की है कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा का अधिकार कानून लागू होने से पहले नियुक्ति हुए शिक्षकों की टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया जाए। शिक्षकों ने यह मांग सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर 2025 के निर्णय के संदर्भ में की गई है। उन्होंने कहा कि किसी नौकरी की तैयारी करने वाला कोई अभ्यर्थी नौकरी पाने के दस, बीस, तीस बरस बाद उस परीक्षा को उतने ही सफलतापूर्ण ढंग से पास कर पाता है जितना कि नौकरी पाने के लिए? अदालत के इस फैसले ने देशभर के करीब 40 लाख शिक्षकों को झटका दे दिया है।

उत्तर प्रदेश के चार लाख शिक्षकों का भी अहित प्रभावित हुआ है। सरंक्षक समर बहादुर सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से प्रभावित होने वालों में अधिकतर पचास से पचपन वर्ष की आयु वाले वे शिक्षक हैं जो तमाम शारीरिक व्याधियों के बाद भी अपने काम को पूरी लगन और निष्ठा के साथ करने के लिए संघर्षरत हैं। उन्होंने कहा कि नौकरी में आने के बाद टीईटी की अनिवार्यता को थोपना उचित नहीं है।

जिला महामंत्री सियाराम सोनकर व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने कहा कि इस फैसले के मुताबिक आठवीं तक की कक्षा में पढ़ाने वाले शिक्षकों को टीईटी- यानी शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करनी होगी। अगर वे ये परीक्षा नहीं देते तो उन्हें अवकाश ग्रहण करना होगा। अगर वे फेल हो गए तो शायद उनकी नौकरी ही चली जाए। शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से छूट प्रदान करने हेतु अधिनियम में संशोधन हेतु एक मांग कर रहे हैं। आज हम लोग प्रधानमंत्री पत्र देश के प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला कोषाध्यक्ष शिवशरण सिंह व प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री शैलेश यादव ने कहा कि वर्तमान में टीईटी की परीक्षा को लेकर तमाम तकनीकी बाधाएं हैं, सरकार को उन सब बाधाओं को दूर करना होगा।

## रायबरेली में राहुल गांधी बोले-चुनाव आयोग तानाशाह

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** राहुल गांधी ने प्रजापति समाज के सम्मेलन में भाजपा और आरएसएस को निशाने पर लिया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा- देश में 90 फीसदी आबादी ओबीसी, दलित और आदिवासियों की है, लेकिन ये भाजपा-आरएसएस के लोग नहीं चाहते कि ये कभी आगे बढ़ें। ये चाहते हैं कि दलित वहीं पर रहे, अंबानी जहां हैं वहीं पर रहें। प्रधानमंत्री मोदी खुद ओबीसी हैं, लेकिन जाति जनगणना पर कुछ नहीं बोलते। मैंने संसद में इस पर सवाल किया तो वे डेढ़ घंटे तक भाषण देते रहे, लेकिन जाति जनगणना पर एक भी शब्द नहीं बोले। बुधवार सुबह साढ़े 8 बजे राहुल गांधी दिल्ली स्थित अपने आवास से रायबरेली के लिए रवाना हुए। दिल्ली एयरपोर्ट से फ्लाइट लेकर लखनऊ पहुंचे और वहां से सड़क मार्ग से रायबरेली पहुंचे। रास्ते में राहुल गांधी के काफिले को विरोध का सामना करना पड़ा। पीएम को गाली देने के मामले को लेकर योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह अपने समर्थकों के साथ राहुल के रास्ते में धरने पर बैठ गए। राहुल वापस जाओ के नारे लगाए। विरोध प्रदर्शन के चलते राहुल का काफिला करीब 1 किलोमीटर पहले ही रोक दिया गया।

# पलिया पश्चिम में चोरों का धावा, दंपति को बेहोश कर लाखों के जेवर-नगदी ले उड़े

जन एक्सप्रेस। अमेठी

कमरौली थाना क्षेत्र के पलिया पश्चिम गांव में चोरों ने बुधवार की देर रात बड़ी वारदात को अंजाम दिया। गांव निवासी गंगा प्रसाद मौर्य के घर पर धावा बोलकर चोरों ने दंपति को बेहोश कर लाखों के जेवर और नगदी पार कर दिए। जानकारी के अनुसार चोरों ने घर में घुसकर गिरधारी लाल मौर्य व उनकी पत्नी सरोज कुमारी को निशाना बनाया। सरोज कुमारी के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया गया, वहीं गिरधारी लाल मौर्य पर स्प्रे कर उन्हें बेहोश कर दिया गया। इसके बाद चोर आराम से अलमारी से नगदी और कीमती जेवरात लेकर फरार हो गए।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस कंट्रोल रूम 112 को कॉल किया गया। सूचना पाकर कमरौली थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार पटेल के निर्देशन में दरोगा कुंवर सिंह, सिपाही अभिषेक सिंह एवं अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। और चोरों की तलाश शुरू की। ग्रामीणों ने पुलिस की गश्ती व्यवस्था पर सवाल उठाए। स्थानीय लोगों का कहना है, कि एक महीने से क्षेत्र में चोरी की आशंकाओं को लेकर चर्चाएं चल रही थीं, लेकिन 112 की गाड़ी न तो गश्त में दिख रही थी। और न ही सायरन बजता सुना गया।घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर गांव के लोग बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर नाराज़गी जताई। पीड़ित परिवार ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि कमरौली थाना क्षेत्र में लगातार अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं और पुलिस की निष्क्रियता के चलते अपराधी बेखौफ हो चुके हैं। अब देखना यह है कि पुलिस जल्द ही इस चोरी की गुत्थी सुलझाकर चोरों को पकड़ पाती है, या नहीं।



# रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया लेखपाल

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जनपद में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए एंटी करप्शन टीम ने अमेठी तहसील में तैनात लेखपाल अमित कुमार को पीपरपुर क्षेत्र के दुर्गापुर बाजार स्थित एक कमरे से 8 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोच लिया। जानकारी के अनुसार इस्माइलपुर बड़ा मजरे नगरडीह निवासी बाबू लाल पाल अपनी भूमि को खतौनी में दर्ज कराना चाहते थे। आरोप है कि लेखपाल ने पहले 2 हजार रुपये लिए और बाद में 8 हजार रुपये और मांगे। इससे परेशान होकर बाबूलाल ने अयोध्या स्थित एंटी करप्शन टीम में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद टीम ने इंस्पेक्टर अनिल कुमार के नेतृत्व में योजना बनाई।बाबूलाल को केमिकल लगे नोटों के साथ लेखपाल के पास भेजा गया।जैसे ही अमित कुमार ने रुपये लिए,टीम ने उन्हें दबोच लिया। नोटों की जांच में केमिकल के निशान भी मिले। गिरफ्तारी के बाद लेखपाल को पीपरपुर थाने लाया गया, जहां उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। सुल्तानपुर जिले के लंभुआ निवासी अमित कुमार वर्ष 2016 से अमेठी तहसील में तैनात हैं। और रामगंज सर्किल के कई गांवों का जिम्मा उनके पास है। इस पूरे प्रकरण पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि किसी भी प्रकार की रिश्वतखोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि एंटी करप्शन टीम की मदद से कार्रवाई की गई है एवं मामले में नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।





**राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी में मेरठ की...**

खेतासराय। क्षेत्र के भूडकुड़हाँ ग्राम में गुरुवार की रात्रि आल इंडिया कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें देश के अनेक राज्यों से कुल चौबिस टीम ने... ▶ शेष पेज 10 पर...

# गंगा बैराज पर जल स्तर में 2 सेंटीमीटर की गिरावट, कटरी में हालात ज्यों के त्यों

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



**बिठूर।** पहाड़ी क्षेत्रों में रुक-रुक कर हो रही बारिश की वजह से गंगा के जलस्तर में पिछले दिनों भारी बढ़ोतरी देखने को मिली थी। लेकिन गुरुवार को गंगा बैराज पर 2 सेंटीमीटर गंगा के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई है।

बैराज पर तो गंगा का जलस्तर घटा है लेकिन ख्योरा कटरी क्षेत्र में बाढ़ के हालात ज्यों के त्यों बने हुए हैं। कटरी क्षेत्र में अभी गंगा का जलस्तर घटना शुरू नहीं हुआ है। एक और जहां गंगा बैराज पर जल स्तर घटने से कटरी क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के चेहरे पर थोड़ी खुशी आई है। गंगा के यदि प्रतिदिन ऐसे ही गिरावट होती रही तो जल्द ही कटरी क्षेत्र में आई बाढ़ में कुछ सुधार देखने को मिलेगा।

पिछले दिनों गंगा में आई बाढ़ के चलते ख्योरा कटरी के गांव में गंगा का पानी घरों के अंदर तक पहुंच गया था।

जिसकी वजह से यहां पर रहने वाले ग्रामीणों को अपना घर छोड़कर गंगा बैराज हाईवे मार्ग पर अस्थाई टेंटो में शरण लेनी पड़ी थी। कटरी क्षेत्र में अभी तक गंगा के जलस्तर में गिरावट देखने को नहीं मिली है।

जिसकी वजह से यहां पर रहने वाले ग्रामीणों की चिंता है उनके चेहरे पर साफ देखी जा सकती है। ग्रामीणों के सामने अपने परिवार का पेट पालने के साथ-साथ मवेशियों के लिए चारे की व्यवस्था करना समस्या का सबक बना हुआ है।

बीते बिठूर विधानसभा के जनप्रिय विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने जिला प्रशासन के अधिकारियों से मवेशियों के लिए चारे की व्यवस्था किए जाने के लिए कहा था लेकिन अभी तक जिला प्रशासन की ओर से मवेशियों के लिए चारे की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। गंगा बैराज हाईवे पर सैकड़ो की तादाद में मवेशी बंधे हुए हैं। जिन्हें भरपेट चारा नहीं मिल रहा है।

### गंगा बैराज पर गंगा का जलस्तर

- अप स्ट्रीम लेबल 114. 98
- डाउन स्ट्रीम लेब 114.48

### गंगा बैराज से शुक्लागंज की ओर छोड़ गया पानी

4,48,609

- शुक्लागंज में जलस्तर 113. 22
- नरौरा से छोड़ा गया पानी 86,603
- हरिद्वार से छोड़ा गया पानी 80,109





### क्षेत्रीय विधायक के आवाहन पर सामाजिक संस्थाओं ने राहत सामग्री बांटना किया शुरू

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से लगातार गंगा बैराज हाईवे पर अस्थाई टेंट में रह रहे ग्रामीणों की बढ़ती संख्या को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने सामाजिक संस्थाओं से राहत सामग्री बांटने की लिए कहा था इसके बाद गुरुवार को नानक वेलफेयर और हमारा कानपुर सामाजिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री के रूप में ब्रेड बिस्कुट के पैकेट बांटे गए। इस मौके पर गुरु नानक वेलफेयर सोसाइटी के जिम्मी भाटिया, कानपुर वेलफेयर सोसाइटी के राजीव अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष पुष्कर शुक्ला, श्रीकांत त्रिपाठी प्रधान सिंहपुर, मधुबन गुप्ता, दिलीप कुमार निषाद उर्फ मल्लू, राकेश महाजन, सौरभ गुप्ता, जया सचान मौजूद रही।

### इन किसानों की बाढ़ आने से फसल हुई चौपट

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के रहने वाले विक्रम सिंह निषाद ने बताया कि गंगा में आए बाढ़ की वजह से किसानों की हजारों में फसल पूरी तरीके से चौपट हो गई है जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। डल्लापुरवा के रवि किशन निषाद जिनकी चार बीघा बैंगन, चचेड़ा, तरोई, गेंदा,लौकी की फसल की फसल पूरी तरीके से चौपट हो गई और इन्हें लगभग?3लाख का नुकसान हुआ है, इसी प्रकार रामचंद्र, अजय, मुन्ना, चुन्नीलाल निषाद, कमलेश निषाद, संतोष, कृपा शंकर ,रिंकू ,वैद्यनाथ निषाद, धर्मेंद्र ,सुनीता, लक्ष्मी नारायण ,कल्लू निषाद, कैलाश निषाद छोटेलाल निषाद, पपरिया की सुमन, फूलचंद, कल्लू,मेडे उर्फ कल्लू, अशर्फी निषाद, गोकुल प्रसाद निषाद, सूरज निषाद, गोविंद, नंदू ,हरि शंकर ,अजय, रत्ना, रामबाबू निषाद राम प्रसाद अनोखी निषाद किशन निषाद महावीर निषाद छेदी मईकू किसानों को भी 3-3 लाख रुपए का नुकसान हुआ है इनकी सब्जी की फसल पूरी तरीके से चौपट हो गई।

### इन गांव का नहीं घटा जलस्तर

ग्राम पंचायत ख्योरा कटरी के पूर्व ग्राम प्रधान अशोक कुमार निषाद ने बताया कि बनिया पुरवा, भगवानदीन पुरवा, भोपाल पुरवा, दुर्गा पुरवा, गिल्ली पुरवा, लक्ष्मण पुरवा, मक्का पुरवा,इसके अलावा ग्राम पंचायत हिंदूपुर का शिवदीन पुरवा, पुराना डल्लापुरवा, नया डल्लापुरवा, पूरी तरीके से जल मग्न हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत प्रतापपुर के प्रतापपुर हरि, पपरियां, छोटी पपरिया, डल्ला पुरवा, के जलस्तर में अभी तक कोई गिरावट नहीं आई है।

# युवक पर प्रेम, दुष्कर्म और धोखे के आरोप, महिला ने थाने में किया हंगामा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



शहर में लव, सेक्स, शादी और धोखे का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने एमबीबीएस पढ़ाई कर रहे पति रणविजय और उसके ससुरालवालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का दावा है कि प्रेम जाल में फंसाकर नशीली दवाएं देकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया, फिर शादी का झांसा देकर ससुराल में लाकर जातिसूचक गालियां देकर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ित किया गया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी पति अब दूसरी शादी करने की फिराक में है।

महिला मूलरूप से लखनऊ की रहने वाली है और आरोपित युवक आजमगढ़ के मुबारकपुर का निवासी है। पीड़िता ने बताया कि उनकी मुलाकात दिल्ली में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के दौरान हुई थी। आरोपी युवक ने प्रेमजाल में फंसाकर नशीली दवाएं दीं और अश्लील वीडियो बनाने की धमकी देकर शादी का दबाव बनाया। बाद में कोर्ट मैरिज की गई। लेकिन इसके बावजूद पति ने दूसरी शादी की योजना बनाकर फरार हो गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि ससुरालवालों ने उसे दहेज में लाने को कहा, फिर धमकियां दीं। उसे कई बार गाली गलौज कर प्रताड़ित किया गया। आरोपित पति ने मोबाइल ब्लॉक कर दी और दूसरी युवती के साथ रहने लगा। महिला ने क्खद्धद्बड्डह्न जाकर विरोध किया, लेकिन मारपीट कर वापस छोड़ दिया गया। आजमगढ़ में बंधक बनाकर जान से मारने की कोशिश की गई। पुलिस की मदद से महिला को मुक्त कराया गया। बावजूद इसके आरोपी पति की नौकरी छीनकर उसे एमबीबीएस में दाखिला कराया गया।

हाल ही में पीड़िता कॉलेज पहुंची और जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया।

पनकी थाने के इंस्पेक्टर मनोज भदौरिया ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# कर चोरी की आशंका में मिर्जा इंटरनेशनल समूह पर आयकर विभाग का देशव्यापी छापा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कर चोरी की आशंका में आयकर विभाग की 150 से ज्यादा अलग-अलग अफसरों की टीमों ने गुरुवार को देश के प्रमुख चमड़ा निर्यातक मिर्जा इंटरनेशनल समूह के कानपुर, उन्नाव, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद समेत दिल्ली, उत्तराखंड और कोलकाता में 45 से ज्यादा अलग-अलग प्रतिष्ठानों पर एक साथ छापा मारा। उन्नाव स्थित पांच टेनरियों और फैक्टरियों के अलावा कानपुर में 25 से ज्यादा स्थानों पर टीमें देर रात तक जांच पड़ताल करती रहीं। बड़े पैमाने पर दस्तावेजों को खंगाला गया है। लैपटॉप, मोबाइल जब्त किए गए हैं। सुबह 8:30 बजे से छापे की कार्रवाई शुरू की गई। कानपुर के सिविल लाइंस, पार्वती बांग्ला रोड, ग्वालटोली, जाजमऊ, मालरोड स्थित प्रतिष्ठानों के अलावा उन्नाव स्थित पांच टेनरी, सहायक इकाई यूरो फुटवियर फैक्टरी पर छापा मारा गया। टेनरियों और फैक्टरी में सुबह की शिफ्ट इसी समय शुरू होती थी। कर्मचारी टेनरी और फैक्टरी आ भी गए थे। उन्हें गेट में ही रोक दिया गया और बाद में घर जाने के लिए कह दिया गया। इसके बाद टीमों ने टेनरी में तैयार, कच्चा, पैकिंग, निर्यात ऑर्डरों, आईटीसी, कच्चा माल खरीद से जुड़े दस्तावेजों को खंगाला। उन्नाव स्थित फुटवियर फैक्टरी में भी इसी तरह से जांच-पड़ताल की गई। मिर्जा इंटरनेशनल समूह देश के सबसे बड़े निर्यातकों में शामिल है। मिर्जा इंटरनेशनल के रेडटेप ब्रांड के जूते पूरी दुनिया में मशहूर हैं। अफसरों को नकदी और गहने भी मिले हैं। हालांकि इनके मूल्य का खुलासा नहीं किया गया।

# खिड़कियों से बिलखते बच्चों को देख दहल गया लोगों का दिल

## खंती में गिरी बस में भरा पानी तो छटपटाने लगे बच्चे

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



साढ़-जहानाबाद मार्ग पर गोपालपुर गांव के पास गुरुवार की सुबह बच्चों से भरी प्राइवेट स्कूल की बस सामने से आ रहे बाइक सवार पिता-पुत्र को कुचलते अनियंत्रित होकर पानी भरे खंती में गिरकर पलट गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौके पर मौत हो गई। पीछे बैठी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। बस में 50 छात्र-छात्राएं सवार थीं। सभी में चीख पुकार मच गई। साढ़ थाना क्षेत्र के गोपालपुर के पास गुरुवार को खंती में गिरी स्कूली बस में पानी भरा तो उसके अंदर फंसे 50 बच्चे छटपटाने लगे। वह खिड़की से बचाने की गुहार लगा रहे थे। तभी वहां से निकल रहे तीन युवक पानी में उतरकर बच्चों को बाहर निकालने में जुट गए। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद सभी को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। इस दौरान कापी, किताबें और टिफिन बॉक्स पानी में उतराते दिखाई दिए।

### डग्गामार बस को बना दिया स्कूली बस

हादसे के बाद अभिभावक प्रबंधतंत्र पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि मिथिलेश सिंह शिक्षा निकेतन में जुलाई से यही डग्गामार बस सुबह शाम बच्चों ला और ले जा रही थी। यातायात विभाग से पता चला कि बीते दिनों चालक के पास डीएल न होने पर चालान हुआ था। बस के अंदर हेल्पर या स्कूल का कोई शिक्षक या शिक्षिका भी नहीं थे। हादसे से सहमे बाहर खड़े बच्चों ने बताया कि बस में सीटों के अलावा बेंच डालकर भी बच्चों को बैठाया जाता है।

रोजाना इस बस से करीब 60 बच्चे आते-जाते हैं। वहीं, विद्यालय प्रबंधक गोविंद सिंह ने बताया कि बस की आवश्यकता होने पर गांव की ही बस को किराये पर लगा लिया था।

### बुधवार शाम ही जोधपुर से घर आया था

हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत के बाद पालपुर गांव में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। मृतक सुरेश चंद्र निगम के तीन बेटे थे। इनमें मनीष उर्फ राजू और प्रमोद जोधपुर में प्राइवेट नौकरी करते हैं। छोटा बेटा अमित घर में परचून की दुकान रखे है। दो बेटियों में बड़ी सोनी शादी के बाद भी तीन साल से मायके में ही रह रही है। छोटी बेटी प्रियंका प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए साढ़ कोचिंग करने जाती है। पत्नी शशी बेटे और पति की मौत से बेसुध है। बेटा मनीष बुधवार शाम ही जोधपुर से घर आया था। गुरुवार को पिता की आंख दिखाने शहर जा रहा था तभी हादसा हो गया और पिता-पुत्र की मौत हो गई।

# नवीन सभागार सरसैया घाट में व्यापारी एवं उद्यमी संवाद

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

नवीन सभागार सरसैया घाट में व्यापारी एवं उद्यमी संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी के समक्ष शहर के व्यापारियों ने विभिन्न आवश्यक मुद्दों को उठाया और अपने सुझाव दिए अवनीश अवस्थी ने बैठक में कहा कि कानपुर शहर में सबसे अधिक कीमती जमीनें नजूल की हैं इस पर शासन स्तर से प्रस्ताव बनाया जाएगा इसी कड़ी में भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता ने मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी के समक्ष कानपुर शहर की सैंकड़ों साल पुरानी धरोहर मानी जाने वाली बाजारे कलक्टरगंज, शिवाला, नवीन मार्केट का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि ये बाजारे कानपुर की धरोहर हैं कानपुर की पहचान हैं इन बाजारों से लाखों परिवार संबद्ध हैं नगर निगम द्वारा इन बाजारों से किराया वसूल लिया जाता था किंतु काफी समय से नगर निगम ने किराया लेना बंद कर दिया है जिससे व्यापारी असमंजस में परेशान रहता है वो समझ नहीं पता कि उनका व्यापार कब तक चलेगा और कब बंद हो जाएगा नगर निगम द्वारा इन बाजारों को नजूल की जमीन बताया जा रहा है और ये बाजारे नजूल को जमीन पर भी हैं यदि तो मुख्यमंत्री को संज्ञान में देकर नजूल से जुड़ी नियमावली में शासन स्तर से कैबिनेट में इस विषय को पास कराकर यहां व्यापार करने वाले व्यापारियों को दुकानें आवंटित कर दी जाएं इससे लाखों परिवारों की जीविका के अस्तित्व से संकट समाप्त हो जाएगा और इन बाजारों को व्यापारी स्वयं शहर की नियमावली के अनुसार डेवलप कर आदर्श मार्केट के रूप में स्थापित करेंगे और व्यापारियों का शोषण रुकेगा क्योंकि कानपुर शहर का विकास तभी संभव है जब सरकार द्वारा यहां के व्यापारियों और बाजारों को सहयोग देकर उनको डेवलप किया जाए क्योंकि व्यापारियों के पुरजोर समर्थन से ही राजस्व में वृद्धि और प्रदेश एवं देश में विकास संभव हो पाता है और ये बाजारे अच्छा राजस्व देने वाली बाजारे हैं कानपुर इन बाजारों से गुलज़ार रहता है इसलिए कानपुर का मूल स्वरूप नष्ट न हो इस कारण से इन तीनों बाजारों की इस सबसे बड़ी समस्या का समाधान किया जाना अत्यंत आवश्यक हैं ये समस्याएं काफी समय से लंबित हैं जिसको लेकर अनेकों बार व्यापारी और नगर निगम आमने सामने होते हैं ऐसे में व्यापारी हितों को ध्यान में रखते हुए इन बाजारों और यहां के दुकानदारों को अब यहां स्थायित्व दिया जाना अत्यंत आवश्यक है। क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता द्वारा उठाए गए इस मुद्दे पर अवनीश अवस्थी ने लिखित नाम और नंबर के साथ सुझाव लिया है और कहा है कि यह विषय मुख्यमंत्री के संज्ञान में दिया जाएगा और व्यापारी हितों में सार्थक निर्णय लेकर व्यापारियों का सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

## कानपुर तीन मंजिला मकान में लगी भीषण आग, कड़ी मशक्कत के बाद दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कानपुर प्लास्टिक पॉलिथीन के गोदाम में भीषण आग लग गई। सेकेंड फ्लोर पर एक ही परिवार के 11 लोग फंस गए। घटना बेकनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोरा कब्रिस्तान इलाके का है। एक घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद फायर कर्मियों ने निकाला। आग इतनी भयानक थी की आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। आग पर काबू पाने में दमकल की छह गाड़ियां लगी। 35 से ज्यादा फायर कर्मियों ने लगभग ढाई घंटे में आग पर काबू पाया। पुलिस ने आंशिक रूप से झुलसे दो लोगों को हैलट अस्पताल भेज दिया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। परियर। बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति व समाज सेवियों ने परियर बाढ़ केंद्र,जानकी कुण्ड आश्रम स्थित राहत शिविर व कोलवा, पनपथा, माना बंगला आदि बाढ़ प्रभावित परिवारों में लंच पैकेट सहित अन्य खाद्य सामाग्री वितरण की। इस मौके पर बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के अध्यक्ष रविशंकर मिश्रा, पूर्व प्रधान अमित शुक्ला, हरिनारायण पाण्डेय, देवीप्रसाद, डॉ.पूनम द्विवेदी, सुशील शुक्ला,अतुल सिंह, कुलदीप, संदीप मिश्रा,कोमल शुक्ला आदि समाज सेवी मौजूद रहे।

### बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आ रहे व्यवसाई व समाजसेवी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। परियर। वृहस्पतिवार को नेहा हॉस्पिटल सुब्बाखेड़ा परियर के संचालक रजत वर्मा व डॉक्टर अमित पाल ने परियर बिठूर रोड पर आश्रय लिए देवीपुरवा, मानाबंगला व बाबूबंगला के बाढ़ प्रभावित व बहरौला बांध पर आश्रय लिए टपरा,कोलवा,महानंदपुरवा,बेनीपुरवा के बाढ़ प्रभवितो के बीच पूड़ी सब्जी के 700 लंच पैकेट वितरित किये। इस दौरान उनके सहयोगी पवन राठौर,देवेश यादव,सरताज,गगन वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### गांधी नगर उन्नाव से युवक लापता


जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। जिले के गांधी नगर स्थित ईदगाह रोड निवासी सतेंद्र कुमार (पिता स्व. चंद्र पाल) बीते बुधवार 10 सितंबर 2025 की सुबह लगभग 9 बजे घर से निकले थे और उसके बाद से अब तक घर नहीं लौटा है। गुरुवार 11 सितंबर दोपहर तक परिजन उनकी तलाश करते रहे लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। बताया जा रहा है कि सतेंद्र कुमार का मानसिक उपचार कानपुर के एक चिकित्सक से चल रहा है। परिजनों ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को सतेंद्र कुमार के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी मिले तो कृपया 9984149288 या 9005964691 पर तुरंत संपर्क करें।

### अस्पताल संचालक ने लगाए गाली गलौज और रंगदारी मांगने के आरोप

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कल्याणपुर के आवास विकास एक में स्थित जे एस केयर हॉस्पिटल के संचालक जफर इकबाद ने एक युवक और उसके पचास अज्ञात साथियों पर गाली गलौज और 25 हजार रुपए प्रतिमाह रंगदारी मांगने के आरोप लगाए है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। रावतपुर निवासी जफर इकबाल कल्याणपुर के आवास विकास एक में स्थित जे एस केयर हॉस्पिटल के संचालक है। जफर ने बताया कि कल्याणपुर निवासी युवक अपने पचास अज्ञात साथियों के साथ आया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपित ने प्रतिमाह 25 हजार रुपए रंगदारी मांगी जब उन्होंने विरोध किया तो अस्पताल बंद कराने की धमकी दी। पीड़ित ने जब पुलिस को सूचना दी तब सभी आरोपित मौके से फरार हो गए। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### कॉल आते ही मोबाइल फोन हैंग, खाते से उड़ाए 30 हजार रुपये

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। चकेरी में साइबर ठग ने फोन हैंग कर बैंक खाते से 30 हजार रुपये उड़ा दिए। चकेरी के मंगला विहार निवासी सत्यवीर सिंह फैक्टरी में काम करते हैं। उन्होंने दी तहरीर में बताया कि बुधवार को उनके पास अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को रिश्तेदार बताया। सत्यवीर ने बताया कि उन्हें भी आवाज जानी पहचानी लगी तो वह बात करने लगे। इसके बाद उनका फोन हैंग हो गया। कुछ देर बाद उन्होंने फोन स्विच ऑन किया तो उनके पास खाते से 30 हजार रुपये निकल जाने का मैसेज आया। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।




# युवक ने फंदा लगा दी जानज्पेड़ से लटका मिला शव

## बकाया वसूली कॉल से था परेशान, जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कानपुर में महाराजपुर थाना क्षेत्र के प्रेमपुर गांव में भोर पहर संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने नीम के पेड़ पर रस्सी के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। किसान नरेंद्र कुरील ने बताया उनका बेटा गोलू अपने एक रिश्तेदार की पिकअप चलाता था। रोजाना की भांति बुधवार की शाम पिकअप को लाकर घर के बाहर खड़ी की और बलबीर यादव के बंद घर के बाहर चारपाई डालकर सो गया।

सुबह गोलू का शव बगल में नीम के पेड़ पर पिकअप के तिरपाल बांधने वाली बड़ी रस्सी के सहारे फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंचे सरसौल चौकी प्रभारी और फॉरेंसिक टीम द्वारा शव को नीचे उतरवाकर जांच पड़ताल की जा रही है। मृतक दो भाई तथा दो बहन थे। बहन सोनम ने बताया कि कुछ दिन से कोई मंडी वाला फोन पर बकाया वसूली के लिए लगातार फोन कर रहा था। उसको गोलू ने कई बार बुआ के यहां रहने वाली अपनी बहन सोनम को बताया था।

# थाने में हिरासत में युवक ने फंदा लगाकर दी जान, बाथरूम में लटका मिला शव

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कानपुर के रावतपुर थाने में गुरुवार सुबह बंदी का शव मिलने से पुलिस की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। रात करीब तीन परिजन उसे नशे की हालत में थाने लेकर आए। सुबह करीब छह बजे उसकी मौत हो गई। परिजन भले ही उसके नशे में होने की बात कर रहे, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिर उसने कैसे लोअर से लस्टिक निकाली। उसके बाद पुलिस कर्मी के साथ बंदी ग्रह से दस कदम दूर बने बाथरूम में गया। वहां जाली में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रावतपुर के जयप्रकाश नगर निवासी दिनेश उर्फ गुड्डू (35) यहां अपनी बुआ रेनू के घर रहता था। यहां वह शटरिंग का काम करता था। नशे का आदी था। इसके चलते मकरबर्टगंज निवासी पिता दिलीप ने पहले ही उससे परेशान होकर घर से भगा दिया था। बुधवार रात को उसने नशे की हालत में मोहल्ले में हंगामा किया। रिश्ते में चाचा मुन्ना गौतम ने समझाने का प्रयास, लेकिन वह नहीं माना। तो बुआ और अन्य लोग रात करीब तीन बजे उसे थाने लेकर आए और थाने में इसकी शिकायत की। पुलिस ने उसे बंद कर दिया। बंदी ग्रह में बंद अन्य बंदियों के मुताबिक रात में करीब एक घंटे तक वह चिल्लाता रहा है। इसके बाद उल्टी करने लगा। कुछ देर शांत रहा फिर लेट गया। थोड़ी देर शांत रहने के बाद लोअर उतारकर उसकी लास्टिक निकालने गला। कुछ समझ पाते उससे पहले उसने पुलिस कर्मी को शौचालय जाने के लिए आवाज दी। कर्मी उसे लेकर बाथरूम गए। लोअर और शर्ट पहनकर अंदर गया। उसके बाद जाली में फंदा लगा लिया। करीब आधे घंटे बाद उसकी मौत की जानकारी हुई। पुलिस ने आनन फानन शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का भी कहना है युवक नशे का आदी था। आए दिन झगड़ा करता था। परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। पुलिस ने इसमें अभी तक कोई अधिकृत बयान नहीं दिया है। मोहल्ले के लोगों के मानें, तो युवक नशे का आदी था। बीते रविवार को उसने मोहल्ले में खूब हंगामा किया । अपनी बुआ शटरिंग वाले तार से गला दबा दिया। उसके गले में निशान पड़ गया था। किसी तरह उसे लोगों ने छुड़ाया। पीड़िता ने आईजीआरएस में इसकी शिकायत भी की है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# विपक्ष की नकारात्मक राजनीति और राष्ट्र–विरोधी विमर्श पर राष्ट्रवाद की जीत ने कई संदेश दिये

**अब भाजपा केवल बाहरी ताकत नहीं, बल्कि तमिलनाडु से जुड़ा चेहरा रखने वाली राष्ट्रीय पार्टी के रूप में उभरेगी। राधाकृष्णन की साफ–सुथरी छवि और जमीनी पकड़ भाजपा को उन मतदाताओं के बीच पहुँचाने में मदद करेगी जो अब तक द्रविड़ पार्टियों के बीच उलझे रहे। जब तमिलनाडु के मतदाता देखेंगे कि उनके ही राज्य से आया एक नेता राष्ट्रीय राजनीति में इतना बड़ा पद हासिल कर रहा है, तो उन्हें भाजपा की प्रासंगिकता का अहसास होगा। यह विजय यह भी संदेश देती है कि भाजपा केवल उत्तर भारत की पार्टी नहीं है।**

*उपराष्ट्रपति चुनाव के परिणाम ने भारतीय राजनीति में कई नये संकेत दिए हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन ने विपक्षी खेमे के साझा प्रत्याशी और पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को मात देकर देश के 15वें उपराष्ट्रपति पद पर विजय हासिल की। यह विजय कई मायनों में खास है क्योंकि 452 बनाम 300 वोट का अंतर केवल एक चुनावी आँकड़ा नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की नयी दिशा की ओर इशारा करता है। विपक्ष ने दावा किया था कि उसके सभी 315 सांसद मतदान में उपस्थित रहे और पूरा खेमे ने एकजुटता दिखायी। लेकिन नतीजे में विपक्ष 15 वोट पीछे रह गया और उतने ही वोट अमान्य घोषित हुए। इसका सीधा अर्थ यह है कि विपक्षी खेमे में या तो क्रॉस वोटिंग हुई या जानबूझकर अमान्य मत डाले गये। यही घटना विपक्षी गठबंधन की एकता पर गहरे सवाल खड़े करती है। दरअसल, इस परिणाम ने विपक्षी दलों की आंतरिक असहमति और पारस्परिक अविश्वास को उजागर कर दिया है। उधर, राधाकृष्णन ने अपनी जीत को ÷राष्ट्रवादियों की जीत÷ बताया है। इसका सकारात्मक अर्थ यह है कि एनडीए की राजनीति केवल चुनावी अंकगणित तक सीमित नहीं है, बल्कि वह राष्ट्रवादी विचारधारा को जनता और सांसदों के बीच एक व्यापक स्वीकृति दिलाने में सफल रहा है। देखा जाये तो हाल के वर्षों में विपक्ष ने अपनी राजनीति का केन्द्र सत्ता विरोध तक सीमित कर दिया है। स्वस्थ लोकतांत्रिक विमर्श की जगह आरोप-प्रत्यारोप, नकारात्मक प्रचार और देश की संवैधानिक संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करने की परंपरा बनती जा रही है। संसद से लेकर न्यायपालिका और चुनाव आयोग तक, विपक्ष की ओर से लगातार यह प्रयास देखा गया है कि जनता के मन में इन संस्थानों के प्रति अविश्वास पैदा किया जाए। यही कारण है कि उपराष्ट्रपति चुनाव केवल एक पद के लिए मतदान नहीं था, बल्कि यह उस नकारात्मक राजनीति और राष्ट्र-विरोधी विमर्श के खिलाफ एक जनादेश की तरह सामने आया। सी.पी. राधाकृष्णन की ऐतिहासिक जीत ने स्पष्ट कर दिया है कि देश की राजनीति में राष्ट्रवाद की विचारधारा ही जनता के विश्वास की धुरी है। विपक्ष भले ही इसे संख्या का खेल बताने का प्रयास करे, लेकिन तथ्य यह है कि क्रॉस वोटिंग और विपक्षी खेमे में बिखराव ने उनकी एकता की पोल खोल दी। यह संदेश दूर तक गया है कि जब बात राष्ट्रहित और स्थिरता की आती है तो विपक्षी दलों के भीतर भी कई लोग एनडीए के साथ खड़े होना पसंद करते हैं। यह जीत विपक्ष द्वारा रची जा रही उस नकारात्मक छवि को भी ध्वस्त करती है जिसमें संवैधानिक पदों को मात्र राजनीतिक उपकरण के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा था। राधाकृष्णन ने इसे राष्ट्रवाद की जीत कहा है और इसमें गहरा संदेश छिपा है। दरअसल, यह जीत उन लोगों के लिए आश्वस्ति है जो मानते हैं कि लोकतंत्र में विरोध ज़रूरी है लेकिन विरोध की आड़ में देश की संस्थाओं को कमजोर करना आत्मघाती है। देखा जाये तो उपराष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रवादियों की जीत विपक्ष की नकारात्मक राजनीति पर करारा जवाब है। इसके अलावा, उपराष्ट्रपति पद पर सीपी राधाकृष्णन की जीत का गहरा असर तमिलनाडु की राजनीति पर भी पड़ने वाला है। तमिलनाडु लंबे समय से द्रविड़ राजनीति का गढ़ रहा है, जहां भाजपा अब तक सीमित प्रभाव ही बना पाई है।*

---

## एक्सप्रेस आलेख

**शहरी योजनाओं में जलनिकासी और हरियाली को महत्व देना होगा, पर्वतीय विकास में संयम लाना होगा और सबसे बढ़कर जनजागरूकता फैलानी होगी ताकि लोग समझ सकें कि पर्यावरण की रक्षा ही उनके जीवन की रक्षा है। जरूरत है कि आपदाओं को केवल 'प्राकृतिक' न मानकर उन्हें 'मानव निर्मित' एवं सरकार की गलत नीतियों की आपदाएं' भी समझा जाए। इसका अर्थ है कि इनका समाधान केवल राहत और बचाव तक सीमित न रहकर दीर्घकालिक रणनीति से जुड़ा होना चाहिए। विशेषज्ञों की राय, वैज्ञानिक अध्ययन और स्थानीय समुदायों के अनुभवों को मिलाकर ऐसी नीतियां बननी चाहिएं, जो पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना और पारिस्थितिकी को ध्यान में रखें।**

# प्रकृति की नाराजगी को नहीं समझा तो मानव अस्तित्व खतरे में



ललित गर्ग

**प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति हमें चेतावनी दे रही है कि यदि हमने समय रहते संतुलित विकास का मार्ग नहीं चुना तो भविष्य और अधिक भयावह होगा। पूर्व चेतावनी प्रणाली को सशक्त बनाना, पहाड़ी राज्यों के बीच आपसी समन्वय बढ़ाना, आपदा प्रबंधन तंत्र को त्वरित और प्रभावी बनाना, और सबसे बढ़कर-वनों एवं प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना, यह सब आज की सबसे बड़ी जरूरत है।**

प्रकृति अपनी उदारता में जितनी समृद्ध है, अपनी प्रतिशोधी प्रवृत्ति में उतनी ही कठोर है। जब तक मनुष्य उसके साथ तालमेल में रहता है, तब तक वह जीवन को वरदान देती है, जल, जंगल और जमीन के रूप में। लेकिन जैसे ही मनुष्य अपनी स्वार्थपूर्ण महत्वाकांक्षाओं और तथाकथित आधुनिक विकास की अंधी दौड़ में प्रकृति की उपेक्षा करने लगता है, यही प्रकृति विनाश का रूप धारण कर लेती है। आज पूरे भारत में जो बाढ़, जल प्रलय और मौसम के अनियंत्रित बदलाव के दृश्य दिखाई दे रहे हैं, वे केवल प्राकृतिक आपदा नहीं हैं, बल्कि हमारी गलतियों का सीधा परिणाम हैं। प्रकृति के इस रौद्र रूप के पीछे महज संयोग या 'कुदरत की नाराज़गी' को जिम्मेदार ठहराना पर्याप्त नहीं है। यह आपदाएं सीधे-सीधे जलवायु परिवर्तन, वनों की अंधाधुंध कटाई और अनियंत्रित विकास मॉडल का परिणाम हैं। पहाड़ों का पारिस्थितिकी तंत्र अत्यंत संवेदनशील होता है, लेकिन नीतिनिर्माताओं ने पहाड़ों के विकास को मैदानी मॉडल पर ढालने की कोशिश की। बड़े-बड़े होटल, अव्यवस्थित सड़कें, बांध, खनन और निर्माण ने पहाड़ों की नाजुक संरचना को हिला दिया। जब जंगल काटे जाते हैं तो वर्षा का पानी भूमि में समाने के बजाय सीधे तेज धाराओं के रूप में बहने लगता है। यही बाढ़ और भूस्खलन का बड़ा कारण बनता है, इसी से भारी तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है, देश के बड़े हिस्से में जन-जीवन अस्त-व्यस्त है, लाखों हेक्टेयर फसलें जनमग्न है, जान-माल का नुकसान भी बड़ा हुआ है, भारी आर्थिक नुकसान ने घना अंधेरा बिखेर दिया है। चारों ओर चिन्ताओं एवं परेशानियों के बादल मंडरा रहे हैं। आज की बाढ़ और जल प्रलय केवल पानी का उफान नहीं, बल्कि हमारी गलतियों का आईना है। यह प्रकृति का प्रतिशोध है, उसकी चेतावनी है कि यदि अब भी नहीं चेते तो भविष्य और भी विकराल होगा। महात्मा गांधी ने कहा था-÷प्रकृति हर किसी की आवश्यकता पूरी कर सकती है, लेकिन किसी के लालच को नहीं।÷ यही सच्चाई है। यदि हमने संतुलन नहीं सीखा, तो यह विनाशकारी दृश्य आने वाले वर्षों में और भयावह होंगे। लेकिन यदि हमने चेतावनी को अवसर माना, तो प्रकृति फिर से मां की तरह हमें संभाल लेगी। जीवनदायी पानी जब अपने विकराल रूप में सामने आता है तो उसका प्रकोप कितना घातक और विनाशकारी हो सकता है, यह इस वर्ष की मूसलाधार मानसूनी बारिश एवं बादल फटने की घटनाओं ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है। सामान्यतः जल जीवन का आधार है, लेकिन जब वही जल अपनी मर्यादा तोड़कर प्रलयंकारी रूप में आता है तो घर, खेत, सड़क, पुल, मंदिर-मस्जिद और मानवीय जीवन तक बहाकर ले जाता है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के पहाड़ी राज्य इस समय प्रकृति के ऐसे ही कहर का दंश झेल रहे हैं। बादल फटने की अप्रत्याशित घटनाएं, पहाड़ों से टूटते हिमखंड, अचानक बहते मलबे और



**बादल फटने की घटनाएं केवल त्रासदी नहीं, स्पष्ट संदेश हैं–कि प्रकृति के साथ असंतुलन की कीमत हमें अपने अस्तित्व से चुकानी पड़ सकती है। इसलिए विकास की नीतियों को पर्यावरण की दृष्टि से पुनर्परिभाषित करना ही इस संकट से उबरने का वास्तविक मार्ग है।**

बेकाबू नदियों का सैलाब-ये सब मिलकर भयावह परिदृश्य खड़ा कर रहे हैं। वनों की कटाई ने न केवल भूमि की जलधारण क्षमता घटाई है, बल्कि स्थानीय जलवायु चक्र को भी प्रभावित किया है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान बढ़ा है, जिससे पहाड़ी इलाकों में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और अप्रत्याशित समय पर अत्यधिक वर्षा हो रही है। यही कारण है कि बादल फटने जैसी घटनाएं पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गई हैं। पहाड़ों की बस्तियां, जो कभी प्राकृतिक संतुलन में जीती थीं, अब मानवजनित गतिविधियों की मार झेल रही हैं। दरअसल, समस्या का मूल यह है कि हमने विकास की परिभाषा को केवल कंक्रीट और मशीनों से जोड़ दिया है। पर्यावरणीय संतुलन और पारिस्थितिकीय संवेदनशीलता को दरकिनार कर योजनाएं बनाई गईं। इसी का परिणाम है कि जब आपदा आती है तो न तो हमारी चेतावनी प्रणाली पर्याप्त साबित होती है और न ही प्रशासन की तैयारियां। सर्वोच्च न्यायालय में हिमाचल सरकार ने यह स्वीकार भी किया है कि अब तक अपनाए गए उपाय अपर्याप्त हैं। यह स्वीकारोक्ति बताती है कि समस्या कितनी गंभीर है। भारत की नदियाँ कभी जीवन का स्रोत मानी जाती थीं। गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, नर्मदा, गोदावरी जैसी नदियों के किनारे सभ्यताएँ पली-बढ़ीं। लेकिन आज वही नदियाँ मौत का पैगाम बनकर आती हैं। कारण है उनके प्राकृतिक प्रवाह में मानवीय हस्तक्षेप-बेतरतीब बांध, अतिक्रमण, नालों में बदल चुकी धारा और किनारों पर बसी बस्तियाँ। भारत में हर साल औसतन 1,600 लोग बाढ़ से मारे जाते हैं और लगभग 75 लाख लोग प्रभावित होते हैं। फसलें तबाह होती हैं, पशुधन मरता है और अरबों रुपए की आर्थिक क्षति होती है। केवल 2023 में उत्तराखंड, हिमाचल और दिल्ली में आई बाढ़ से 60,000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ। पिछले कुछ दशकों में मौसम का पैटर्न पूरी तरह बिगड़ चुका है। मानसून जो पहले जून से सितंबर तक नियमित हुआ करता था, अब अनिश्चित और असमान हो गया है। कभी 24 घंटे में महीनों की बारिश हो जाती है, तो कभी लंबे सूखे का दौर देखने को मिलता है। 2013 की केदारनाथ त्रासदी ने पहाड़ों में अंधाधुंध निर्माण की पोल खोल दी। 2023 में दिल्ली में यमुना का 45 साल का रिकॉर्ड टूटना इस बात का संकेत है कि शहर जलवायु परिवर्तन और अव्यवस्थित शहरीकरण के सामने पूरी तरह असुरक्षित हो चुके हैं। देश के लगभग हर हिस्से में जल प्रलय की कहानियाँ देखी जा सकती हैं। उत्तराखंड और हिमाचल में पहाड़ टूट रहे हैं, भूस्खलन से गांव उजड़ रहे हैं। बिहार और असम में बाढ़ हर साल लाखों लोगों को बेघर कर देती है। दिल्ली और मुंबई जैसे आधुनिक महानगर भी जलजमाव से पंगु हो जाते हैं। राजस्थान जैसे रेगिस्तानी राज्य में भी अनियंत्रित बारिश और बाढ़ का नया खतरा मंडरा रहा है। सड़कों पर नावें चल रही हैं, पुल बह गए हैं, खेत-खलिहान जलमग्न हैं। यह नजारा केवल विनाश का नहीं, बल्कि हमारी नासमझी का प्रमाण है। प्रकृति बार-बार संकेत देती है कि संतुलन ही जीवन का आधार है, लेकिन हमने उसकी सीमाओं को लांघ दिया है। पहाड़ों को खोखला कर सुरंगें और सड़कें बनाई गईं। जंगलों को काटकर कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए गए। नदियों को उनके मार्ग से हटाकर कृत्रिम रास्तों में बांध दिया गया। आज जब बादल फटते हैं या नदियाँ बेकाबू होती हैं, तो यह केवल आपदा नहीं बल्कि प्रकृति का प्रतिशोध है। अब सवाल यह है कि इस संकट से निपटें कैसे। केवल राहत और मुआवजा देना समाधान नहीं है। आवश्यकता है दीर्घकालिक और ठोस कदम उठाने की। हमें जंगल बचाने होंगे, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल करना होगा।

---

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पंचमी 09:59 तक |
| नक्षत्रः | भरणी 11:59 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | व्याघात, 13:40 तक |
| सूर्योदयः | 06:05 |
| सूर्यास्तः | 18:22 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 10:41-12:13 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:49 -12:38 |

## जन एक्सप्रेस

### है मिला आघात !

*कर दिया किनारे ।*
*उठी ऐसी बात ।।*
*चले गए सदमे में ।*
*है मिला आघात ।।*
*आई अपनी बारी जब ।*
*लिया पल्ला झाड़ ।।*
*रहे भरते दंभ ।*
*हिलाना है पहाड़ ।।*
*पड़ गए अकेले ।*
*कस रहे सब तंज ।।*
*है होना स्वाभाविक ।*
*अंदर अंदर रंज ।।*
*है हुआ अन्याय ।*
*दिए पत्ता काट ।।*
*आगे से अब अपनी ।*
*हो गई है वाट ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# प्याज के छिलके को भूनकर बालों में लगाने से मिलेंगी कई फायदे

**प्याज** का इस्तेमाल हम सभी के घरों में खाना पकाने और सलाद के रूप में इस्तेमाल होता है। लेकिन, क्या आपको पता है बालों के स्वास्थ्य के लिए प्याज काफी फायदेमंद माना जाता है। लोग अपने बालों में प्याज का रस और लेप का इस्तेमाल करते हैं, जो हेयर ग्रोथ में मदद करता है। प्याज का इस्तेमाल करने के बाद अक्सर लोग इसके छिलके को फेंक देते हैं। लेकिन, ये छिलके भी आपके बालों के लिए फायदेमंद माने जाते हैं। प्याज में मौजूद गुण आपके स्कैल्प और बालों के हेल्थ के लिए काफी लाभकारी होता है।

**बालों का झड़ना कम करें:** प्याज के छिलकों में फ्लावोनोइड्स, खासकर क्वेरसेटिन मौजूद होता है, जो बालों की जड़ों से मजबूत बनाने में मदद करता है। ऐसे में जब प्याज के छिलकों को हल्का भून कर पाउडर बनाकर बालों में इस्तेमाल करने से स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाने में मदद मिलती है, जिससे बालों का झड़ना कम होता है और बाल मजबूत बनते हैं।

**डैंड्रफ और खुजली से राहत:** प्याज के छिलके को भूनने के बाद इसमें मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण आपके स्कैल्प को साफ रखने में मदद करते हैं> भुने प्याज के छिलकों में नारियल का तेल मिलाकर लगाने से डैंड्रफ और खुजली की समस्या को दूर करने में मदद मिलती है। पाए जाते हैं, जो स्कैल्प को साफ रखते हैं। इससे



डैंड्रफ और खुजली की समस्या दूर होती है। प्याज के छिलकों को भूनकर पाउडर बनाएं और नारियल तेल में मिलाकर स्कैल्प पर लगाएँ।

**समय से पहले बालों को सफेद होने से रोके:** भुने हुए प्याज के छिलकों में नेचुरल पिगमेंट होते है, जो बालों को समय से पहले काला होने से रोकते हैं और समय से पहले सफेद होने की समस्या से भी बचाते हैं। इसलिए अगर आपके बाल सफेद हैं तो इसका नियमित इस्तेमाल आपके बालों को काला बना सकता है, और अगर काले हैं तो समय से पहले बालों के सफेद होने की समस्या से बचाव कर सकता है।

**बालों की चमक बढ़ाए:** प्याज के छिलके में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स बालों को प्रदूषण और धूप के कारण होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करता है। जब आप इन छिलकों का हेयर मास्क बनाकर इस्तेमाल करते हैं तो ये आपके बालों के नेचुरल चमक को बनाए रखने और उन्हें मजबूत बनाने में मदद करता है।

**नेचुरल हेयर कंडीशनर:** प्याज के छिलकों को भूनकर और फिर उबाल कर आप इसका अर्क तैयार कर सकते हैं, जो बालों के लिए एक नेचुरल कंडीशनर के रूप में काम करता है, जिससे बाल मुलायम और मजबूत होते हैं।

**बालों पर भुने हुए प्याज के छिलकों का इस्तेमाल कैसे करें?:** बालों के लिए भुने हुए प्याज के छिलकों का इस्तेमाल काफी फायदेमंद माना जाता है। आप नियमित रूप से इन छिलकों का उपयोग अपने बालों में अलग-अलग तरीकों से कर सकते हैं। इन छिलकों का उपयोग करने के लिए पहले प्याज के छिलकों को अच्छी तरह सुखा लें। फिर धीमी आंच पर इसमें से खुशबू आने तक हल्का भूनें। छिलकों के ठंडा होने पर इन्हें पीसकर पाउडर बना लें। इस पाउडर को दही, एलोवेरा या नारियल तेल में मिलाकर हेयर मास्क की तरह भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

**निष्कर्ष:** भुने हुए प्याज के छिलके आपके बालों के लिए एक नेचुरल उपाय है, जो बालों को पोषण देने और उन्हें मजबूत बनाने में मदद करते हैं। लेकिन, अगर आप पहली बार इन छिलकों का इस्तेमाल अपने बालों में करने जा रहे हैं तो पहले पैच टेस्ट कर लें, ताकि किसी तरह की एलर्जी के बारे में पहले पता लगाया जा सके।

---

## एक्सप्रेस विशेष

# ट्रंप का नरम रुख, मोदी का दृढ़ जवाब



प्रो. आरके जैन

**ट्रंप को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया। आगामी हफ्तों में भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ताएं पुन: शुरू होने की संभावना है। अगले सप्ताह भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका का दौरा करेगा ताकि व्यापारिक बाधाओं को दूर किया जा सके।**

**यदि दोनों देश व्यापारिक बाधाओं को दूर करने और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने में सफल होते हैं, तो यह न केवल द्विपक्षीय संबंधों के लिए, बल्कि वैश्विक स्थिरता और समृद्धि के लिए भी एक ऐतिहासिक कदम होगा। दो महान लोकतंत्रों, भारत और अमेरिका का एकजुट होकर काम करना वैश्विक चुनौतियों से निपटने में अभूतपूर्व प्रभाव डाल सकता है।**

**कुछ** महीनों पहले तक भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव की सर्द हवाएं बह रही थीं। डोनाल्ड ट्रंप के 50 प्रतिशत टैरिफ की धमकी और रूस से तेल खरीदने की आलोचना ने दोनों देशों के बीच दरार पैदा की थी। लेकिन अब माहौल बदल रहा है। ट्रंप के हालिया बयानों में दोस्ती और सहयोग का स्वर गूंज रहा है, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस सकारात्मक बदलाव का स्वागत करते हुए द्विपक्षीय रिश्तों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प जताया है। यह बदलाव न केवल कूटनीतिक दृष्टि से अहम है, बल्कि वैश्विक मंच पर दोनों देशों के रणनीतिक हितों को अभूतपूर्व मजबूती प्रदान करता है। 6 सितंबर को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने भारत-अमेरिका संबंधों को अनन्य और विशेष करार दिया। उन्होंने कहा, मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा। वह एक असाधारण नेता हैं। यह बयान उस समय आया जब कुछ दिन पहले ट्रंप ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट की एक तस्वीर साझा करते हुए कहा था, ÷लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। इस टिप्पणी ने दोनों देशों के रिश्तों पर सवाल खड़े किए थे, लेकिन ट्रंप का ताजा बयान उस आलोचना को पीछे छोड़ता नजर आता है। 10 सितंबर को ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, मुझे यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि भारत-अमेरिका के बीच व्यापारिक बाधाओं को हटाने के लिए वार्ताएं पुनः शुरू होंगी। मैं अपने प्रिय मित्र, प्रधानमंत्री मोदी से संवाद के लिए उत्साहित हूं।÷ यह बयान न केवल उनके नरम रुख को दर्शाता है, बल्कि रिश्तों को मजबूत करने की उनकी दृढ़ इच्छा को भी रेखांकित करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस सकारात्मक संदेश का त्वरित और उत्साहपूर्ण जवाब दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा, भारत और अमेरिका अटूट मित्रता और स्वाभाविक साझेदारी से बंधे हैं। मुझे विश्वास है कि हमारी व्यापार वार्ताएं दोनों देशों के रिश्तों की अपार संभावनाओं को साकार करेंगी। मोदी का यह जवाब न केवल ट्रंप की भावनाओं की सराहना करता है, बल्कि भारत की उस कूटनीतिक नीति को भी रेखांकित करता है जो आपसी सम्मान, संयम और पारस्परिक लाभ पर टिकी है। भारत ने ट्रंप की आलोचनाओं का हमेशा धैर्य और तर्कपूर्ण जवाब दिया, जिसने इस कूटनीतिक सौहार्द को संभव बनाया। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों का इतिहास उतार-चढ़ाव से भरा रहा है, फिर भी दोनों देशों ने आपसी हितों को मजबूत करने की दिशा में हमेशा प्रयास किए हैं। फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा ने इस रिश्ते को नया आयाम दिया, जब दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने का संकल्प लिया। व्हाइट हाउस में हुई चर्चा के दौरान 21वीं सदी के लिए यूएस-इंडिया कॉम्पैक्ट की शुरुआत हुई, जो सैन्य साझेदारी और व्यापारिक सहयोग को अभूतपूर्व स्तर तक ले जाने का एक साहसिक कदम था। हालांकि, अगस्त 2025 में ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ और व्यापार वार्ताओं को रोकने के फैसले ने तनाव पैदा किया। अब ट्रंप का बदला हुआ सौहार्दपूर्ण रुख इस रिश्ते को नई गति देने का संकेत है। ट्रंप के इस नरम रवैये के पीछे कई ठोस कारण हैं। पहला, भारत की वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति। भारत न केवल एक उभरती आर्थिक महाशक्ति है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका का अपरिहार्य रणनीतिक साझेदार भी है। दूसरा, अमेरिका की आंतरिक राजनीति और वैश्विक व्यापार नीतियों का दबाव। भारत पर टैरिफ और रूस से तेल खरीदने की आलोचना ने तनाव बढ़ाया था, लेकिन अब ट्रंप को यह स्पष्ट हो रहा है कि भारत जैसे मजबूत साझेदार को नजरअंदाज करना अमेरिकी हितों के लिए नुकसानदेह हो सकता है। तीसरा, भारत की स्वतंत्र और संतुलित विदेश नीति, जो न तो पूरी तरह पश्चिम की ओर झुकती है और न ही पूर्व की, ने ट्रंप को लचीला रुख अपनाने के लिए प्रेरित किया है। भारत ने इस पूरे घटनाक्रम में अपनी कूटनीतिक परिपक्वता और रणनीतिक दूरदर्शिता का परिचय दिया। ट्रंप की आलोचनाओं के जवाब में भारत ने न तो उग्र प्रतिक्रिया दी और न ही दबाव में झुका। प्रधानमंत्री मोदी ने दृढ़ता से स्पष्ट किया कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों–खासकर किसानों और ऊर्जा जरूरतों–से कोई समझौता नहीं करेगा। भारत की यह नीति, जो संयम और आत्मविश्वास का अनूठा संगम है, ने ट्रंप को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया। आगामी हफ्तों में भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ताएं पुनः शुरू होने की संभावना है। अगले सप्ताह भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका का दौरा करेगा ताकि व्यापारिक बाधाओं को दूर किया जा सके।

# ट्रांस शारदा क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों का हुआ उद्घाटन

## स्वास्थ्य शिविरों का किया आयोजन



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

हजारा। ट्रांस शारदा क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों का उद्घाटन किया गया तो वहीं अलग-अलग स्थानों पर पशु एवं मानव स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया है।

ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव रामनगर का मजरा चंदनगर में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का राम नगर ग्राम प्रधान पल्लवी सिंह ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया है

तो वहीं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव बैल्हा का मजरा शारदा पुरी में भी नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन आल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष परमजीत सिंह पीजी ने बैल्हा ग्राम प्रधान अमरीक सिंह की मौजूदगी में फीता काटकर किया है।

इस मौके पर सचिव प्रेमशंकर रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह के अलावा राम नगर भाजपा मंडल टीम के मंडल महामंत्री सत्य प्रकाश सिंह उपाध्यक्ष राम प्रवेश कनौजिया मंडल उपाध्यक्ष राजीव कुमार मंडल मंत्री रोशन लाल मंडल मंत्री डीके मदेशिया मंडल मंत्री देवानंद सिंह, अनिल गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे।

### मानव एवं पशु स्वास्थ्य शिविरों का हुआ आयोजन

ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव रामनगर पशु पालन विभाग की ओर से राजकीय पशु चिकित्सालय गांधी नगर के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ उज्जवल खरवार के नेतृत्व में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करते हुए पशुओं के स्वास्थ्य का परीक्षण कर औषधियों का वितरण किया गया है।इस मौके पर रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह व मंडल के अन्य सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।इसके अलावा ट्रांस शारदा क्षेत्र के ही गांव अशोकनगर के पंचायत भवन में मानव स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करते हुए सैकड़ों ग्रामीणों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया और रोगों से संबंधित दवाईयों का का नि:शुल्क वितरण किया गया है।इस मौके पर अशोकनगर ग्राम प्रधान नीलम मदेशिया के पति सूर्यभान मदेशिया सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### योग साधना से उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** लिटिल एंजेल्स स्कूल की प्रातः सभा गुरुवार को योग साधना और सम्मान समारोह को समर्पित रही। भारतीय योग संस्थान, उत्तर प्रदेश पूर्वी प्रान्त के उप प्रधान एवं मुक्ति धाम पीलीभीत के अध्यक्ष सीए संजय अग्रवाल ने योग शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। कक्षा 6 से 8 तक के सात विद्यार्थियों ने तीन मिनट तक वृक्षासन कर अपनी दक्षता साबित की थी। सम्मान समारोह के दौरान सीए संजय अग्रवाल, संस्थान के जिला प्रधान सतीश शर्मा और चयनित बच्चे मंच पर योग की महत्ता का संदेश देते दिखाई दिए। सीए संजय अग्रवाल ने कहा कि भारत 2047 तक स्वस्थ और समृद्ध तभी बनेगा जब बच्चों को अनुशासित जीवनशैली और योगाभ्यास से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि वे 40 वर्षों से सीए की प्रैक्टिस, 30 वर्षों से योग साधना और 20 वर्षों से निवेश परामर्श से जुड़े रहे हैं। अब समाज को लौटाने के भाव से उन्होंने इस पहल की शुरुआत की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्यक्रम नि:शुल्क होगा। बच्चे अपनी सामान्य पढ़ाई और गतिविधियों के साथ केवल एक निर्धारित समय पर रिपोर्टिंग करेंगे, जिससे वे स्वस्थ, अनुशासित और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगे। सीए अग्रवाल ने विवेकानंद की वाणी का उल्लेख करते हुए कहा卐मुझे सौ ऐसे युवा दो जिनकी बाँहों में लोहे का खून दौड़ता हो और मैं देश की दशा बदल दूंगा। इसी सोच के साथ उन्होंने आने वाली पीढ़ी को नई दिशा देने का संकल्प दोहराया।

# शारदा बैराज पहुँचे जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, गेट संचालन को खुद किया चेक

- निरीक्षण में दबाया स्टार्ट बटन, गेट संचालन व्यवस्था को परखा, दिए निर्देश
- बैराज की क्षमता, गेट संचालन और स्काडा सिस्टम की जानी बारीकियां



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

अपने तय कार्यक्रम के तहत जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह गुरुवार को प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग के साथ शारदा बैराज पहुँचे। बैराज परिसर में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने उनका स्वागत किया। मंत्री ने विभागीय और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैराज का स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जल शक्ति मंत्री ने शारदा बैराज, शारदा पोषक नहर, हेड रेगुलेटर तथा जल यांत्रिक संयंत्रों एवं स्वचालन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैराज के गेट संख्या 18 एवं 19 को स्टार्ट बटन दबाकर संचालन प्रक्रिया का अवलोकन किया, जो पूर्णतः सुचारु पाई गई। इस दौरान बैराज के समस्त गेटो का संचालन सुगम पाया गया।निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता (यांत्रिकी) सुजीत कुमार सिंह ने अवगत कराया कि शारदा बैराज में कुल 20 गेट हैं, जिनकी क्षमता लगभग 4,02,000 क्यूसेक है। वर्ष 2008 में बैराज से अधिकतम 3,94,752 क्यूसेक प्रवाह दर्ज किया गया था। सभी गेट स्काडा प्रणाली से पूर्णतः स्वचालित हैं, साथ ही आवश्यकता पड़ने पर मैनुअल संचालन की सुविधा भी उपलब्ध है। बैराज की दाहिनी ओर स्थित शारदा सहायक पोषक नहर की क्षमता 27,000 क्यूसेक है, जिससे प्रदेश के 18 जनपद लाभान्वित होते हैं। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने जनप्रतिनिधियों से बाढ़ एवं कटान निरोधी परियोजनाओं की जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों की परियोजनाओं की सतत मॉनिटरिंग हो, ताकि किसानों और आमजन को समय पर राहत मिल सके।

मंत्री ने नदी के जलस्तर बारे में भी जानकारी ली। इस पर अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में शारदा और घाघरा नदियाँ खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं। शारदा नदी में कराया गया चैनलाइजेशन कार्य प्रभावी साबित हो रहा।इस दौरान प्रमुख सचिव (सिंचाई) अनिल गर्ग, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, अमन गिरी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, सिंचाई विभाग के एचओडी संदीप कुमार, मुख्य अभियंता प्रभाकर प्रसाद, उपेंद्र सिंह, अधीक्षण अभियंता नीलेश जैन, धर्मेंद्र कुमार, लवकुश सिंह, विजय कुमार, अधिशासी अभियंता अजय कुमार, करणपाल, राम बहादुर, सुरजीत कुमार सिंह सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पिपरिया मझरा में बाघ ने अवारा पशु को बनाया निवाला

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** बाघ ने खेतों में घूम रही आवारा गाय का शिकार कर दिया। उसका अधखाया शव खेतों में मिलने से दहशत फैल गई। हिंदू संगठन ने पहुंचकर शव का अंतिम संस्कार करा दिया। तहसील क्षेत्र के गांव पिपरिया मझरा में पिछले लगभग एक महीने से बाघ आवारा पशुओं का शिकार कर रहा है। बुधवार को भी बाघ ने खेतों में घूम रही आवारा गाय को अपना निवाला बना लिया। खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने गाय का शव पड़ा देखा। उसके पास में ही बाघ के पगचिन्ह भी बने हुए थे। इससे ग्रामीण घबरा गए। जानकारी लगते ही दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सूचना गौ सेवक शिवम भदौरिया को दी। शिवम ने गाय के शव का अंतिम संस्कार करा दिया।

### सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस चार स्थानों पर लगवाएगी कैमरे

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस चार स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएगी। इसके लिए नगरपालिका से कहा गया है। इन कमैरों में सभी गतिविधियों की रिकार्डिंग होगी जिससे आवश्यकता पड़ने पर पड़ताल करने में पुलिस को आसानी रहेगी। कोतवाली पुलिस आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इसके बावजूद कोतवाली के आसपास होने वाली घटनाओं की सही जानकारी पुलिस को नहीं लग पाती। इससे उनकी तह तक जाना मुश्किल होता है। आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने और उनकी सही जानकारी के लिए पुलिस चार स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएगी। इन कैमरों में सभी गतिविधियां रिकार्ड हो जाएंगी जिससे पुलिस को घटनाओं की तह तक जाने में आसानी रहेगी। हालांकि कैमरों को लगवाने के स्थान पुलिस ने चयनित किए हैं लेकिन यह नगरपालिका के सौजन्य से लगवाए जाएंगे। कोतवाल सतेंद्र कुमार ने बताया कि दो कैमरे अधिवक्ता परिसर में मंदिर के आसपास लगवाए जाएंगे। कोतवाली गेट के दक्षिण ओर तिराहे पर भी कैमरे लगेंगे। नगरपालिका चौराहे से स्टेशन और ब्लाक कार्यालय जाने के मुख्य मार्ग हैं। पुलिस इस चौराहे को भी कैमरों से लैस करेगी। इन कैमरों संचालन तहसील से किया जाएगा। समय समय पर पुलिस इन कैमरों की सीसीटीवी फुटेज में भी चेक करेगी। कोतवाली पुलिस ने नगरपालिका चैयरमेन को भी कैमरे लगवाने के लिए अवगत करा दिया है।

### नगरपालिका गृह कर की फिर से कराएगी सर्वे

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** नगरपालिका बोर्ड की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित हुए। इस दौरान गृह कर की सर्वे कराने और मानचित्र के शुल्क पर बढोत्तरी करने सहित कई प्रस्ताव पास हुए। बृहस्पतिवार को नगर पालिका सभागार में अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जीआईएस सर्वे, भवन मानचित्र के शुल्क पर बढ़ोतरी पर विचार किया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद ने बताया कि नगर क्षेत्र के नक्शा को विनियमित क्षेत्र का प्रस्ताव शासन को पूर्व में भेजा जा चुका है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत डीपीआर प्रकाश व्यवस्था एवं सड़क के लिए भेजने को कहा गया है। इस दौरान वसूली कर्ताओं को स्वकर प्रणाली के अंतर्गत फिर से गृह कर की सर्वे करने को निर्देशित किया गया। विचार विमर्श के बाद बैठक में कई प्रस्ताव पास किए गए। बोर्ड बैठक के दौरान अधिवक्ता एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अमिताभ मिश्रा के पुत्र सिद्धांत मिश्रा और राममूर्ति खंडेलवाल की पत्नी शांता खंडेलवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर ईओ एजाज अहमद, लेखाकार दिनेश भारती, सभासद उर्मिला देवी, सूरज बाथम, उदित सिंह, राजो देवी, दिनेश कुमार, विकास गुप्ता, शाहजहाँ बेगम, राजेश कुमार, सूबेजहां बेगम, गौरव कुमार, नेहा, नुसरत परवीन, रोहित मिश्रा, नादिर रज़ा, सुशील कुमार गुप्ता, शराफत अली, अनुज कुमार गुप्ता, मो. मियां आदि मौजूद रहे।

### डाक सहायक ने डीएम से की महिला की शिकायत

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** अपने बचत खाते से रूपए निकालने के बावजूद एक महिला डाक सहायक पर रुपए हडपने का आरोप लगाकर प्रताड़ित कर रही है। डाक सहायक ने भविष्य में किसी प्रकार की घटना होने पर महिला और उसके पुत्र को जिम्मेदार ठहराते हुए डीएम से शिकायत की है। कस्बे के रहने वाले अभय सिंह पुत्र हरि सिंह उप डाकघर में डाक सहायक के पद पर कार्यरत है। उन्होंने डीएम को भेजे पत्र में बताया कि कस्बे की रहने वाली एक महिला डाकघर के बचत खाते से निकासी फार्म से साढ़े पांच लाख और चेक के माध्यम से पांच लाख रुपए निकालकर ले गई। महिला ने रुपए निकासी की पासबुक में इंटी भी कराई। इसके बावजूद महिला लगातार डाक सहायक अभय सिंह पर रुपए निकालने का आरोप लगाकर प्रताड़ित कर रही है। इससे वह मानसिक रुप से परेशान हैं और कार्य भी सहीं ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। अभय सिंह ने उनके साथ भविष्य में होने वाली किसी भी घटना के लिए महिला और उसके बेटे को जिम्मेदार बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा महिला ने भी डाक सहायक पर रुपए खाते से निकालने का आरोप लगाकर डीएम और कोतवाली पुलिस से शिकायत की है।

### तैयारियां पूरी आज शुरू होगा छोटी काशी कवयित्री महाकुम्भ

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** कपिलश फाउंडेशन के तत्वावधान में गोला गोकर्णनाथ के रॉयल में आज दिनांक 12 सितंबर दिन शुक्रवार सुबह 10 बजे को छोटी काशी कवयित्री महाकुम्भ का आगाज़ होने जा रहा है जो कि 14 सितंबर शाम तक लगातार 51 घंटे चलेगा और एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित करेगा।कपिलश फाउंडेशन अध्यक्ष शिप्रा खरे ने बताया कि इस कार्यक्रम में पूरे देश से 150 से अधिक कवयित्रियां सम्मिलित हो रही हैं। जिसमें प्रथम दिवस में पहली कवयित्री के रूप में राष्ट्रीय कवयित्री लखनऊ से सुफलता त्रिपाठी, बिहार से शेफालिका झा, लखनऊ से दिव्या मीरा, रेखा बोरा, मीनाक्षी शुक्ला, नोएडा से मनीषा जोशी, लखनऊ से डॉ विमलेश गंगवार, डॉ.कुसुम चौधरी, मशहूर शायरा इशरत सुल्ताना, संदीपिका दीक्षित, बिजनौर से रचना शास्त्री, सीतापुर से सीमा मिश्रा, जौनपुर से डॉ ऐश्वर्या सिन्हा, गाजियाबाद से स्वाति गोयल, खुर्जा से लक्ष्मी कनोडिया, कासगंज से गुंजन अग्रवाल, उत्तराखंड से रोशनी कुंवर, सावित्री जावड़ा, अंजलि डुडेज़ा, भोपाल से सुमन श्री मिश्रा सहित 70 कवयित्रियां कविता पाठ करेंगी।इस कार्यक्रम की निगरानी हेतु द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, दुबई के जज समीर सिंह भी शुक्रवार सुबह गोला गोकर्णनाथ पहुंच रहे हैं। जो यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्यक्रम द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के नियमों के अधीन हो रहा है कि नहीं।कपिलश प्रवक्ता एवं संयोजक श्रीकान्त तिवारी कान्त ने बताया कि अभी तक ऐसा आयोजन दुनिया में कहीं नहीं हुआ है जो केवल कवयित्रियों को समर्पित हो और 24 घंटे से अधिक लगातार चला हो। जैसा कि विदित है पिछले वर्ष भी कपिलश फाउंडेशन द्वारा लगातार 154 घंटे के छोटी काशी काव्य महाकुंभ का आयोजन किया गया था जिसमें देश भर से 678 कवियों ने काव्यपाठ किया था।

# बाढ़ से तबाह किसानों की आवाज दिल्ली तक पहुँची



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

हालिया बाढ़ से तबाह हुए किसानों की आवाज अब दिल्ली तक गूंज रही है। बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर पीलीभीत के किसानों की दुर्दशा और उनके स्थायी समाधान पर चर्चा की। लगातार बारिश और बाढ़ ने खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद कर दीं, जिससे किसान कर्ज और असुरक्षा की मार झेल रहे हैं। प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि राहत बाँटना पर्याप्त नहीं है, किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आधुनिक तकनीक, जैविक खेती और वैज्ञानिक सिंचाई व्यवस्था पर जोर देना होगा। केंद्रीय मंत्री ने विशेष परियोजना पर काम करने का आश्वासन दिया है। किसानों को उम्मीद है कि योजनाएँ कागजों से निकलकर खेतों तक पहुँचेंगी और उनकी आमदनी में वास्तविक सुधार होगा। प्रवक्तानंद महाराज की सक्रियता और संवेदनशीलता किसानों के बीच भरोसा जगा रही है।

स्थानीय स्तर से उठी यह पहल यदि केंद्र स्तर पर अमल में लाई जाती है, तो यह न केवल पीलीभीत बल्कि देशभर के किसानों के लिए राहत और उम्मीद की नई किरण बन सकती है।

# जेसीआई जनसमपर्क सप्ताह के दूसरे दिन नृत्य प्रतियोगिता ने बांधा समां

- अपने अपने समूहों में साक्षी कुरील, अलंकृत वर्मा, कार्तिक जायसवाल और कशिश पॉप बने विजेता




**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

जेसीआई द्वारा आयोजित जेसीआई जनसमपर्क सप्ताह के दूसरे दिन एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें 150से अधिक प्रतिभागियों ने विविध आयु वर्ग के चार समूहों में सहभागिता की। सबसे पहले आडीशन चक्र हुआ जिसमें सहभागिता करके 40प्रतिभागियों को चयन फाइनल चक्र हेतु चयनित किया गया। निर्णायक मंडल में पूर्णिमा इन्द्र, आकांक्षा त्रिपाठी, ऐश्वर्या सक्सेना, आरती श्रीवास्तव, दीपाली श्रीवास्तव व अमन पुरी सम्मिलित हुये।

उक्त प्रतियोगिता अर्चित महेन्द्र व कुशाग्र अग्रवाल के निर्देशन, पूर्वाध्यक्ष आर्येन्द्र पाल सिंह व तुषार गर्ग के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुयी। संस्था अध्यक्ष शुभम टण्डन, सचिव राहुल अग्रवाल, चेयरपर्सन जसप्रीत छाबड़ा, सप्ताह संयोजक सचिन अग्रवाल व सप्ताह प्रभारी पूर्वाध्यक्ष अमित मिश्रा की देखरेख में चल रहे जेसीआई जनसमपर्क सप्ताह का यह कार्यक्रम देर रात तक अपनी छटा बिखेरता रहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन मीडिया प्रभारी पूर्वाध्यक्ष आर्येन्द्र पाल सिंह द्वारा किया गया। काफी तगड़ा मुकाबला इस बार प्रतिभागियों में देखा गया। मुख्य अतिथि के रूप में टायर हाउस के प्रोपराइटर वासिफ खान सपत्नीक कार्यक्रम में शामिल हुये। निर्णयोंपरान्त जूनियर के विशेष वर्ग में कार्तिक जायसवाल विजेता और ख्याति खन्ना उपविजेता चयनित हुये। अवि शर्मा तृतीय स्थान पर रहे जबकि देवी गुप्ता व नैना देवी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। जूनियर वर्ग में विजेता व उपविजेता क्रमशः साक्षी कुरील व कुहू सिंह राना चयनित हुयीं और इस वर्ग में तृतीय स्थान पर आकांक्षा सिंह रहीं और अर्पित सिंह व महिमा सिंह को सांत्वना पुरस्कार पर सन्तोष करना पड़ा। प्रतियोगिता के विशेष सीनियर वर्ग जो कि किसी भी आयु के प्रतिभागियों हेतु था इसमें कशिश पॉप विजेता और लविशा तिवारी उपविजेता हुये। अजय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ जबकि कमल पॉप व ब्लैक पॉप सांत्वना पुरस्कार के हकदार बने। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में अलंकृत वर्मा विजेता बने और उपविजेता पर प्राची कश्यप ने अपना परचम लहराया। इसी वर्ग में संस्कृति गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं और तनीबा खान व लिया गुप्ता को सांत्वना पुरस्कार मिला। देर रात तक चली इस प्रतियोगिता में सैकड़ों की तादाद में नगरवासियों, प्रतिभागियों व संस्था सदस्यों ने अपनी उपस्थिति बनाये रखी। सौरभ वर्मा, कुलदीप गुप्ता, विशाल सेठ, अमर सिंह , मनीष बरनवाल, संजय अग्रवाल, अंकित मित्तल, राहुल माथुर, विश्वास सेठ, रजत शेखर, स्पर्श अग्रवाल, अजय महेन्द्र, राजेश पटेल, कामिनी सेठ, कंवलजीत चावला, मंजू बरनवाल, मीता गर्ग, लेखनी सेठ, सोनी गुप्ता, आरती सिंह, पूजा पुरी, शिप्रा श्रीवास्तव, मुक्ति अग्रवाल, पारुल पटेल, रश्मि खान,निशि अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, शिल्पी बरनवाल आदि कार्यक्रम के अन्त तक उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदू रक्षा परिषद के नए जिलाध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

- ठाकुर यशवंत सिंह के प्रथम आगमन पर निकला विशाल रोड शो, युवाओं का उमड़ा सैलाब

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**




विश्व हिंदू रक्षा परिषद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ठाकुर यशवंत सिंह के प्रथम आगमन पर गुरुवार को पूरे शहर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर उनके समर्थकों और संगठन के पदाधिकारियों ने एक विशाल रोड शो का आयोजन किया, जिसमें युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। मोटरसाइकिल और कारों की लंबी कतार के साथ निकले इस जुलूस ने शहर की सड़कों को जोश और ऊर्जा से भर दिया। रोड शो का शुभारंभ जेपी होटल से हुआ। यात्रा आसाम चौराहा, ओवरब्रिज, डिग्री कॉलेज चौराहा, छतरी चौराहा और गोनिया चौराहा होते हुए नकटा दाना चौराहा पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में जगह-जगह ढोल-नगाड़ों की थाप, फूलों की वर्षा और आतिशबाजी के साथ जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया।

### एकता को बताया संगठन की सबसे बड़ी ताकत

नकटा दाना चौराहा पर आयोजित सभा में ठाकुर यशवंत सिंह ने अपने संबोधन में सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की एकता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। यदि सभी मिलकर कार्य करें तो संगठन और अधिक सशक्त होगा और समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। सभा में परिषद के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखते हुए संगठन की नीतियों और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से समाजहित और हिंदुत्व की रक्षा में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

### प्रमुख पदाधिकारी रहे मौजूद

कार्यक्रम में वरिष्ठ जिला महामंत्री गोपाल शर्मा, प्रभारी आशीष लोधी, जिला कार्यवाहक जिलाध्यक्ष गौरव राना, जिला संगठन मंत्री शुभम सक्सेना, जिला महामंत्री सूरज वर्मा, जॉली गुप्ता, आशुतोष महाराज, विनोद कश्यप, पवन राजपूत, अजय राजपूत और मनोज वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान युवाओं का उत्साह और जोश साफ नजर आया। जयकारों से गूंजती सड़कें उत्सव का दृश्य प्रस्तुत कर रही थीं। कार्यकर्ताओं का विश्वास है कि ठाकुर यशवंत सिंह के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

# भारत-नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा पर खुफिया तंत्र हुआ सतर्क



- पड़ोसी मुल्क नेपाल में फैली अशांति को लेकर हजारा नेपाल सीमावर्ती सीमा सील

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

हजारा। पड़ोसी मुल्क नेपाल में उपजे विवाद और अशांति की आंच भारतीय सीमावर्ती क्षेत्र में न पहुंच जाएं भारतीय खुफिया तंत्र सीमा पर सतर्क हो गई हैं तो वहीं सुरक्षा एजेंसियों ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करते हुए पैनी नजर रखते हुए गश्त बढ़ा दिया है। पड़ोसी देश नेपाल में उपजे विवाद और तोड़ फोड़ आगजनी हिंसा और अशांति को देखते हुए भारत-नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा के नो मेंस लेंड पर और अंतराष्ट्रीय स्तंभों पर भारतीय खुफिया तंत्र सतर्क हो गई है तो वहीं भारत नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा पर तैनात 49वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के साथ पीएसी बल एवं थाना हजारा पुलिस बल के साथ नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र एवं भारत नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा पर पैनी नजर रखते हुए मुस्तैदी से गश्त बढ़ाते हुए चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। भारत-नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा के स्तंभ संख्या 784 पर बड़ी संख्या में सुरक्षा एंजेंसी एसएसबी, पीएसी व पुलिस बल के जवान व अधिकारियों ने गश्त किया है और सीमा पर चेकिंग अभियान भी चलाया है। गश्त के दौरान कंबोज नगर एसएसबी बीओपी चौकी के प्रभारी एवं हजारा थानाध्यक्ष शरद यादव कंबोज नगर पुलिस चौकी प्रभारी गौतम सिंह के नेतृत्व में नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में गश्त किया गया है।

### चेकिंग के दौरान इंडियन रुपयों के साथ पकड़ा गया नेपाली नागरिक

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी**



तिकुनिया भारत का पड़ोसी मित्र देश नेपाल में नेपाल सरकार द्वारा कुछ मोबाइल एप्स पर बैन लगाने व भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में इस समय युवाओं द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया जा रहा है। वही ज़्यादातर नेपाली नागरिक भारत में रोजी रोटी कमाने के लिए दिल्ली, गुजरात, मुम्बई, बैंगलूरू व राजस्थान जैसे प्रदेशों रह रहे है। वही आज सुबह एक नेपाली नागरिक प्रेम कुमार थारू पुत्र लाल बहादुर थारू जो कि भारत में गुजरात राज्य से वापस अपने देश नेपाल जा रहा था। जब वह बॉर्डर के खख़रौला एस एस बी कैंप पर पहुंच तो एस एस बी के चैकिंग के दौरान उस नेपाली के पास से 4 लाख 12 हजार 500 इंडियन केरेंसी मिली जिसको एस एस बी द्वारा पूछताछ करने पर युवक के द्वारा कोई भी पुख़्ता जानकारी न देने पर अग्रिम कार्यवाही हेतु युवक को तिकुनिया कस्टम के सुपुर्द कर दिया गया।

### हृदय रोगियों के लिए स्टेमी केयर नेटवर्क बना वरदान

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** दिल का दौरा (हार्ट अटैक) मरीज के जीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा साबित हो सकता है, लेकिन अगर समय रहते सही पहचान और इलाज मिल जाए तो जीवन को सुरक्षित किया जा सकता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया में (स्ञश्वस्ल्ल) स्टेमी केयर नेटवर्क ने यह साबित कर दिखाया है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ( सीएमओ) ने बताया कि शासन के निर्देश पर जिला चिकित्सालय सहित जनपद के पलिया, मोहम्मदी, गोला, मितौली व धौरहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चलाए जा रहा है। जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में निवास कर रहे लोगों को हार्ट अटैक से संबंधित समस्या होने पर उन्हें उनके नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही प्राथमिक उपचार या जीवन रक्षक उपचार मिल सके। स्टेमी केयर नेटवर्क के शुरू होने से कई जिंदगियां बताई गई हैं।इसी कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया के अधीक्षक डॉ. भरत सिंह के कुशल नेतृत्व में चल रहे स्ञश्वस्ल्ल स्टेमी केयर नेटवर्क (स्ञ-श्वद्यद्ग1ड्डह्लद्बश्ठ्ठ स्4श्ड्डह्स्रद्बड्डद्य ढ्ढठ्ठद्घड्डह्म्ष्ह्लद्बश्ठ्ठ) एसटी एलीवेशन मायोकार्डियल इनफाक्शन के तहत हार्ट अटैक के मरीजों को समय पर जीवन रक्षक उपचार मिल रहा है। जिला मुख्यालय से पलिया सीएचसी की दूरी 80 किलोमीटर से अधिक है जो किसी भी हृदय रोगी मरीज के लिए काफी गंभीर है। ऐसे में जब हृदय रोगी को तत्काल उपचार चाहिए

# खाली पड़े घर को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों के माल पर हाथ किया साफ

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



पलिया क्षेत्र के नौगवां कस्बे में एक घर में घुस कर चोर लाखों के जेवर व नगदी चुरा ले गए। गृहस्वामी के मुताबिक करीब 80 हजार की नगदी समेत तीन लाख की संपत्ती चोर ले गए हैं। नौगवां कस्बा निवासी संदीप राठौर पुत्र शत्रोहन लाल राठौर के घर में किसी समय चोर घुस गए और आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे 80 हजार रुपये समेत करीब तीन लाख के जेवर व कपड़े आदि चुरा ले गए। संदीप राठौर ने बताया कि उसकी एक दुकान व मकान विशेनपुरी में भी है।वह वहीं रहकर अपनी दुकान चलाता है। उसके परिवार में मां व उसकी बहनें यही रहती हैं।करीब एक सप्ताह पहले वह नौगवां में घर पर आया तो उसकी मां व दो बहनें उसके साथ विशेनपुरी थाना संपूर्णानगर चली गई। आज जब वह अपनी मां व बहनों को छोड़ने आया तो देखा कि दरवाजा खुला हुआ ता। उसने अंदर कमरों का दरवाजा चेक किया तो वह भी खुले हुए ते और पूरे घर में सामान बिखरा पड़ा था। घर में रखी आलमारी का ताला भी टूटा हुआ ता और उसमें रखी करीब 80 हजार की नगदी व जेवर तथा कपड़े आदि सभी गायब थे।अलमारी का सारा समान कमरे में बिखरा पड़ा था।मामले की सूचना उसने मझगई पुलिस को दी है। पुलिस ने मुआयना करने के बाद जांच शुरू कर दी है।मामले की तहरीर संदीप ने पुलिस को दे दी है।पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।थाना प्रभारी राजू राव का कहना है कि मामले की प्राथमिक जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली जाएगी और जल्द ही चोरी का खुलासा भी किया जाएगा।

# दोहरे हत्याकांड मामले में पूर्व बसपा विधायक को उम्रकैद की सजा, 71 हजार लगा जुर्माना

जन एक्सप्रेस । उरई



शहर के कालपी रोड़ पर गुरुवार को माहौल बेहद गर्म सा था, क्योंकि पूर्व बसपा विधायक को सजा सुनाई जानी थी और आज ही सुबह नौ बजे पूर्व विधायक छोटे सिंह ने न्यायालय में समर्पण कर दिया। क्योंकि 9 सितंबर को न्यायालय ने उन्हें दोहरे हत्याकांड में दोषी मान लिया था। जिसमें दो सगे भाई जगदीश शरण श्रीवास्तव और राजकुमार श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। 11 सितंबर को सजा का ऐलान होना था, न्यायालय की कार्रवाई होने के कुछ ही समय में उन्हें आजीवन कारावास एवं 71 हजार अर्थदंड की सजा सुना दी गई। न्यायालय परिसर अंदर और बाहर समर्थकों ने सन्नाटा सा छा गया।

फैसला आने के बाद उन्हें पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका स्वास्थ्य परीक्षण हुआ इसके बाद कारागार भेजा गया। इस पूरी प्रक्रिया से पूर्व उरई शहर को पुलिस ने छावनी में तब्दील कर दिया था। क्योंकि पूर्व विधायक ने फैसला आने के एक दिन पूर्व पूर्व विधायक ने अपने समर्थकों से ऐलान किया था कि सभी साथी उरई पहुंचे। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और न्यायालय परिसर के सामने कानपुर मार्ग को बंद कर दिया गया, यहां तक कि कई अधिवक्ताओं को अन्दर जाने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ी। यही नहीं मेडिकल कालेज से आने वाले लोगों को भी दिक्कत हुई क्योंकि उनको निकलने नहीं दिया। हालांकि यह दोपहर एक बजे तक रहा इसके बाद सामान्य हो गया। पूर्व विधायक छोटे सिंह एवं इनके साथ चार अन्य साथी रुद्र पाल सिंह उर्फ लल्ले गुर्जर, राजा सिंह संतावन सिंह गुर्जर, करन सिंह कल्ले इस दोहरे हत्याकांड में शामिल थे। इन चारों की सुनवाई अभी नहीं हुई क्योंकि सुनवाई पर उच्च न्यायालय ने रोक लगा रखी है। अकेले पूर्व विधायक की सुनवाई चल रही थी जिसमें गुरुवार को सजा का ऐलान हुआ है। छोटे सिंह चौहान वर्ष 2007 में बसपा से विधायक बने 2012 तक विधायक का कार्यकाल रहा, इसके बाद चुनाव तो लड़ते रहे लेकिन ज्यादा असर नहीं छोड़ पाए जब 2022 में निषाद पार्टी से भाजपा के समर्थन से चुनाव लड़ा तो महज लगभग 2500 वोटों से पराजित हुए इसके बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपनी नजदीकियों दिखाने के चक्कर में उनसे कई मुलाकातों का दौर भी चला, मुलाकातों कि तस्वीर वह अपने एकाउंट से जारी करते थे। इससे उनका कद भाजपा में अहम माना जाने लगा। जब छोटे सिंह चौहान 2007 में विधायक चुने गए थे उस समय इसी केस में हलचल हुई थी, तब राज्यपाल ने छोटे सिंह चौहान को इस मुकदमा से विरत कराने के लिए माफीनामा दिया था, लेकिन वादीगणों ने सर्वोच्च न्यायालय से राज्यपाल के आदेश को खारिज कराते हुए मुकदमे की सुनवाई समय रहते कराने का फरमान सुनवाया। जिस कारण पूर्व विधायक पर अकेले सुनवाई पूर्ण होने पर न्यायालय द्वारा यह फैसला सुनाया गया। पूर्व विधायक छोटे सिंह को पुलिस की गाड़ियां कारागार ले जा रही थी, उस समय भी गाड़ियों का काफिला उनके साथ था। कारागार के बाहर दो दर्जन से पुलिस के जवान तैनात थे, इसके पूर्व न्यायालय परिसर में 14 थानों की पुलिस, ग्रामीणों तीन पुलिस उपाधीक्षक एक बटालियन पीएसी तैनात थी।

# जिलाधिकारी ने आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए सख्त निर्देश



जन एक्सप्रेस । उरई

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने के कारण जनपद की रैंकिंग प्रभावित हो रही है, ऐसे में अधिकारी स्वयं पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का अवलोकन कर समयबद्ध व प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें। डीएम ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण तिवारी द्वारा समयबद्ध निस्तारण न करने पर शिकायत डिफाल्टर हो जाने के कारण प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज कर दी।उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायत निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से फोन पर वार्ता कर उसकी संतुष्टि की पुष्टि अवश्य की जाए। जिस मोबाइल नंबर से शिकायतकर्ता से बातचीत की जाए, उसे समय और तिथि सहित पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य होगा। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, एडीएम न्यायिक योगेंद्र सिंह, एडीएम नमामि गंगे प्रेमचंद, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# डॉ बालकृष्ण पांडेय भूटान के थिम्फू में होंगे विशेष सम्मानित

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज



भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संरक्षक व समाजसेवी डॉ बालकृष्ण पांडेय एडवोकेट उच्च न्यायालय इलाहाबाद को वर्ष 2025 के भूटान भारत साहित्य महोत्सव में सम्मान प्रदान किया जाएगा।, जहां भूटान के थिम्फू में 12 से 17 सितंबर तक छ: दिवसीय भव्य साहित्यिक सांस्कृतिक कार्यक्रमआयोजित किया जा रहा है 7सहयोगी संस्था क्रांतिधरा साहित्य अकादमी की अध्यक्ष पूनम पंडित ने बताया कि थिम्फू भूटान के समारोह में अपनी साहित्यिक एवं धार्मिक उपलब्धियों तथा समाज सेवा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए डॉ बालाकृष्ण को विशेष सम्मान से सम्मानित किया जाएगा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वह शिरकत करेंगे 7 उपरोक्त जानकारी भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ रवीन्द्र कुशवाहा ने दी है। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के संस्थापक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय व अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र तथा राष्ट्रीय सचिव डॉ योगेंद्र मिश्र विश्वबंधु व राष्ट्रीय महासचिव कार्यालय पवनेश पवन ने इस गौरवपूर्ण सम्मान के लिए डॉ बालकृष्ण पांडेय को अग्रिम बधाई दी है तथा स्थानीय पत्रकारों में इस बात को लेकर हर्ष व्याप्त है।

# संकल्प लेकर दंडवत यात्रा पर निकले सपा कार्यकर्ताओं का किया गया स्वागत

जन एक्सप्रेस । महोबा



समाजवादी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की समाधि पर पुष्प अर्पित करने का संकल्प लेकर पार्टी के कार्यकर्ता हनुमत सिंह यादव ग्राम खोनरिया एवं रज्जन यादव ग्राम डुमरा छतरपुर दंडवत यात्रा करके 6 सितंबर से लवकुश नगर मध्य प्रदेश से पैदल यात्रा करते हुए कुलपहाड़ नगर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके पूर्व लाड़पुर गांव में सपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खोनरिया निवासी हनुमत सिंह यादव व मध्य प्रदेश के डुमरा निवासी सज्जन यादव 6 सितंबर से दंडवत यात्रा करके सैफई में पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव कि समाधि स्थल पर माल्यार्पण करने का संकल्प लेकर दंडवत यात्रा पर निकले हैं। जिनका लाड़पुर ग्राम में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता इंजीनियर करन सिंह राजपूत व डॉक्टर सनत राजपूत ने संयुक्त रूप से दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ जोरदार साथ स्वागत किया।

दंडवत यात्रा कर रहे हनुमत सिंह यादव खोनरिया का कहना है कि उन्हें कई बार स्वपन में मुलायम सिंह ने दर्शन देकर कहा कि तुम मेरे पास आओ तभी से उसने यह संकल्प भी ले लिया था कि वह दंडवत यात्रा करके उनकी समाधि पर पुष्प अर्पित करेंगे। उसी संकल्प को पूरा करने के लिए वह दंडवत यात्रा कर रहे है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय राज यादव, इंजीनियर करन सिंह राजपूत, डॉ सनत राजपूत, सुरेंद्र सिंह वेवी राजा, राकेश द्विवेदी, मुकेश द्विवेदी, कौशलेंद्र यादव, तख्त सिंह यादव, अमित यादव, पप्पू यादव, बबलू यादव, रामनरेश यादव, रामेश्वर यादव सहित भारी संख्या में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए दीपक शुक्ला

जन एक्सप्रेस । महोबा



गुरु गोरखनाथ मंदिर परिसर गोरखपुर में महंत अवैद्यनाथ की पुण्यतिथि के अवसर पर दीपक शुक्ला निवासी ग्राम सूपा को विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति सदस्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं दर्जा प्राप्त मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष का पद सौंपा गया। इस खबर से जनपद के विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें फूल माला डाल मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। जनपद में दीपक शुक्ला हमेशा सक्रिय रहते हैं जिससे उनकी काबिलियत को देखकर ही उनको अपने संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है द्य वही नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ने उनके ऊपर जो विश्वास किया है वह उस पर पूरी तरह खरे उतरेंगे संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उसको वह बखूबी निभायेंगे और संगठन को और मजबूत करने की दिशा में हमेशा काम करेंगे द्य वहीं उन्होंने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष को नई जिम्मेदारी देने के लिए धन्यवाद कहा और जनपद के लोगों द्वारा दी गई बधाई एवं शुभकामनाओं के लिए सहृदय आभार व्यक्त किया।

# राजस्व वसूली में लापरवाही पर दिखाई सख्ती

जन एक्सप्रेस । उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की प्रगति का विस्तृत समीक्षा बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में आबकारी, परिवहन, विद्युत, खनन, स्टांप, नगर निकाय और वाणिज्यकर विभाग की राजस्व वसूली लक्ष्य के सापेक्ष कम पाई गई। इस पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए। लक्ष्य की सापेक्ष प्रगति न लाने वाले अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी राजस्व वसूली कार्यों में रुचि और जिम्मेदारी के साथ काम करें।

समीक्षा में यह भी पाया गया कि स्टांप, परिवहन और आबकारी विभाग द्वारा वसूली तो की गई, लेकिन पोर्टल पर अपलोड नहीं की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और कार्य प्रणाली में तत्काल सुधार लाने को कहा।।डीएम ने उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को पाँच वर्ष और तीन वर्ष पुराने राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धारा 34 एवं 116 के वाद पेंडिंग न रहें, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाएं। साथ ही उन्होंने सरकारी भूमि, तालाब, चारागाह और अन्य संपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कठोर अभियान चलाने के निर्देश दिए। कहा कि अवैध कब्जों की शिकायत मिलते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि खतौनी पटल पर हेल्पलाइन नंबर एवं आवश्यक जानकारियां अंकित कराई जाएं। जिससे आमजन को त्वरित सुविधा मिल सके। कहा कि जनपद के विकास कार्यों को गति देने और शासन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सभी विभाग पारदर्शिता, तत्परता और उत्तरदायित्व की भावना से कार्य करें। उन्होंने चेतावनी दी कि लक्ष्यों की प्राप्ति में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर एडीएम (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, एडीएम न्यायिक योगेंद्र सिंह, एडीएम नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल सहित सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## दंपति के बीच पारिवारिक विवाद से जुड़े 5 मामलों की बारी बारी से हुई काउंसलिंग

जन एक्सप्रेस/महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित सभागार में परिवार परामर्श केन्द्र कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी महिला थाना की अध्यक्षता एवं समिति के समस्त सम्मानित सदस्यगणों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ द्य कार्यक्रम के दौरान पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद से जुड़े 5 मामलों की काउंसलिंग की गयी। प्रत्येक जोड़े की समस्याओं को धैर्यपूर्वक व गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान हेतु विस्तृत परामर्श दिया गया। परामर्श के परिणामस्वरूप एक दम्पत्ति आपसी सहमति से पुनः साथ रहने के लिए तैयार हो गये, जबकि शेष मामलों में अगली तिथि पर पुनः काउंसलिंग हेतु बुलाया गया है। परिवार परामर्श केन्द्र के इस सफल प्रयास की परिजनों द्वारा सराहना की गयी और पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया गया। काउंसलिंग सत्र के दौरान उ0नि0 गयास अहमद, म0का0 रेखा देवी तथा परामर्श समिति के सदस्यगण डॉ. विभा पुरवार, शिवकुमार गोस्वामी एवं रामजी गुप्ता की सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही।

# जिला नशा मुक्ति केंद्र द्वारा आधारशिला वृद्धाश्रम में आयोजित किया गया जागरूकता कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । महोबा



जिला नशा मुक्ति केंद्र द्वारा आधार शिला वृद्धाश्रम में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में वृद्धजनों व मौजूद आमजन को नशा मुक्त जीवन जीने के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर नशा मुक्ति केंद्र के चिकित्साधिकारी डॉ. तनवीर कौसर द्वारा नशे का सेवन करने से होने वाले नुकसान के बावत जानकारी दी गई। वृद्धाश्रम में नशा के विरूद्ध चलाए जा रहे जागरूकता अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. तनवीर ने कहा कि नशा हमारे शरीर की शक्ति को खत्म कर उसे बीमारियों का घर बना देता है। अगर शरीर को नशे की लत पड़ जाती है तो वह इतनी आसानी से नहीं छूटती और अच्छे भले शरीर को कंकाल बना देता है, इसलिए हमें स्वयं भी और दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। कहा कि धूम्रपान व तंबाकू मुक्त जीवन जीने के लिए सभी लोगों को ध्यान केंद्रित करना होगा। धूम्रपान करने वाले व्यक्ति व उसके आसपास के लोगों के स्वास्थ्य पर न केवल बुरा प्रभाव पड़ता है, बल्कि अब दूसरे व तीसरे व्यक्ति पर भी बुरे प्रभाव डालता है। जिला नशा मुक्ति केंद्र की काउंसलर नीलू चतुर्वेदी ने नशे से पारिवारिक दिक्कतों पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नशे की लत से परिवार को गंभीर वित्तीय, भावनात्मक, और मानसिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जिससे रिश्ते बिगड़ते हैं और परिवार का बिखराव हो सकता है साथ ही भावनात्मक असुरक्षा, क्रोध, अपराधबोध और शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर अभिषेक ने भी केंद्र के बावत संपूर्ण जानकारी लोगों को उपलब्ध कराई साथ ही केंद्र पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को उपचार के लिए प्रेरित किया। अंत में केंद्र के चिकित्साधिकारी ने सभी उपस्थित लोगों नशे से दूर रहने के प्रति शपथ दिलाई। इस मौके पर इस मौके पर टीएस अर्चना चतुर्वेदी, नैंसी द्विवेदी, ओआरडब्ल्यू से शिवानी, प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर पंकज, नर्स ऊषा के अलावा प्रकाश व सोशल वर्कर राहुल सहित वृद्धाश्रम प्रबंधक बलवान सिंह मौजूद रहे।

## एंटी-रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने विभागाध्यक्ष एवं डीन प्रो. मोहम्मद आसिफ खान के मार्गदर्शन में एक दिवसीय एंटी-रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का समन्वयन प्रो. इरफान खान और सहायक प्रोफेसर डॉ. नग़्मा अजहर ने किया। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षकगण प्रो. नवाब अली खान, प्रो. आसिया चौधरी और पूर्व शिक्षक प्रो. इमरान सलीम व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. नग़्मा अजहर ने रैगिंग के गंभीर परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने देशभर में घटित कुछ घटनाओं का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार सख्त कार्यवाही के जरिए रैगिंग पर रोक लगाई गई है। उन्होंने भारत के सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों, एंटी-रैगिंग कानूनों और आपराधिक प्रावधानों की जानकारी दी। डॉ. अजहर ने यह भी बताया कि रैगिंग की किसी भी घटना की शिकायत के लिए ऑनलाइन पोर्टल उपलब्ध है, जिससे छात्र सुरक्षित तरीके से शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# प्रसूता की डिलेवरी के नाम पर पैसे मांगने के लगाए गए आरोप

जन एक्सप्रेस । महोबा



तीमारदार ने प्रसूता की डिलेवरी पर अवैध रूप से पैसे मांगने के आरोप लगाए हैं। अवैध धन उगाही की सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने स्टाफ नर्स की क्लास लगाते हुए कार्यवाही करने की बात कही है। बता दें पूरा मामला पनवाड़ी के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के लेवर रूम का है। जहां पर विकास खंड के ग्राम दिदवारा निवासी हरदेव और उसकी पत्नी अपनी प्रसूता बहू छाया पत्नी देवेंद्र को लेकर स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे। आरोप है बहू की डिलेवरी होने पर तीमारदार से ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स ज्योति ने 2100 रुपयों की मांग की है। आरोप है तीमारदार ने जब पैसे देने से मना कर दिया तो उनको भयभीत करने के लिए प्रसूता को रेफर करने की धमकी देने लगी। हद तो तब हो गई जब स्टाफ नर्स ने पैसे मिलता न देख प्रसूता के पति देवेंद्र जो कि गांव में था उसको अपने मोबाइल नंबर से फोन कर दिया। प्रसूता की डिलेवरी पर अवैध पैसे की मांग पर तुरंत मौके पर पहुंच नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा ने आरोपित स्टाफ नर्स को चेतावनी देकर कार्यवाही करने की बात कही है।

# 6 मतदेय स्थलों को यथावत बनाए रखने पर बैठक में व्यक्त की गई सहमति

जन एक्सप्रेस । महोबा



आगामी उत्तर प्रदेश विधान परिषद इलाहाबाद-झाँसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदान स्थलों की आलेख्य सूची 2025-2026 पर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में गुरुवार को अपराह्न 1 बजे समस्त राष्ट्रीय एवं राज्जीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की गई।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा श्रीनगर, खरेला, महोबकण्ठ एवं खन्ना में मतदेय स्थल बनाए जाने हेतु सुझाव प्राप्त हुए थे। जिसमें राजनैतिक दलों के साथ चर्चा के दौरान सदर तहसील के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज श्रीनगर एवं पू0मा0वि0 खन्ना में नवीन मतदेय स्थल प्रस्तावित किया गया है एवं महोबकण्ठ एवं खरेला से मतदेय स्थल की दूरी 16 किमी के अन्दर होने के कारण कोई भी नया मतदेय स्थल बनाया जाना प्रस्तावित नहीं किया गया। उक्त प्रस्ताव पर समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा सहमति व्यक्त की गई एवं पूर्व प्रस्तावित 6 मतदेय स्थलों को यथावत बनाए रखने पर भी सहमति व्यक्त की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पाण्डेय, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ प्रदीप कुमार, उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेन्द्र कुमार सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मवई अहीर प्रधान ने भ्रष्टाचार की लिखी एक और गाथा, सीसी पर सीसी दिखाकर निकाला पैसा

जन एक्सप्रेस । उरई/जालौन

एक ओर जहां प्रदेश सरकार पारदर्शी तरीके से विकास कार्यों को कराने का दावा करने में पीछे नहीं रहती है तो वहीं दूसरी ओर मवई अहीर ग्राम पंचायत के प्रधान भ्रष्टाचार का गाथा लिखने से नहीं चूक रहे हैं।हैरानी की बात तो यह है कि गांव में पूर्व प्रधान के कार्यकाल में व आरईएस से सीसी सड़क डाली गयी जिसका वर्तमान प्रधान ने दूसरी बार भुगतान निकालकर डकार लिया।

ग्राम पंचायत में हुये गोलमाल को सोशल ऑडिड की टीम भी नहीं पकड़ पायी जिस पर ग्रामीण स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। कदौरा विकासखंड की ग्राम पंचायत मवई अहीर जहां वर्तमान में भूपेंद्र सिंह प्रधान है। गांव में पूर्व प्रधान द्वारा और आरईएस से सभापति के मकान से संतोष के मकान तक सीसी सड़क का निर्माण कराया था। लेकिन वर्तमान प्रधान ने उसी सीसी सड़क का दूसरी बार स्टीमेट बनाकर 1 लाख 14 हजार 423 रुपये का भुगतान निकालकर डकार लिया। बताया जाता है कि इस गोलमाल में विकासखंड के अधिकारी भी शामिल रहे। जब गांव में हुये भ्रष्टाचार की जानकारी जागरूक ग्रामीणों को पता चली तो उन्होंने मामले को खंगाला, जिससे हकीकत निकलकर सामने आयी कि वर्तमान ग्राम प्रधान ने हेराफेरी कर पूर्व प्रधान द्वारा और आरईएस द्वारा डलवायी गयी सीसी सड़क का पुनः भुगतान निकालकर हजम कर लिया। जिसकी उन्होंने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुये मांग की कि ग्राम प्रधान द्वारा किये गये फर्जीबाड़े की जांच कराकर सरकारी धन की रिकवरी सुनिश्चित करायी जा सके। ताकि विकास कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। वहीं ग्रामीणों का कहना था कि गांव में कराये गये कार्यों का प्रति वर्ष सोशल ऑडिट भी होता है फिर सोशल ऑडिट टीम ने ग्राम प्रधान के गोलमाल को क्यों नहीं पकड़ा, जिससे प्रतीत होता है कि ऐसे भ्रष्ट कारनामों में सभी की सहभागिता रहती है। इसी बात की चर्चायें गांव के ग्रामीणों के मुंह से सुनी जा रही है।

# नेपाल : जेल से फरार कैदियों में से पांच लौटे, 542 अब भी लापता

■ प्रशासन की अपीलरू जल्द करें आत्मसमर्पण, नहीं तो होगी सख्त कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस | महराजगंज**

भारत से सटे पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के नवलपरासी जिला कारागार में अभूतपूर्व फरार कांड के बाद हालात अब भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। 576 बंदियों में से जहां 29 कैदियों ने जेल नहीं छोड़ी थी, वहीं 547 कैदी जेल तोड़कर बाहर निकल गए थे। गुरुवार सुबह तक इनमें से सिर्फपांच कैदी ही कारागार प्रशासन से संपर्क में आए हैं, जबकि शेष 542 अब भी फरार हैं।

कारागार प्रमुख विकल श्रेष्ठ ने बताया कि कुछ कैदियों ने फोन के माध्यम से लौटने का आश्वासन दिया है और धीरे-धीरे वापसी का सिलसिला शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी गंभीरता से स्थिति पर नजर रखे हुए है और सुरक्षा इंतजामों को और कड़ा कर दिया गया है।



## कैसे हुआ था जेल कांड

सूत्रों के अनुसार नेपाल के जेएन जेड के प्रदर्शनकारियों ने नवलपरासी जिला कारागार के प्रशासन से बातचीत के बहाने चार सशस्त्र पुलिसकर्मियों और दो नेपाल पुलिसकर्मियों को बुलाया। इसके बाद उन्हें बंधक बनाकर जेल पर कब्जा कर लिया। जिसके विभिन्न मामले में बंद अभियुक्त मौके फायदा उठाकर कैदी भाग निकले। स्थिति को काबू में करने के लिए सुरक्षाबलों को कई राउंड हवाई फायरिंग भी करनी पड़ी।

## प्रशासन सतर्क, कर्फ्यू जारी

प्रमुख जिला अधिकारी हिरालाल रेग्मी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जो कैदी स्वेच्छा से लौटकर आत्मसमर्पण नहीं करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगजनी व तोड़फोड़ के बाद उत्पन्न अराजकता को देखते हुए सुरक्षा बल पूरी सतर्कता के साथ तैनात हैं। नवलपरासी जिला प्रशासन ने पूरे क्षेत्र में कर्फ्यू लागू कर रखा है।

## सेना और सुरक्षा बल सक्रिय

स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए नेपाली सेना, सशस्त्र पुलिस बल और स्थानीय पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाल रखा है। सीमावर्ती इलाकों में भी चौकसी बढ़ा दी गई है ताकि कोई भी कैदी नेपाल की सीमा पार कर भारत न भाग सके। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर दहशत का माहौल है। लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं, जबकि प्रशासन लगातार अपील कर रहा है कि फरार कैदी जल्द से जल्द आत्मसमर्पण करें ताकि सामान्य स्थिति बहाल हो सके।

# बेकाबू बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

देवरिया-कसया मार्ग पर मुंडेरा बाबू चौराहे के पास बुधवार की रात करीब नौ बजे को बेकाबू बोलेरो ने सामने से बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, हरैया गांव निवासी उमाकांत त्रिपाठी (50) कसया में सबया रोड पर कमरा लेकर सपरिवार रहते थे। वह ट्रक चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। बुधवार की दोपहर में बाइक से अपने गांव में एक पड़ोसी के मकान की छत ढलाई में शामिल होने आए थे। भोजन करने के बाद बाइक से कमरे पर पर जा रहे थे। मुंडेरा बाबू चौराहे के पास सामने से आ रही बेकाबू बोलेरो ने बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इससे उनकी मौके पर मौत हो गई। थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि सड़क हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौके पर मौत हो गई है।

# सीमा पर सुरक्षा सख्त, नेपाल में तनाव से बाजार सुनसान

## इमरजेंसी व जरूरी सामान के लिए दी जा रही सीमित ढील, गश्त तेज

**जन एक्सप्रेस | ठूठीबारी/महराजगंज**




मित्र राष्ट्र नेपाल में बिगड़े हालात के मद्देनज़र भारत नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। सभी सीमा चौकियों पर सशस्त्र सीमा बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। लगातार गश्त व पेट्रोलिंग की जा रही है। कस्बाई बाजारों में सन्नाटा पसरा है, जबकि नेपाल की ओर नवलपरासी व महेशपुर जैसे प्रमुख बाजारों में लगभग दो तिहाई दुकानें बंद पड़ी हैं।

नेपाल में उपद्रव और तनाव के कारण आम नागरिकों में डर का माहौल है। लोग घरों से निकलने से कतरा रहे हैं और जरूरत का सामान जुटाने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। इसका सीमावर्ती भारतीय बाजारों में भी व्यापक असर दिखाई दे रहा है। बाजार से रौनक गायब है। आमतौर पर नेपाली ग्राहकों से गुलजार रहने वाले ठूठीबारी, बरगदवा, परसामालिक व लक्ष्मीपुर खुर्द समेत आसपास के भारतीय बाजारों में ग्राहक नदारद हैं।

वहीं सुरक्षा एजेंसियों द्वारा इमरजेंसी सहित आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बनाए रखने के लिए सीमा पर सीमित आवाजाही की अनुमति दी गई है। एसएसबी बीओपी इंचार्ज इंस्पेक्टर शिव पूजन ने बताया कि फिलहाल सीमा पर शांति है। स्थिति पर पैनी नजर रखी जा रही है। सभी नाकों पर अतिरिक्त बल तैनात है और चौकसी बढ़ा दी गई है। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और सहयोग बनाए रखने की अपील की है। सीमा पर सुरक्षा घेरा और सतर्कता के बीच दोनों देशों के स्थानीय निवासी हालात सामान्य होने का इंतजार कर रहे हैं।

# सीएम योगी ने अपने गुरु को दी श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ का स्मरण करते हुए कहा कि महंतद्वय समाज, राष्ट्र और लोक जीवन से जुड़े हर मुद्दे पर सनातन धर्म और भारत के हितों के प्रति प्रतिबद्ध रहे।

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कर्ता के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करना सनातन धर्म का पहला संस्कार है। भारतीय मनीषा के ज्ञान दर्शन में इस बात को प्रतिष्ठित किया गया है कि जीवन में हमारे, समाज और राष्ट्र के प्रति जिस किसी ने योगदान दिया हो उसके प्रति कृतज्ञता का भाव होना ही चाहिए।

सीएम योगी युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 56वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की11वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतिम दिन गुरुवार (आश्विन कृष्ण चतुर्थी) को महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने रामायणकाल में हनुमानजी और मैनाक पर्वत के बीच हुए संवाद के मुख्य उद्धरण 'कृते च कर्तव्यम एषः धर्म सनातनः' को समझाते हुए कहा कि यह भाव सनातन से ही मिलता है। सनातन की परंपरा में पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता का भाव व्यक्त करने के लिए आश्विन माह का पूरा कृष्ण पक्ष ही समर्पित किया गया है। गोरक्षपीठ में ब्रह्मलीन पूज्य महंतद्वय की पुण्य स्मृति में साप्ताहिक आयोजन भी कृतज्ञता ज्ञापन का ही आयाम है।

**सनातन और भारत के हित में हर मुद्दे पर आजीवन प्रतिबद्ध रहे गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय : सीएम योगी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ का स्मरण करते हुए कहा कि महंतद्वय समाज, राष्ट्र और लोक जीवन से जुड़े हर मुद्दे पर सनातन धर्म और भारत के हितों के प्रति प्रतिबद्ध रहे।

महंत दिग्विजयनाथ जी ने सनातन धर्म, शिक्षा, सेवा और राष्ट्रीयता के जिन मूल्यों और आदर्शों को स्थापित किया, उन्हें महंत अवेद्यनाथ जी ने आत्मसात कर आगे बढ़ाया। इन मूल्यों और आदर्शों के लिए, देश और धर्म के लिए महंतद्वय आजीवन समर्पित रहे। दोनों ने सदैव देश और धर्म को प्राथमिकता दी। गोरक्षपीठ आज भी उनके बताए मार्ग का अनुसरण कर रहा है।

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सशक्त राष्ट्र की बुनियाद मानते थे महंतद्वय**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सभ्य समाज और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला माना। महंत दिग्विजयनाथ जी ने इसी ध्येय से देश की गुलामी के कालखंड में ही 1932 में महाराणा प्रताप जैसे वीर योद्धा के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की थी।

# बदलते मौसम से वायरल बुखार का बढ़ा प्रकोप

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग की ओपीडी में वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। ओपीडी में आने वाले मरीजों में से 40 प्रतिशत रोगी वायरल फीवर से पीड़ित होते हैं। मौसम में उतार-चढ़ाव लोगों की सेहत पर भारी पड़ रही है। दिनचर्या में थोड़ी सी लापरवाही बीमार बना दे रही है। मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग में सहायक आचार्य डॉ. ओमकार मिश्र के अनुसार विभाग में आने वाले मरीजों में से करीब 40 प्रतिशत रोगी वायरल फीवर से पीड़ित होते हैं। इसके अलावा डेंगू, टायफायड के भी मरीज मिल रहे हैं। मरीजों को दवा देकर घर भेज दिया जाता है। यदि बीमारी गंभीर हुई तो ही ऐसे मरीजों को भर्ती किया जाता है। वहीं डेंगू के रोगी मिलने पर उसे तुरंत वार्ड में भर्ती कर चिकित्सा शुरू कर दी जाती है। बुधवार को डॉक्टर को दिखाने आए सचिन को बुखार था। डॉक्टर ने जांच कर दवा दे दी और उबला हुआ पानी पीने, साफ-सफाई रखने की सलाह दी।

# 13 वर्षीय बच्चे ने फांसी लगाकर दी जान, मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस | पनियरा/महराजगंज**



पनियरा कस्बे में गुरुवार की सुबह दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कस्बे में रहने वाले 13 वर्षीय विनायक जायसवाल पुत्र रंजीत जायसवाल ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक का लंबे समय से मानसिक रोग से पीड़ित था और उसका इलाज चल रहा था। वह अपने बड़े पिता और दादा-दादी के साथ पनियरा कस्बे में रह रहा था।

मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को युवक के दादा, जो दिल के मरीज हैं, वह इलाज कराने लखनऊ जा रहे थे।

विनायक भी उनके साथ जाने की जिद कर रहा था, लेकिन परिजनों ने उसे घर पर ही रहने के लिए समझाया। दादा के लखनऊ रवाना होने के बाद विनायक रोते हुए अपने कमरे में चला गया और बाहर नहीं निकला। करीब 10रू30 बजे जब परिवारजन उसे दवा देने गए, तो कमरा अंदर से बंद मिला। खिड़की से झाँककर देखा गया तो वह टाई के सहारे पंखे से लटका हुआ मिला। आनन-फानन में पुलिस और डायल 112 को सूचना दी गई। मौके पर पहुँची फॉरेंसिक टीम ने दरवाजा काटकर शव को बाहर निकाला और जाँच-पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने माता-पिता का बड़ा बेटा था। छोटा भाई ओममणि (10 वर्ष) घटना के समय स्कूल में था। मृतक के पिता रंजीत जायसवाल, कुशीनगर जिले के रामकोला थाना क्षेत्र के लक्ष्मीगंज के पूर्व प्रधान हैं और अपनी पत्नी के साथ वहीं रहते हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुँचे और परिवार में कोहराम मच गया। आस-पड़ोस के लोग भी बड़ी संख्या में जमा हो गए। इस थानाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, मामले की जाँच पड़ताल की जा रही है।

# डीएम की सख्ती का दिखा असर, अस्पतालों में इलाज करते मिले चिकित्सक

**जन एक्सप्रेस | कुशीनगर**



मेडिकल कालेज की जांच के बाद कालेज प्रशासन में हड़कंप रहा। बुधवार को चिकित्सक ओपीडी में इलाज करते दिखे। इमरजेंसी में भी चिकित्सक इलाज कर रहे थे। मेडिकल कालेज प्राचार्य ने कहा कि दायित्व निर्वहन में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

मंगलवार को मेडिकल कालेज में निरीक्षक के लिए एडीएम वैभव मिश्रा पहुंचे तो यहां ओपीडी में चिकित्सक नहीं मिले। ओटीआर मशीन पर कपड़ा मिला, दवा काउंटर से मरीज को पूरी दवाएं नहीं मिली। ओटी की लाइट भी खराब मिली। इसके बाद बुधवार को मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. आरके शाही और जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. दिलीप ने मेडिकल कालेज के सभी पटल की जांच की। बीते दिन मिले कमियों के सुधार का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी डॉक्टर व कर्मचारी समय से आए। जिससे मेडिकल कालेज में आने वाले मरीजों को परेशानी न हो। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. दिलीप ने बताया कि सुबह आठ बजे अस्पताल के डॉक्टरों के शिप्ट का टाइमिंग है। इसी कारण कुछ डॉक्टर कम मिले है। कसया प्रतिनिधि के अनुसार नगर स्थित सीएचसी में बुधवार को सीएचसी के ओपीडी में काफी मरीजों की भीड़ लगी हुई थी। डाक्टर अपने चेंबर में इलाज करते हुए दिखे। कुछ डाक्टरों का चैंबर खाली रहा। बताया गया कि मेडिको लीगल के लिए ड्यूटी लगाई गई हैं। सीएचसी के इमरजेंसी में 12.10 बजे दो मरीजों का इलाज चल रहा था। सीएचसी प्रभारी डाक्टर मार्कण्डेय चतुर्वेदी अपने चैंबर में एक महिला को देखते हुए मिले। डॉ. आशुतोष पांडेय अपने चैंबर में मरीज देख रहे थे। उन्होंने बताया कि अबतक 60 मरीजों को देख चुके है। कप्तानगंज सीएचसी में भी मौजूद रहे डॉक्टर कप्तानगंज। सीएचसी में दूसरे दिन महिला डाक्टर रेनू मिश्रा के अलावा सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। बुधवार को पूरे दिन मरीजों से अस्पताल खचाखच भरा हुआ था और अन्य दिन के अनुपात में ओपीडी की संख्या अधिक थी और सभी डाक्टर अपने अपने ओपीडी रूम में मरीज देखते मिले वहीं महिला डाक्टर रेनू मिश्रा को दिखानें के लिए सुबह से दोपहर 12 बजे तक महिलाएं इंतजार करती रहीं। इलाज कराने आई रंजना राव, अंजली, रेनू, सुनीता, अमरावत देवी, मंजू देवी, रिंकी ने बताया कि अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा बताया गया है कि डाक्टर आएगी आप लोग इंतजार कर लीजिए।

# पडरौना डिपो में चालकों की कमी के चलते खड़ी रहती हैं पांच से छह बसें

**जन एक्सप्रेस | कुशीनगर**

परिवहन निगम की तरफ से पडरौना डिपो में लगातार बसों की संख्या में इजाफा किया जा रहा, बावजूद डिपो में पांच से छह बसें हर रोज डिपो में ही खड़ी रहती है। विभिन्न रूटों पर चालकों की कमी के कारण सात से आठ बसों का संचालन न होने से यात्रियों को असुविधा भी झेलनी पड़ती है। पडरौना डिपो की तरफ से 33 निगम और 21 अनुबंधित समेत 54 बसें संचालित होती हैं। इसमें से प्रतिदिनि दस बसें लखनऊ, दो कानुपर और एक बस दिल्ली के लिए संचालित होती हैं। डिपो में बसों की संख्या तो बढ़ी, लेकिन चालकों की संख्या यथावत बनी हुई है। डिपो सेवा योजन व ग्राम प्रधानों से संपर्क कर कई बार संविदा चालकों की भर्ती के लिए शिविर लगा चुका है, बावजूद चालकों की संख्या सिर्फ 58 बनी हुई है।

# जनशिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बर्दाश्त नहीं : डीएम

## शिकायतों में लापरवाही पर हुई बड़ी कार्रवाई, राजस्व निरीक्षक योगेंद्र कुमार निलंबित

**जन एक्सप्रेस | महराजगंज**



जनसमस्याओं के निस्तारण में शिथिलता और गंभीर लापरवाही को लेकर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सदर तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक योगेन्द्र कुमार को निलंबित कर दिया है। आरोप है कि राजस्व निरीक्षक ने पैसों की लेन-देन न होने पर रिपोर्ट गलत दर्ज की, जिससे संबंधित प्रकरणों में आम जनता को न्याय नहीं मिल सका।

जिलाधिकारी ने बताया कि शासन की प्राथमिकता जनसुनवाई, शिकायतों का निस्तारण करने की जिम्मेदारी प्रशासन है। ऐसे में किसी भी स्तर पर शिथिलता या मनमानी को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति संवेदनशील रहें और शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा लापरवाही या भ्रष्टाचार की शिकायत मिली, तो उसके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी राजस्वकर्मियों को हिदायत दी कि जनता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की टालमटोल या पक्षपात की प्रवृत्ति सहन नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी की इस कार्रवाई से राजस्व विभाग के कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति है। वहीं, आमजन में यह संदेश गया है कि शिकायतों के निस्तारण में अब कोई लापरवाही या लूट-खसोट नहीं चलेगी।

# युवक ने पेड़ से लगाई फांसी, गांव में मचा कोहराम

## नौवाबारी के सीवान में आम के पेड़ से लटकता मिला शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**जन एक्सप्रेस | ठूठीबारी/महराजगंज**



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा नौनिया के टोला नौवाबारी के सीवान में मंगलवार को एक युवक का शव आम के पेड़ से लटकता मिला। घटना की जानकारी होते ही गांव में सनसनी फैल गई। घटना सुनकर मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान हरिशंकर कसौधन 30 वर्ष पुत्र मोतीलाल कसौधन निवासी ग्रामसभा नौनिया के टोला नौवाबारी के रूप में हुई है। ग्रामीणों की माने हरिशंकर काफी दिनों से परेशान चल रहा था और इसी वजह से उसने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पिता मोतीलाल के तीन पुत्रों में मृतक हरिशंकर सबसे छोटा था। जो गोरखपुर में रहकर टेम्पो चलाकर अपने परिवार का भरन पोषण करता था। मृतक अपने पीछे परिवार में पत्नी कविता सहित पांच वर्षीय पुत्री सृष्टि व एक लड़का हर्षित तीन वर्ष छोड़ गया है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है।घटना की सूचना पर पहुंचे प्रभारी कोतवाल महेंद्र मिश्रा मय हमराह पुलिस बल के साथ पहुंच शव को नीचे उतरवा कर पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बाबत प्रभारी कोतवाल महेंद्र मिश्रा ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। गांव में अचानक हुई इस घटना से मातम पसर गया है। परिवार के सबसे छोटे सदस्य की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव के लोग इस घटना से गमगीन हैं।

# घूस लेने का आरोपी सहायक निलंबित

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

स्थानीय खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात कार्यालय सहायक प्रदीप मिश्र के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। मंगलवार को एंटी करप्शन टीम ने उन्हें नूरीगंज बाजार स्थित एक निजी विद्यालय प्रबंधक से मान्यता दिलाने के नाम पर 25 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। बीएसए शालिनी श्रीवास्तव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को प्रदीप मिश्र को निलंबित कर दिया। वहीं स्थानीय पुलिस ने भी कानूनी प्रक्रिया के बाद बुधवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे गोरखपुर स्थित जेल भेज दिया। इस प्रकरण ने शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा दिया है। पूरे दिन क्षेत्र में शिक्षकों और आम लोगों में मामले की चर्चा होती रही।

# सरयू पर बनेगा पीपा पुल...किसानों की आसान होगी राह

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**



सलेमपुर तहसील का महाल मंझरिया गांव का रकबा सबसे बड़ा है। गांव के पास से गुजरी सरयू नदी दो पाट में बंटी है। बीच के करीब 13 हजार एकड़ जमीन पर तटवर्ती गांव के अलावा बलिया व बिहार प्रांत के सिवान जिले के किसान गेहूं की खेती करते हैं।

नदी में पानी बढ़ने के चलते उनकी फसल की मड़ाई नहीं हो पाती है। किसानों की मांग पर सरयू नदी पर पीपा पुल बनाने की स्वीकृति मिल गई है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अफसरों से सर्वे कर लिया है। इसके प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है। नदी में पानी सामान्य होने के बाद पीपा का पुल लगाया जाएगा। इससे गेहूं की खेती के साथ गन्ने की फसल भी लहलहाएगी।

भागलपुर से निकली सरयू नदी पिंडी, महाल मंझरिया, कौसड़, खेमादेई, चुरिया, नदौली, करचो, मेहरौना होते हुए दो पाट में बहती है। सलेमपुर तहसील के लार ब्लॉक के 20 गांवों के किसान नदी के दोनों पाट के बीच वाले करीब 13 हजार एकड़ जमीन पर खेती करते हैं। इसमें बलिया जिले के डुहा, विहरा, कठौड़ी और बिहार के सिवान जिले के ग्यासपुर, मइरीटाल, डुमरहर आदि गांव के किसान भी शामिल हैं।

संसाधन व सुविधा नहीं मिलने के कारण सिर्फ गेहूं की फसल बोते हैं, मगर मड़ाई के समय नदी में पानी बढ़ने पर कंबाइन और ट्रैक्टर-ट्रॉली उस पार नहीं पहुंच पाता है। इसके चलते कभी-कभी गेहूं की फसल बर्बाद हो जाती है और किसानों को नुकसान का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर किसान कई बार आंदोलन कर चुके हैं और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से भी मांग की थी। शासन ने इसका संज्ञान लिया और सरयू नदी पर नदौली गांव के सामने पीपा का पुल बनाने के लिए स्थान चिन्हित किया। अब गेहूं की फसल की मड़ाई करने और नदी उस पार से इस पार लाने में किसानों को सहूलियत होगा। इसके अलावा बलिया जिले और सिवान जिले के तटवर्ती गांव के किसानों को भी इस रास्ते दियरा क्षेत्र में आने-जाने में आसानी होगी। पीपा पुल लग जाने से किसान गेहूं के साथ गन्ने की खेती भी करेंगे और जमीन उपयोगी होगी, क्यों कि नदी दो पाट में होने के कारण जो स्थान है वह काफी ऊंचा है, नदी में पानी बढ़ने के बाद भी वहां तक नहीं पहुंच पाता है। इस पहल से दियारा की जमीन की कीमत बढ़ जाएगी और यह जमीन उपयोगी होगी।

# राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी में मेरठ की टीम ने मारी बाज़ी, जीता गोल्ड मेडल

■ अतिथि द्वै ने फीता काटकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ, खिलाड़ियों से लिया परिचय

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**





**खेतासराय।** क्षेत्र के भूडकुड़हाँ ग्राम में गुरुवार की रात्रि आल इंडिया कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें देश के अनेक राज्यों से कुल चौबिस टीम ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देना और युवाओं की प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद धनंजय सिंह व विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंसू ने फीता काट कर किया तत्पश्चात खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारंभ हुआ। इसके पूर्व अतिथि द्वै का माल्यार्पण कर अग्वस्त्रम और सरदार भगत सिंह का चित्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल ग्रामीण भारत की पहचान है जो खेल भावना और अनुशासन को बढ़ावा देंगे। इसी कड़ी में विशिष्ट अतिथि प्रिंसू सिंह ने कहा की यह ऐसा खेल है जो बिना संसाधन के हो सकता है केवल उसमे अपनी ऊर्जा को लगाना होता है। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी मौजूद रहे जिनकी तालियों की गड़गड़ाहट ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। यहाँ कुल आईटीबीपी दिल्ली,यस यस बी हरियाणा सामने चौबीस टीम ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती और ताकत का शानदार प्रदर्शन किया।



रणनीतिक खेल का बेहतरीन नमूना पेश करते हुए रोमांचक मुकाबले खेले गए जिनमें बी के एकेडमी मेरठ ने अपने प्रतिद्वंदी को हराकर प्रथम पुरस्कार इक्यावन हज़ार रुपये नकद और गोल्ड मेडल जीता वहीं दूसरे स्थान पर वाराणसी कबड्डी टीम ने पैतिस हज़ार रुपये नकद और सिल्वर मेडल पर कब्जा कर लिया वहीं तीसरे स्थान पर जे डी एकेडमी नोयडा ने पंद्रह हज़ार रुपये नकद और ब्रांज मेडल पर संतोष करना पड़ा। चौथे स्थान पर जौनपुर कबड्डी टीम ने पंद्रह हज़ार रुपये का पुरस्कार जीता। कार्यक्रम का आयोजन अफ़ान जावेद और जका ख़ान ने किया इस अवसर पर नवीन सिंह, राणा सिंह, पूर्व प्रधान शाहिद, पूर्व प्रधान मतलूब, इब्राहिम ख़ान, साकिर ख़ान, दानिश आदि उपस्थित रहे।

# युवा पीढ़ी में संक्रमण की तरफ फैल रहा है तनाव: सीमा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग एवं वेलनेस सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में संकाय भवन के कांफ्रेंस हाल में विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह के दूसरे दिन तनाव प्रबंधन कार्यशाला एवं काउंसलिंग कैम्प सुनना और समझना का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने जीवन में तनाव मुक्त रहने के टिप्स भी दिए. विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह की थीम आत्महत्या के विषय पर दृष्टिकोण और संवाद को बदलना है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता जिला महिला अस्पताल की काउंसलर सीमा सिंह ने कहा कि एचआईवी पीड़ितों में आत्महत्या की प्रवृत्ति आजकल बहुत अधिक देखने को मिल रही है।

इसके बचाव के लिए उनकी निरंतर काउंसलिंग की जा रही है ताकि उनकी सोच में परिवर्तन लाया सके। पीड़ितों को काउंसलिंग के दौरान खुश रहने की भी टिप्स दिए जाते हैं और उसके सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं।

उन्होंने एक शोध का हवाला देते हुए कहा कि 40 प्रतिशत लोगों के जीवन में कभी न कभी एक बार आत्महत्या करने का विचार जरूर आता है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी में तनाव संक्रमण की तरफ फैल रहा है।

जिसका मुख्य कारण परिवार और समाज में पारंपरिक संस्कारों के प्रवाह का विकृत रूप होना है। अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो.मनोज मिश्र ने विद्यार्थियों से श्री रामचरितमानस के विभिन्न संदर्भों की याद दिलाते हुए जीवन में सकारात्मकता लाने की सलाह दी।

नोडल अधिकारी प्रो.अजय प्रताप सिंह ने कहा कि आजकल युवाओं में विभिन्न कारणों से तनाव तेजी से बढ़ता हुआ देखा जा रहा है।

संदेश दिया कि सकारात्मक सोच कभी नकारात्मकता से हारती नहीं है।

कार्यक्रम का संचालन व्यवहारिक मनोविज्ञान विभाग की शिक्षिका एवं परामर्श केंद्र की प्रभारी डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव ने किया।

इस अवसर पर डॉ. अन्नू त्यागी, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, ज्योति सिंह, सविता सहित विभिन्न विभागों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## तालाब में डूबने से 11 साल के बच्चे की मौत, गांव में मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** बरसठी थाना क्षेत्र के भदराव गांव में बुधवार शाम लापता हुआ 11 वर्षीय सिंघम सिंह पुत्र अनिल सिंह गुरुवार को तालाब में मृत मिला। बच्चा रोज़ाना गांव के प्राइमरी स्कूल और मंदिर के पास खेलता था। परिजन और ग्रामीण रातभर तलाश करते रहे, सोशल मीडिया पर फोटो भी वायरल हुई। पुलिस ने ननिहाल भदोही तक छानबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बाद में तालाब में खोजबीन के दौरान उसका शव मिला। अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कजरी महोत्सव में हिस्सा लेंगे डिप्टी सीएम, तैयारियां पूरी



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

जूनियर हाईस्कूल हरैया के परिसर में कजरी महोत्सव का आयोजन शुक्रवार को स्थानीय विधायक अजय सिंह द्वारा किया गया है। कार्यक्रम को लेकर डीआईजी संजीव त्यागी, डीएम रवीश गुप्ता और एसपी अभिनंदन ने गुरुवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अधिक भीड़ की संभावना को देखते हुए बड़े पैमाने पर रूपरेखा बनाई गई है। पुलिस-प्रशासन, सुरक्षा, यातायात व भीड़ प्रबंधन के कड़े प्रबन्ध के निर्देश दिए।।विधायक अजय सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रहेंगे। वे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना का चाबी वितरण, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक वितरण, स्वयं सहायता समूह और सरकारी योजनाओं का निरीक्षण करेंगे, साथ ही कार्यक्रम में लगाए गए विभिन्न स्टालों एवं प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे। विधायक ने बताया कि कजरी महोत्सव में जाने माने कलाकारों द्वारा आल्हा, कजरी गीत, लोकगीत, सोहर और स्थानीय स्तर के विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। जिसमें आल्हा सम्राट फौजदार सिंह आल्हा की प्रस्तुति देंगे। दूरदर्शन गोरखपुर की लोक गायिका सृष्टि दुबे और प्रख्यात लोकगायिका प्रतिमा यादव कजरी, लोकगीत सहित विभिन्न प्रकार की स्थानीय गीतों की प्रस्तुति देंगी।

## पिता ने पुत्र को कुल्हाड़ी से मार कर किया घायल, हालत गंभीर जिला चिकित्सालय रेफर



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अरगुपुर गांव में मामूली विवाद के चलते नाराज पिता ने आवेश में आकर अपने ही पुत्र के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने उक्त घायल युवक को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। बीबीगंज चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत अरगुपुर कला गांव में बुधवार की रात मामूली कहासुनी के दौरान मुन्नीलाल ने किसी बात से नाराज़ होकर घर में रखा कुल्हाड़ी से अपने 32 वर्षीय पुत्र शैलेंद्र को मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की जानकारी होने पर परिजनों ने आनन-फानन में इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त घायल युवक की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। वहीं मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को नहीं दिया।

# दिवंगत शिक्षक कृपाशंकर परिवार को 50 लाख सहयोग मिलेगा

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



शिक्षक समाज हमेशा से एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़ा होकर समाज में मिसाल कायम करता आया है। इसी कड़ी में टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने एक बार फिर मानवीय संवेदनाओं और शिक्षक एकता का परिचय दिया है। टीम ने गौर विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय इमिलिया में तैनात रहे दिवंगत शिक्षक कृपाशंकर के परिजनों को लगभग 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। इसके लिए पैकोलिया थाना क्षेत्र के आमा गांव स्थित उनके घर पहुंचकर स्थलीय और अभिलेखीय सत्यापन किया गया।

निरीक्षण के बाद टीम के जिला संयोजक प्रमोद कुमार ओझा ने बताया कि कृपाशंकर के परिवार को मिलने वाला यह सहयोग संस्था की उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसके तहत अब तक सैकड़ों शिक्षक परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि संस्था हर संभव प्रयास करेगी कि दिवंगत शिक्षक के आश्रितों तक समय पर सहायता राशि पहुंच सके।

टीम के सह-संयोजक राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि कृपाशंकर परिवार को मिलने वाली सहायता राशि 50 लाख से भी अधिक हो सकती है। यह सहयोग संस्था के प्रत्येक सदस्य के छोटे-छोटे योगदान से ही संभव हो पाता है। प्रवक्ता राजेश कुमार ने कहा कि बस्ती जनपद में वर्तमान समय में 6260 सदस्य संस्था से जुड़े हैं। ये सभी शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी निष्ठा एवं समर्पण के साथ संगठन को मजबूत बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि संस्था की स्थापना से अब तक कुल 396 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को 167 करोड़ 78 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि शिक्षक समाज एक-दूसरे की मदद के लिए किस हद तक संवेदनशील है। संस्था का उद्देश्य केवल आर्थिक सहयोग तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह शिक्षकों में परस्पर विश्वास, आत्मीयता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत करता है। ब्लॉक मीडिया प्रभारी मंगला प्रसाद मौर्य ने कहा कि कृपाशंकर परिवार को दिया जाने वाला सहयोग उनके लिए एक बड़ा संबल साबित होगा। यह मदद केवल धनराशि भर नहीं है, बल्कि शिक्षक समाज की एकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब कोई शिक्षक साथी असमय कालकवलित हो जाता है, तो उसके परिवार के सामने अनेक चुनौतियाँ खड़ी हो जाती हैं। ऐसे समय में यह सहायता उनके जीवन को स्थिरता और सुरक्षा प्रदान करती है। सत्यापन के दौरान जिला प्रवक्ता राजेश कुमार, मंडल सह संयोजक राकेश कुमार श्रीवास्तव, जिला सह संयोजक अमर चंद वर्मा सहित दिलीप कुमार चौधरी, अजीज अंसारी, अखिलेश मौर्य, गणेश प्रताप सिंह, देवनाथ, संजय चौहान, मंगला प्रसाद मौर्या, आशीष कुमार, सियाराम यादव, राकेश चौहान और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह कदम दिवंगत शिक्षक के परिवार के लिए राहत का बड़ा साधन बनेगा और समाज में शिक्षक समुदाय की भूमिका को और सशक्त करेगा।शिक्षक समाज की इस पहल को देखकर स्थानीय लोगों ने भी संस्था की सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि जिस तरह से शिक्षक एक-दूसरे के परिवार के लिए आगे आकर सहयोग कर रहे हैं, वैसा उदाहरण विरले ही मिलता है। संस्था की पारदर्शिता और कार्यप्रणाली ने शिक्षक समाज में विश्वास को और गहरा किया है। अंततः यह सहयोग न केवल कृपाशंकर परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करेगा, बल्कि यह भी संदेश देगा कि शिक्षक समाज में कोई भी अकेला नहीं है। हर परिस्थिति में पूरा समुदाय उसके साथ खड़ा है। यही एकता और संवेदनशीलता संस्था की असली पहचान है।

# लेफ्टिनेंट मानद उपाधि से अलंकृत सैनिक का गांव में हुआ स्वागत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर खुटहन बीरमपुर गांव निवासी व सेना में सूबेदार के पद पर तैनात अशोक कुमार उपाध्याय को गत स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति द्वारा लेफ्टीनेंट की मानद उपाधि मिलने से गदगद ग्रामीणों ने गुरुवार को उनके पैतृक गांव आगमन पर फूल मालाओं के हार से भव्य स्वागत किया।

आयोजित सभा में अपना उद्गार व्यक्त करते हुए श्री उपाध्याय ने कहा कि सेना में यह उपाधि प्राप्त करना एक सैनिक के लिए गर्व का बिषय होता है। हमारी कड़ी मेहनत, इमानदारी और मातृ और गुरु कृपा से ही यह संभव हो पाया। उन्होंने अपने सैनिक जीवन के सफर में देश की सीमा पर बिताए वर्षों में गर्व, आनंद और भौतिक कठिनाइयों को लोगों के बीच साझा किया। कहां कि एक सैनिक के तन, मन और अंतःकरण में सिर्फ आगे बढ़ते रहने का जज्बा भरा होता है। वह सिर्फ जीत के जुनून में होता है। इस मौके पर एयरफोर्स के पूर्व वारंट अफसर ओम प्रकाश उपाध्याय, पंडित अवधेश दूबे, पूर्व शिक्षक आदित्य नारायण पाण्डेय, डेबई, संतोष तिवारी, संतोष मिश्रा, संतोष तिवारी, राम आसरे यादव, जयनारायण सिंह, घनश्याम तिवारी, संजय यादव आदि मौजूद रहे।

# सिलेंडर काला बाजारी में जेल गया राम मिलन यादव

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर जिले के महाराजगंज थाना अंतर्गत गद्दोपुर निवासी राम मिलन यादव को सिलेंडर काला बाजारी में गुरुवार को जेल भेज दिया गया। वह पिछले काफी लंबे समय से इस गोरख धंधे में शामिल था। राममिलन के खिलाफ तमाम शिकायतें पड़ती थी लेकिन राजनीतिक रसूख के चलते कभी कार्रवाई नहीं होती थी।

बताते हैं कि अभियुक्त राम मिलन यादव काफी दिनों से सिलेंडर काला बाजारी करने की सूचना पर पूर्ति निरीक्षक राजकरण सिंह ने उसके दुकान पर छापा मारकर भारी संख्या में सिलेंडर बरामद किया जो कालाबाजारी के लिए रखा गया था।

इसके बाद पूर्ति निरीक्षक राजकरण सिंह ने महराजगंज थाने में 14 दिसम्बर 2007 को मुकदमा अपराध संख्या 503/2007 धारा 3/7 ई सी एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया। मामला कोर्ट में चलने पर अभियुक्त के खिलाफ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम प्रदीप्ति सिंह ने 19 फरवरी 20 21 को अभियुक्त राम मिलन यादव को सिलेंडर कालाबाजारी में धारा 3/7 ई सी एक्ट के दंडनीय अपराध के लिए एक वर्ष का साधारण कारावास की सजा सुनाई।

अदालत ने अभियुक्त पर तीन हजार रूपये अर्थदंड भी लगाया। अर्थदंड न जमा करने पर एक माह के अतिरिक्त सजा सुनाई।

सजा के खिलाफ अभियुक्त राम मिलन यादव ने अपर जिला जज चतुर्थ के यहां अपील दाखिल किया था।

जहां सुनवाई के बाद अपर जिला जज चतुर्थ/स्पेशल जज ई सी एक्ट मो शरिक सिद्दीकी ॥छ्वस् ने गुरुवार को मुकदमा नंबर 659/2010 धारा 3/7 ई सी एक्ट में दिनांक 11 सितंबर को फैसला सुनाया कि आदेश दिनांक 19 फरवरी 2021 की पुष्टि की जाती है और सजा को बहाल रखा गया।

अभियुक्त राम मिलन यादव को गुरुवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम मुकीम अहमद ने अभियुक्त राम मिलन यादव को जेल भेज दिया।

अभियोजन पक्ष के तरफ से पैरवी विशेष लोक अभियोजक अधिकारी ई सी एक्ट राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट ने किया।

# सम्पादक मण्डल जौनपुर इकाई का चुनाव सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर स्थानीय कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित पत्रकार भवन में सम्पादक मण्डल उत्तर प्रदेश के जौनपुर इकाई का चुनाव गुरूवार को सकुशल सम्पन्न हो गया। इस दौरान राकेशकान्त पाण्डेय जिलाध्यक्ष एवं अरविन्द पटेल जिला महासचिव निर्वाचित किये गये। इस पर उपस्थित साथियों ने माल्यार्पण करके दोनों पदाधिकारियों का स्वागत किया। साथ ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि वह अपने पद का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, ईमानदारी व निष्ठापूर्वक करेंगे। इस अवसर पर संरक्षक जय प्रकाश मिश्रा,वर्तमान अध्यक्ष रामजी जायसवाल, महासचिव छोटे लाल सिंह, कोषाध्यक्ष विरेन्द्र गुप्ता, डा. बृजेश यदुवंशी, डा.प्रमोद वाचस्पति, डा.नौशाद अली, विरेन्द्र सिंह, मंगला प्रसाद तिवारी, स्वदेश कुमार, अनिल गौतम, महेन्द्र प्रजापति, सूरज साहू, अमित शुक्ला, रामचन्द्र नागर, लालजीत डेमोस, रविन्द्र श्रीवास्तव, मो. रऊफ सहित तमाम सम्पादक मौजूद रहे।

### जय प्रकाश मिश्र प्रदेश अध्यक्ष एवं विरेन्द्र गुप्ता प्रदेश महासचिव चुने गये

सम्पादक मण्डल उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में जनपद इकाई की हुई चुनावी बैठक में सर्वसम्मत से संस्थापक सदस्य जय प्रकाश मिश्र को प्रदेश अध्यक्ष चुन लिया गया। साथ ही विरेन्द्र गुप्ता को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी। इस पर उपस्थित सभी साथियों ने करतल ध्वनि से स्वागत करते हुये माल्यार्पण करके दोनों पदाधिकारियों का स्वागत किया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष श्री मिश्र एवं प्रदेश महासचिव श्री गुप्ता ने कहा कि हाईकमान ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन किया जायेगा। शीघ्र ही पूरे प्रदेश के सभी जिलों में जनपद इकाई का गठन किया जायेगा, ताकि आने वाले दिनों में एक बड़ा सम्मेलन करके अपनी शक्ति का एहसास कराया जा सके

## OLX पर फर्जी आईडी बनाकर ठगी करने वाला गैंग गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने हरुङ्ग पर फर्जी आईडी बनाकर ठगी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। गैंग लीडर धर्मेन्द्र प्रजापति समेत 4 अभियुक्त गिरफ्तार हुए हैं। इनके पास से 4 मोबाइल, 6 सिम, लैपटॉप, बायोमेट्रिक डिवाइस, नकली आधार कार्ड, एटीएम कार्ड और 4070 नकद बरामद किए गए। आरोपी फ्लैट/कमरा बुकिंग के नाम पर ?1000 रजिस्ट्रेशन फीस लेकर कस्टमर को ब्लॉक कर देते थे। अब तक 10 लाख की ठगी का खुलासा हुआ है। गिरोह को फर्जी सिम क्क्नस् एजेंट रामदास प्रजापति उपलब्ध कराता था। थाना साइबर क्राइम में क्क्नस् व ढ्ढञ्ज एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक महेश पाल सिंह व 15 सदस्यीय टीम ने कार्रवाई की।

# 20 दिन की बछिया की मौत, दर्जनों पशु संक्रमित

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

मुफ्तीगंज ब्लॉक के भदेवरा गांव में लम्पी वायरस का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। इस बीमारी से भदेवरा गांव निवासी सुरेन्द्र सिंह की एक 20 दिन की बछिया की मौत हो गई है और भदेवरा गांव में दर्जनों पशु इस बीमारी की चपेट में हैं। संक्रमित पशुओं में सूजन और फोड़े के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। तेज बुखार आने के बाद पशुओं की मौत हो रही है। मनीराम और विकास श्रीवास्तव समेत कई पशुपालकों के जानवर इस बीमारी से पीड़ित हैं। स्थिति की गंभीरता के बावजूद पशु चिकित्सा विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। विभाग की निष्क्रियता से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सुरेन्द्र सिंह, मनीराम गौड जमुना प्रसाद चौबे संजय पाठक आदि ग्रामीणों के पशु बीमार है।

# घर से भागे युवक को ग्रामीणों ने चोर समझकर पीटा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के छाछो गांव में बीती रात एक युवक की चोर समझकर ग्रामीणों ने पिटाई कर दिया और पुलिस बुलाकर सौंप दिया।

युवक ने पुलिस को बताया कि वह पत्नी से विवाद के बाद घर से निकल गया था और भटकते हुए यहां पहुंचा। पुलिस ने युवक के परिजनों को थाने पर बुलाया। बताते है कि एक युवक में रात 11 बजे कुरनी सिकरारा थाना क्षेत्र के यादव बस्ती में टहल रहा था। जिसे ग्रामीणों ने चोर समझकर दौड़ा लिया। युवक वहां से भागकर जौनपुर-रायबरेली हाईवे होते हुए छाछो गांव की ओर भागा। पीछा कर रहे ग्रामीणों ने दौड़ाकर छाछो गांव स्थित एक पेट्रोल पंप के पास पकड़ लिए। आक्रोशित ग्रामीण युवक को चोर समझ कर पिटाई कर दिए। घटना की सूचना पर पहुंची सिकरारा पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवक ने पूछताछ में अपना नाम हिमालय कुमार निवासी गांव सेमनिया थाना गंभीरपुर जिला आजमगढ़ बताया है। हिरासत में लिए गए युवक के परिजनों ने फोन पर हुई बातचीत हुई है। उन्होंने बताया कि पत्नी से विवाद होने के बाद वह घर से निकल गया था। एक वाहन पर सवार होकर बहककर यहां तक पहुंचा। परिजनों को थाने बुलाया गया है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आंदोलन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर खुटहन कांग्रेस कमेटी जौनपुर के उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करने बनारस जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर थाने पर बैठा लिया, गिरफ्तारी से आक्रोशित कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार निरंकुश हो गयी है, वोट चोरी के दम पर बनी यह सरकार देश के संविधान और लोकतंत्र की हत्या कर रही है। राकेश मिश्रा ने आगे कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी द्वारा वोट चोरी के लगाये गये आरोपों से बौखलाई सरकार ने रायबरेली में भाजपाइयों द्वारा राहुल गांधी जी के काफिले को रोककर हमला करने का प्रयास सरकार की निरंकुशता और हताशा सिद्ध होती है, साथ ही कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और जौनपुर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह सहित पार्टी के सैकड़ों नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लोकतंत्र का गला घोंटने जैसा है। गिरफ्तार होने वालों में कांग्रेस जिला सचिव परवेज अहमद, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विपिन शर्मा, यूथ कांग्रेस शाहगंज विधानसभा अध्यक्ष रत्नेश यादव, शैलेन्द्र यादव रहे।

### शुक्लागंज से जाजमऊ तक मार्जिनल बंधा बनायें जाने को लेकर सिंचाई विभाग की टीम ने निरीक्षण किया

# पूर्व विधायक ने अधिकारीयों से वार्ता कर समस्या के निदान की बात कही



गंगा के आस पास आने वाले ग्राम सभा क्षेत्र की वो भूमि जहां सरकार द्वारा डुब क्षेत्र घोषित है उन क्षेत्रों की भूमि को आकर्षिक धोषित किया जा सकता है।

उत्तर प्रदेश में बाढ़ से प्रभावित अन्य जिलों के साथ उन्नाव में भी बाढ़ के पानी ने भयंकर समस्या पैदा कर दी है?। बाढ़ से जहां आम जन मानस परेशान व भयभीत हैं वहीं पशुओं को भी सुरक्षित स्थानों पर पहुंचानें के प्रयास पशु पालकों द्वारा किये जा है

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

बृहस्पतिवार को दोपहर लगभग एक बजे लखनऊ से सिंचाई विभाग की टीम पूर्व प्रस्तावित शुक्लागंज से जाजमऊ तक मार्जिनल बांध की जांच करने पहुंची जहां पर पहले शुक्लागंज के नये पुल पर खड़े होकर टीम ने जांच किया उसके बाद टीम जाजमऊ पहुंची और जांच किया जांच टीम में चीफ इंजीनियर सिंचाई विभाग बरेली एच एन सिंह सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर ओपी वर्मा लखनऊ सिंचाई विभाग एक्स एन उन्नाव गगन कुमार ए ई अनुराग मिश्रा रविंद्र कुमार जयप्रकाश असरफ उपस्थित थे उक्त सभी लोगों ने नवीन गंगा पुल और जाजमऊ गंगा पुल से मार्जिनल बंधा बनायें जाने को लेकर निरीक्षण किया इस दौरान पूर्व विधायक रामकुमार भी मौजूद रहे। चीफ इंजीनियर ने बताया जाजमऊ के तटबंध क्षेत्र में आबादी कैसे बस गई वहीं पालिका क्षेत्र के तटीय क्षेत्र में भी आबादी बसी है जो कि नहीं बसनी चाहिए इसके लिए संबंधित विभागों को नोटिस दिए जाने की बात कही। डूब क्षेत्र में आबादी बसनें को लेकर भी उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसकी जांच कराई जाए कि आखिर भूमि कृषि भूमि को आवासीय कैसे घोषित किया गया जबकि वहां डूब क्षेत्र घोषित है।

### पूर्व से प्रस्तावित स्थान पर नहीं बनेगा मार्जिनल बांध

जनपद उन्नाव में गंगा नदी के बायें तट पर शुक्लागंज पुराने पुल से जाजमऊ पुत तक मार्जिनत बाँध के निर्माण के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शुक्लागंज पुराने पुल से जाजमऊ पुल तक प्रस्तावित मार्जिनल बाँध के निर्माण की परियोजना में मार्जिनल बाँध की लम्बाई 4,450 किमी0 एवं लागत धनराशि रु0 13460.10 तास थी। प्रश्श्रगत परियोजना को केन्द्रीय जल आयोग भारत सरकार की 132वीं बैठक दिनांक 06.03.2017 में सूची क्रमांक–03 पर स्वीकृत किया गया। किन्तु गंगा नदी की धारा बापी ओर मुड़ जाने के कारण परियोजना में प्रस्तावित बाँध के निर्धारित संरेखण के लगभग 0.800 से किमी 300 के गध्य कटान के कारण प्रस्तावित संरेखण उक्त लम्बाई में गंगा नदी के अन्दर आ गया, जिसके कारण प्रश्गत परियोजना में प्रस्तावित संरेखण पर बच्चे का निमार्ण कराया जाना संभव नहीं था। गंगा नदी की धारा बायीं ओर मुड़ जाने के दृष्टिगत प्रश्नगत परियोजना में बन्धे के निर्माण कार्य कराया जाना संभव न होने के दृष्टिगत कार्य पूरा करने की समयावधि की स्वीकृत का प्रस्ताव भारत सरकार प्रेषित नहीं किया जा सका। प्रश्नगत स्थल का दिनांक 11.02.2025 एवं दिनांक 18.07.2025 को स्थलीय निरीक्षण में तटस्थ का निर्माण तकनीकी रूप से साध्य नहीं पाया गया।

## बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए संस्था ने संभाली कमान दो हजार से अधिक लोगों को पहुंचाई राहत

**बाढ़ प्रभावितों की मदद को आगे आई राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के मेंबर नाव से जाकर पीड़ितों को पहुंचा रहे राशन-पानी**



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

उन्नाव बाढ़ में अपना सब कुछ गंवा चुके परिवारों की मदद के लिए राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद आगे आई है परिषद के अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने खुद ही कमान संभाल ली है परिषद के नेतृत्व में बाढ़ त्रासदी से जूझ रहे पीड़ितों को बीते दिनो 50 जिलों की सीधी निगरानी कर रहे हैं बाढ़ त्रासदी से जूझ रहे पीड़ितों को बीते कई दिनो से लगातार भोजन सूखा राशन, दूध, पहनने को कपड़े, ओढ़ने-बिछाने के लिए कंबल-चटाई से लेकर दवाई तक घर-घर पहुंचाई जा रही है कीचड़ और पानी से लथपथ रास्तों पर चलकर लोग दूरदराज गांवों तक पहुंच रहे हैं शहर से लेकर गांव तक बेघर परिवारों को संकट की इस घड़ी में सहारा देने के लिए खाद्य पदार्थ का वितरण किया जा रहा है। संस्था ने पानी का पाउच भी उपलब्ध कराया है। अंकित ने बताया कि जनपद के विभिन्न जगह-जगह राहत सामग्री का वितरण जारी है। अंकित शुक्ला की टीम नाव के सहारे बाढ़ पीड़ितों को राहत पैकेट पहुंचा रही है संस्था के पदाधिकारी से लगा सदस्यों ने भी बाढ़ से प्रभावित गांव-गांव में राहत सामग्री का वितरण किया इसी का नतीजा है कि अब तक बाढ़ से प्रभावित कई हजार से अधिक लोगों को राहत सहायता पहुंचाई जा चुकी है राहत सामग्री का वितरण किया गया बाढ़ पीड़ितों के लिए कुल 2550 पैकेट राहत सामग्री के दिए गये राहत सामग्री में आटा, चावल, अरहर की दाल, हल्दी, मिर्च, सब्जी मसाला, सरसों का तेल, नमक, आलू, भुने चना, गुड़, मोमबत्ती, माचिस, बिस्कुट, साबुन, लाई का वितरण किया गया और बच्चो को शिक्षा भी दी जा रही है लोगो ने कहा कि हम धन्यबाद देते हैं संस्था के अध्यक्ष अंकित शुक्ला को जिन्होंने हमें भिक्षा दान में इतना समान दिया की आज 500 परिवार में राशन पहुंचाया मैं शुरू में भी यहां आया था सरकार ने शुरू भी करवाया लेकिन मेरा मानना है अभी नाव का परवाना देना चाहिए जिससे लोग फ्री में आ इसमें ज्यादा पैसा नहीं लगता है। सरकार को इनके बारे में सोचना चाहि मेरा काम अनवरत जारी रहेगा संस्था टीम में ये वितरण करने वालों में राष्ट्रीय महासचिव भावनी प्रसाद शुक्ला, अमन सिंह, मोहित शुक्ला, विमल गुप्ता, अमन यादव, अजय, सुधांशु अमन सिंह कुवंर राज सिंह अश्वनी शुक्ला आदि शामिल थे। अंकित शुक्ला ने एक तरफ जहां लोगों में भोजन पैकेट व पानी का वितरण कराया वहीं दूसरी तरफ पशुओं के लिए चारा भी उपलब्ध कराया।

## सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से शिक्षकों में उबाल

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ शाखा के आह्वान पर गन्ना दफ्तर में गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं सुप्रीम कोर्ट के पारित उस आदेश को निरस्त करने की मांग के लिए प्रदर्शन कर रहे थे जिसमें 2011 से पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को टेट परीक्षा पास करना ज़रूरी कर दिया गया है। जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि सरकार ने गुपचुप तरीके से 2017 में टेट योग्यता के संबंध में गैजेट कर दिया, और सुप्रीम कोर्ट ने उसी के प्रकाश में 1 सितंबर को आदेश जारी कर दिया कि बिना टेट पास करना अनिवार्य कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से देश के 40 लाख से अधिक शिक्षकों की रोज़ी रोटी पर संकट गहरा गया है । जिसे लेकर गैर टेट शिक्षक आंदोलित है। गन्ना दफ्तर में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित शिक्षकों ने कोर्ट के आदेश में संशोधन करने और भारत सरकार और प्रदेश सरकार से इस समस्या का तत्काल समाधान की कामना से जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया है। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के ज़िला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह का कहना है कि शिक्षकों को समस्या मुक्त करने की जरूरत है न कि उन्हें समस्याओं में डुबो देना है सरकार अगर चाहती है कि देश प्रगति करे, तो तत्काल निर्णय लेना होगा और शिक्षक की रोज़ी रोटी के खतरे को तुरंत सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए समाधान देना होगा। अशोक सिंह ने आगे बोलते हुए कहा कि अगर सरकार अपनी मनमानी पे अड़ी रही तो पूरे देश में बहुत व्यापक आंदोलन होगा। किसी भी शिक्षक के हितों की अनदेखी नहीं करने दिया जाएगा। सरकार को सहानुभूति पूर्वक पुनर्विचार करने हेतु ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिससे सरकार शिक्षकों के हितों की रक्षा कर सके। ज्ञापन देने वालों में मो इखलाक, कामराज, रवि बाला सिंह, सल्पू राम, पवन वर्मा, अमित वर्मा, सुनील कुमार, ओम प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

## महिला शिक्षकों ने प्रदर्शन कर भेजा प्रधानमंत्री को ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करने के आदेश को लेकर उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की बाराबंकी इकाई द्वारा बृहस्पतिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया। जिसमें उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित निर्णय को वापस करने की मांग की गई है। उच्चतम न्यायालय द्वारा एक आदेश में कहा गया है कि शिक्षा विभाग में तैनात सभी शिक्षकों को टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा। परीक्षा पास करने के लिए समय दिया गया। लेकिन उस समय के बीच में अगर कोई शिक्षक टीईटी परीक्षा पास नही कर पाता है तो उसको सेवा से हटा दिया जाएगा। जबकि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 उत्तर प्रदेश में 27 जुलाई 2011 से लागू हुआ है। लेकिन पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को भी टीईटी उत्तीर्ण करने के लिए कहा गया है। ऐसे में 30 से 35 वर्ष पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी टीईटी परीक्षा पास करना पड़ेगा। शिक्षकों का कहना है कोई भी कानून जब बनता है तो उसके बाद ही लागू होता है। जब टीईटी परीक्षा बनी तो शिक्षकों ने उसका पालन करते हुए नौकरी करनी शुरू की। लेकिन जब उससे पहले टीईटी थी नही तो उन शिक्षकों पर लागू क्यों कि जा रही है। इस प्रकार के निर्णय से शिक्षक मानसिक रूप से अवसाद में हो रहे हैं। शिक्षक देश की आजादी के बाद से पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते हुए देश की साक्षरता दर को उच्चतम स्तर तक अतिअल्प समय में पहुंचाया है। शिक्षको की प्रतिभा और योग्यता पर आविष्वास करना भारतीय सनातन परंपरा के प्रतिकूल है। स्वतंत्र भारत में ऐसा कोई कानून नहीं बना जो भूतकाल से लागू हो। सभी कानून निर्मित पारित होने की तिथि से या उसके बाद सरकार या सांसद या विधायिका द्वारा घोषित तिथि से लागू किए जाते हैं। शिक्षकों ने उच्चतम न्यायालय के निर्णय बीती 1 सितंबर को सांसद की सहमति से संशोधित करने की मांग शिक्षक कर रहें हैं। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष शहनाज परवीन व महामंत्री प्रीति सिंगर की अगुवाई में वरिष्ठ उपाध्यक्ष ज्योति सिंह, सविता गुप्ता, नीलम लता, नीलम श्रीवास्तव, गुलशन जफर, प्रियंका सिंह, किरण कुमारी, बाला जायसवाल, प्रतिमा त्रिपाठी, रश्मि श्रीवास्तव, राधा रानी शर्मा, अंजूम शहर उस्मानी, शशिबाला सहित भारी संख्या में महिला शिक्षक शामिल थी।

## राज्यमंत्री से मिले व्यापारी, जताया आभार

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

गुरुवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के व्यापारियों ने जीएसटी की दरों में व्यापक कटौती के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभार व्यक्त करने के लिए प्रदेष के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा के नई सड़क स्थित आवास पर जिलाध्यक्ष इंजीनियर जयदीप सिंह के नेतृत्व में पहुंच कर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि इससे व्यापारियों के साथ-साथ उपभोक्ताओं को भी सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने इसे आम जनहित में दूरगामी असर डालने वाला निर्णय बताया। जिलाध्यक्ष इंजीनियर जयदीप सिंह ने प्रधानमंत्री के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि व्यापारियों एवं आमजन मानस को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री भूपेंद्र शुक्ला, अमरेश शुक्ला, पुरुषोत्तम टंडन, वीरेंद्र वर्मा, अरुण रावत, ऋषि कालरा, मन्नू लाल चैरसिया, सुधाकर सोनी आदि मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सीएचसी अधीक्षक का तबादला, स्वास्थ्य कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। हैदरगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में गुरुवार सुबह स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का विरोध चिकित्सा प्रभारी डॉ. सौरभ शुक्ला के अचानक स्थानांतरण को लेकर था। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि डॉ. शुक्ला की अधीक्षक के रूप में तैनाती के बाद अस्पताल की व्यवस्थाओं में काफी सुधार आया। स्टाफ की कमी के बावजूद, उनकी मेहनत और ईमानदारी से ओपीडी में सैकड़ों मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही थीं। प्रदर्शनकारियों ने स्वास्थ्य विभाग से दो मांगें रखीं। पहली, डॉ. शुक्ला का स्थानांतरण रद्द किया जाए। दूसरी, अगर स्थानांतरण नहीं रोका जा सकता तो सभी कर्मचारियों का सामूहिक स्थानांतरण कर दिया जाए। विरोध प्रदर्शन में संजय रावत, डीपी यादव, मनीष श्रीवास्तव, डॉ. उमंग, डॉ. प्रियांक सहित सैकड़ों स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए। कर्मचारियों का कहना था कि स्वास्थ्य विभाग ने बिना कोई कारण बताए यह स्थानांतरण किया है।

### लाखों खर्च, कूड़ा निस्तारण केन्द्र बना शोपीस

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। हैदरगढ़।** विकासखंड के आलापुर ग्राम पंचायत में स्वच्छता की योजना धरी की धरी रह गई है। गांव को स्वच्छ रखने के लिए सरकार ने लाखों रुपए खर्च कर कूड़ा निस्तारण केंद्र बनवाया। लेकिन यह केंद्र आज बंद पड़ा है। केंद्र गांव के बाहर सड़क किनारे स्थित है। इस पर ताला लगा है और चारों तरफ घास–फूस उग गए हैं। केंद्र के सामने गोबर और मलमूत्र के ढेर लगे हुए हैं। कचरा उठाने के लिए खरीदे गए वाहन भी धूल चाट रहे हैं। ग्रामीण अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि केंद्र का उपयोग न होने से लोग कूड़ा सड़क किनारे फेंक रहे हैं। इससे आवागमन में परेशानी हो रही है। उन्होंने मांग की है कि केंद्र का उपयोग शुरू किया जाए, जिससे गांव में कचरे का उचित प्रबंधन हो सके। यह स्थिति सिर्फ आलापुर की नहीं है। कुछ को छोड़कर अधिकतर ग्राम पंचायतों में कूड़ा निस्तारण केंद्र बंद पड़े हैं। जिम्मेदार अधिकारी इस मामले पर ध्यान नहीं दे रहे हैं और स्थिति से अनजान बने हुए हैं।

### अवैध बूचड़खानों में चल रहा है बड़ा खेल

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। जैदपुर।** थाना कोठी अन्तर्गत ग्राम पंचायत भानमऊ में अवैध बूचड़खानों का संचालन सामने आया है। यहां दो मीट की दुकानों को सिर्फ बेचने का लाइसेंस मिला है। लेकिन दुकानदार अपने घरों के अंदर जानवरों का वध कर रहे हैं। लखनऊ से मीट की सप्लाई होने के बावजूद, दुकानदार नियमों को दरकिनार कर दुधारू पशुओं का वध कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पुलिस के कथित सहयोग से यह अवैध कारोबार चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने पहले कार्यकाल से ही प्रदेश में अवैध बूचड़खानों को बंद करने का आदेश दिया था। लेकिन भानमऊ में यह गतिविधियां जारी हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, दूर–दराज के क्षेत्रों से लोग ताजा मीट खरीदने यहां आते हैं। क्षेत्र के निवासी संक्रमण और गंभीर बीमारियों के फैलने की आशंका से चिंतित हैं। गंदगी और दुर्गंध से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय बुद्धिजीवियों का कहना है कि प्रशासनिक उदासीनता और पशु तस्करों की ऊपर तक पहुंच के कारण कार्रवाई नहीं हो पाती। प्रशासन का दावा है कि जिले में कोई बूचड़खाना नहीं चल रहा है। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। प्रशासन की नाक के नीचे यह अवैध कार्य निर्बाध रूप से जारी है। वहीं इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक कोठी का कहना था कि क्षेत्र में कहीं पर भी गौवंषीय पषुओं के वध की जानकारी नही है। अगर कहीं षिकायत मिलती है तो छापा मार करके गौतस्करों को जेल तो भेजा ही जायेगा। सभी लोगों के खिलाफ में गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की जायेगी।

### बालिकाएं सीख रही आत्मरक्षा के गुण

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। टिकैतनगर।** कोमल है कमजोर नहीं तू, शक्ति का नाम ही नारी है कि बात को चरितार्थ करते हुए केन्द्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति के क्रम में प्रदेश के समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों 6 से 8 तक की बच्चियों को वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय विद्यानगर पूरेडलई में प्रशिक्षक कुलदीप प्रताप सिंह के द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा, आत्मसुरक्षा, आत्मबल के माध्यम से विपरीत परिस्थितियों में स्वयं व परिवार की सुरक्षा का पाठ पढ़ाया जा रहा है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण के साथ योग व सूक्ष्म व्यायाम के माध्यम से बालिकाओं को शारीरिक व मानसिक रुप से मजबूत करना ही इसका मुख्य उद्देश्य है। एक विद्यालय में बालिकाओं को 24 दिन प्रशिक्षण की रुपरेखा शासन द्वारा निर्धारित है। प्रशिक्षण को रुचिकर बनाने के लिए कुछ खेल भी कराएं जाते हैं।

### संयुक्त टीम ने 15 वाहनो का किया चालान

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के तहत आज परिवहन एंव यातायात विभाग की अलग–अलग टीमो ने जनपद के विभिन्न मार्गो पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दर्जनो से अधिक दोपहिया वाहनो के चालान किये गये। आज सहायक सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला की टीम ने थाना बड्डूपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित पेट्रोल पम्प मे बिना हेलमेट ईधन भरवाने आये वाहनो के चालान किये। तथा चालको को रोड़ सेफ्टी नियमो व हेलमेट की उपयोगिता के बारे मे बताते हुये जागरुक किया। चेकिंग के दौरान एआरटीओ को 33 टन ओवरलोड़ मिलने पर ट्रक को थाना कुर्सी पर निरुद्ध किया। तो वही यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी व टीएसआई मधुसूदन की टीम ने बिना हेलमेट मिलने पर 15 दो पहिया वाहनो के चालान किये। तथा 2 ओवरलोड़ वाहनो को थाना कुर्सी मे सीज किया।

### जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के अंतर्गत 10 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को पटेल पंचायती इंटर कॉलेज रामसनेहीघाट में किशोरियों को पॉक्सो एक्ट, विभाग द्वारा चलाई जा रही है समस्त योजनाओं, टोल फ्री नंबरों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर अमित कुमार, अवधेश कुमार, प्रधानाध्यापक श्याम नारायण, सहायक अध्यापक अनिल कुमार मिश्रा, हिमांशु श्रीवास्तव, विजय बहादुर, अंकित सिंह सहित तमाम छात्राएं उपस्थिति रही।

## समृद्ध एवं सक्षम कन्नौज की दिशा में छात्रों और शिक्षकों से संवाद

### शिक्षकों का योगदान

इस अवसर पर विभिन्न प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों ने भी अपने विचार और अनुभव छात्रों के साथ साझा किए।

### विकसित भारत के संकल्प की ओर

जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी वीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश और मुख्यमंत्री ने प्रदेश को 2047 तक विकसित बनाने का संकल्प लिया है। इस दिशा में हमें मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

### ज्ञान और उद्यमिता की दिशा में मार्गदर्शन

प्रबुद्धजन अवधेश बहादुर सिंह ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि केवल किताबों पर निर्भर न रहें, बल्कि सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग कर ज्ञान बढ़ाएं और उसका सही दिशा में क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि सरकार उद्यम विकास से जुड़ी अनेक योजनाएँ चला रही है, जिनका लाभ लेना चाहिए। इसमें अधिकारी और कर्मचारी भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### युवा शक्ति का सदुपयोग आवश्यक

प्रबुद्धजन नरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के पास सबसे बड़ी युवा आबादी और शक्ति है। इस युवा शक्ति का सही मार्गदर्शन आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें, समय का सही उपयोग करें और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें। साथ ही, करुणा, परोपकार, सम्मान और दया जैसी मानवीय भावनाओं को जीवन में शामिल करें। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि हर घर एक पेड़ अवश्य होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि माता–पिता का सम्मान करें और उनके आशीर्वाद से ही जीवन में आगे बढ़ें, क्योंकि यही सफलता का सबसे बड़ा आधार है।

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

मुख्यमंत्री जी विजन समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के शताब्दी संकल्प के अंतर्गत, विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, सेवा निवृत्त अधिकारी नरेंद्र सिंह एवं अवधेश बहादुर सिंह सहित छात्र-छात्राएँ, प्रधानाचार्य एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे।

मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने कहा कि यह आयोजन समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के विजन के अंतर्गत किया गया है,

जिसमें हर क्षेत्र की जानकारी साझा की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को हर क्षेत्र में प्रोत्साहित कर रही है, क्योंकि युवा ही आने वाले समय में देश और प्रदेश को विकसित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों में निर्मित छात्रावासों की जांच के लिए तकनीकी समिति गठित

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार मेंजिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति/टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई।जिलाधिकारी ने विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शैक्षिक गुणवत्ता और मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालय परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित हो। बच्चों को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री आदि महानुभावों की सामान्य जानकारी दी जाए। छात्रों को नाखून/बाल कटिंग, व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य लाभ के बारे में जागरूक किया जाए। एमडीएम में बच्चों को मानक के अनुसार साफ व पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए।सोमवार को मौसमी फल तथा बुधवार को दूध वितरण की शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कन्नौज में उच्चीकृत चार कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में हॉस्टल निर्माण कार्य किया गया है। लोक निर्माण विभाग के एई, आरईडी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की संयुक्त समिति बनाकर निर्माण कार्य का आकलन कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि कार्य पूर्णता की स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही कार्यदाई संस्था को भुगतान किया जाए।

जिलाधिकारी ने मध्याह्न भोजन योजना एवं छात्र उपस्थिति की समीक्षा में कन्नौज, कन्नौज नगर एवं गुगरापुर ब्लॉकों के परिषदीय विद्यालयों में 80त्न से कम उपस्थिति पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को एक माह में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से विद्यालयों के टूटे हुए बाउंड्रीवाल और शौचालयों की सूची उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कंपोजिट विद्यालय मधुपुर (विकासखंड कन्नौज) के निर्माण कार्य हेतु मार्च में धन आवंटन के बावजूद सीएनडीएस द्वारा कार्य शुरू न किए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि संस्था का कार्य आवंटन निरस्त करने हेतु शासन को पत्र भेजा जाए।

## बाढ़ प्रभावितों को राहत कार्यों में कोई लापरवाही न हो: असीम

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री स्व. प्र. असीम अरुण ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों एवं भाजपा मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को हर संभव मदद पहुंचाने के लिए निर्देश दिए।

बाढ़ पीड़ित सहायता हेतु डिस्ट्रिक्ट कमांड सेंटर 1077 अथवा व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 9454418905 जारी करते हुए मदद के लिए संपर्क करने को भी कहा। मंत्री असीम अरूण ने जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र झुकैया, साढ़ियापुर, औकड़नपुर, पाटियन, हीरापुर्वा, कटरी अमीनाबाद एवं महाबलीपुर का का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामवासियों की समस्याएं सुनी तथा ग्रामवासियों द्वारा कई स्थानों पर जल निकासी की समस्या रखी गई, जिस पर मंत्री ने त्वरित जल निकासी की समस्या निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होनें कहा कि प्रदेश की योगी सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी हैं तथा उनकी संभव मदद के लिये तत्पर हैं। मंत्री ने बाढ़ राहत कार्य में लगाएं गए अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर राहत कार्यों में लापरवाही न की जाए और ज़रूरतमंद लोगों की हर आवश्यक सहायता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा टीमें पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें, जलजनित रोगों की रोकथाम हेतु समुचित प्रयास हों, और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी जरूरतमंद सहायता से वंचित न रहे। कहा कि संभावित बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुये पशुओं के लिये चारे, तथा ठहरने एवं पशु चिकित्सा की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। कहा कि जल स्तर के घटने पर अधिकतर बीमारियां फैलती हैं। स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य कैंप के साथ ही बेहतर चिकित्सीय सुविधा प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि राहत शिविर में साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, भोजन और बिजली आपूर्ति जैसे बुनियादी जरूरतों पर विशेष ध्यान दिया जाये। कहा कि राहत शिविरों में ठहरने की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। उन्होनें बाढ़ क्षेत्र कें भ्रमण के दौरान कहा कि कोई भी छात्र/छात्रायें शिक्षा से वंचित नही रहनी चाहिए।

कमांड सेंटर के नंबर 1077 पर फोन कर भी नागरिक मदद ले सकते हैं । बैठक में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, एसपी विनोद कुमार व भारतीय जनता पार्टी संगठन से मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आवारा पशु से टकराकर दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

नवाबगंज। कानपुर लखनऊ हाईवे पर आवारा मवेशी से टकराकर दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां एक युवक को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अजगैन कोतवाली के परसन्दन गांव निवासी विपिन पुत्र विजय अपने साथी रामकुमार पुत्र गंगाराम के साथ बाइक से नवाबगंज बाजार आए थे। वापस लौटते समय जगदीशपुर गांव के पास पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भराने गए थे। लौटते समय पेट्रोल पंप के पास हाईवे पर अचानक एक आवारा पशु सामने आ गया। जिससे बाइक सवार टकरा गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर एनएचएआई की एम्बुलेंस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद, डॉक्टर ने रामकुमार की गंभीर हालत देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि विपिन को छुट्टी दे दी गई।

# नेपाल की जेल में झड़पों में तीन की मौत
## तनाव के बीच 15000 से अधिक कैदी फरार



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध और भ्रष्टाचार के खिलाफ युवाओं के विरोध प्रदर्शन ने देश की राजनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह बदल कर रख दिया। सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के बीच हालात लगातार बेकाबू होते जा रहे हैं। इसका साफ-साफ असर अब नेपाल के जेलों पर भी दिखने लगा है। इसी सिलसिले में गुरुवार को भी रामेछाप जिले की एक जेल में कैदियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हिंसक झड़प हुई, जिसमें तीन कैदी मारे गए और 13 घायल हो गए। इस तरह मंगलवार से अब तक कुल आठ कैदी जेलों में हुई झड़पों में मारे जा चुके हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, देशभर की 25 से ज्यादा जेलों से करीब 15,000 कैदी फरार हो चुके हैं। ये घटनाएं तब शुरू हुईं जब जेन जेड समूह के नेतृत्व में पूरे नेपाल में सरकार विरोधी प्रदर्शन शुरू हुए। इस आंदोलन के दबाव में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। इसके बाद देशभर में सेना ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए।

### रामछेप जिले के जेल में कैसे हुआ हमला?

जहां एक ओर पूरे देशभर में हालात बेकाबू हो रहे हैं। वहीं नेपाल की कई जेलों से हिंसा की खबरें भी सामने आ रही है। इसी क्रम में गुरुवार को रामेछाप जिले की जेल में कैदियों ने गैस सिलेंडर से धमाका कर जेल से भागने की कोशिश की। सुरक्षाबलों ने हालात काबू में करने के लिए फायरिंग की, जिसमें तीन कैदी मारे गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### जेलों में आगजनी और ताले तोड़े

इससे पहले मंगलवार शाम से, युवाओं की भीड़ ने कई जेलों पर हमला कर प्रशासनिक इमारतों को आग के हवाले कर दिया और जेल के गेट तोड़ दिए। इससे काठमांडू की सुंदरहर जेल से 3,300, नक्खू जेल से 1,400 और डिल्लीबजार जेल से 1,100 कैदी भाग निकले।

### नेपाल के अन्य जेलों से भी सैकड़ों कैदी फरार

नेपाल में जारी हिंसक विरोध प्रदर्शन का असर केवल कुछ जेलों तक सीमित नहीं है। इसका बड़ा असर देश के अन्य जेलों पर भी देखने को मिल रहा है। जहां से सैकड़ों कैदी जेल में हिंसक झड़प कर या आगजनी करके भाग रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अब तक सुनसरी जिले के झुम्का जेल से 1575 कैदी, चितवन से 700 कैदी, कपिलवस्तु से 459 कैदी, कैलाली से 612 कैदी, कंचनपुर से 478 कैदी तो सिन्धुली से कुल 500 कैदी फरार हो गए हैं। वहीं रौतहट जिले के गौर जेल में कुल 291 कैदियों में से 260 फरार हो गए थे, जिनमें से अब तक सिर्फ 31 वापस पकड़े जा सके हैं।

### नाबालिग सुधार गृह में भी हिंसा

इससे पहले मंगलवार रात पश्चिम नेपाल के नाबालिग सुधार गृह पर में भी हिंसा होने की खबर सामने आई। इस हिंसा में पांच नाबालिग कैदियों के मारे जाने की खबर है। मीडिया रिपोर्ट की माने तो मंगलवार को पश्चिम नेपाल के बांके जिले के नौबस्ता सुधार गृह में पांच नाबालिग कैदी पुलिस की गोलीबारी में मारे गए, जब वे सुरक्षा गार्ड के हथियार छीनने की कोशिश कर रहे थे।

### भारतीय सुरक्षा बल ने 13 कैदियों को पकड़ा

वहीं बात भारत में प्रवेश की करें तो नेपाल की जेल से हिंसक झड़प के बाद भागे कुछ कैदी भारत में प्रवेश भी कर चुके थे। इसके बाद भारतीय सुरक्षा बल (एसएसबी) ने बिहार के बैरगनिया चेक पोस्ट पर 13 कैदियों को पकड़ा है, जिन्हें कानूनी प्रक्रिया के बाद नेपाल को सौंपा जाएगा। हालांकि नेपाल की जेल विभाग के महानिदेशक लीलाप्रसाद शर्मा ने बताया कि नेपाल आर्मी, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल पुलिस को तैनात किया गया है और फरार कैदियों को पकड़ने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### नेपाल में अबतक क्या-क्या हुआ?

गौरतलब है कि नेपाल में जेन-जी समूह के नेतृत्व में दो दिन चले सरकार विरोधी हिंसक आंदोलन में 31 लोगों की मौत हो गई, जबकि 1000 से ज्यादा लोग घायल हो गए। पुलिस और अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। संसद भवन की इमारत के सामने विरोध प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा बलों की गोलीबारी में 19 लोगों की मौत हुई, जिनमें अधिकांश युवक शामिल थे। काठमांडू के कोटेश्वर इलाके में मंगलवार को भीड़ के हमले में तीन पुलिसकर्मी मारे गए। इसके अलावा कालीमाटी थाने में पुलिस और प्रदर्शनकारियों की झड़प में तीन प्रदर्शनकारी मारे गए। गृह मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक, इन प्रदर्शनों के दौरान कुल 633 लोग घायल हुए हैं।

### हिंसा में नेपाल के पूर्व पीएम घायल

इतना ही नहीं नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी व विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा भी प्रदर्शनकारियों के हमले में घायल हो गए। नेपाल की सेना ने बुधवार को विरोध प्रदर्शनों की आड़ में संभावित हिंसा को रोकने के लिए देशव्यापी प्रतिबंधात्मक आदेश और कर्फ्यू लागू कर दिए।

### नेपाल-भारत सीमा पर कड़ी नजर

नेपाल में जारी हिंसा के चलते भारत और नेपाल की सीमा पर कड़ी नजर बनाई गई है। कारण है कि नेपाल की जेलों में हिंसक झड़क के बाद कैदी भारत की सीमा की ओर भागने की कोशिश कर रहे हैं। नेपाल पुलिस के अनुसार कई कैदी भारत की सीमा की ओर भागते हुए देखे भी गए हैं।

# अरुणाचल और कर्नाटक में मूसलाधार बारिश का पूर्वानुमान



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देशभर भारी बारिश की संभावनाओं के चलते भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। फिलहाल मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश और कर्नाटक के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग की माने तो 15 सितंबर तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। इसके लिए कई जिलों में येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार अरुणाचल प्रदेश के तवांग, वेस्ट कामेंग, ईस्ट कामेंग, पापुम पारे, लोअर सुबानसिरी, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, दिबांग वैली और अंजाव जिलों में भारी बारिश हो सकती है। शुक्रवार को ईस्ट कामेंग, पापुम पारे, पाक्के-केसांग, वेस्ट कामेंग, ईस्ट सियांग और दिबांग वैली जिलों में आसमान में गरज-चमक और तेज बारिश की संभावनाओं को देखते हुए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

### इन क्षेत्रों में बारिश की तीव्रता बढ़ने की संभावना

मौमस विभाग ने बताया कि शनिवार से बारिश की तीव्रता और बढ़ने की संभावना है। इसके लिए राज्य के नामसाई, चांगलांग, तिरप, लोहित और लोअर दिबांग वैली में भारी बारिश और आंधी-तूफान की चेतावनी दी गई है। वहीं मध्य और पूर्वी अरुणाचल में संभावित बाढ़, नदियों का जलस्तर बढ़ने और भूस्खलन का खतरा है, जिसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं रविवार को बारिश का दायरा और बढ़ेगा, जिससे पश्चिमी अरुणाचल के कई जिलों में भी असर पड़ेगा। स्थानीय प्रशासन को अलर्ट पर रहने और आपात स्थिति से निपटने के निर्देश दिए गए हैं।

### कर्नाटक में भी बारिश की संभावना, बंगलूरू में ऑरेंज अलर्ट

इसके अलावा मौसम विभाग ने कर्नाटक में भी भारी बारिश के चलते अलर्ट जारी किया है। फिलहाल कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू और आसपास के क्षेत्रों में भी भारी बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने बंगलूरू के अर्बन और रूरल जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसका मतलब है कि कुछ स्थानों पर 11 से 20 सेमी तक बारिश हो सकती है। बता दें कि बीते 24 घंटे में बंगलूरू में 52.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। कोलार जिले के तमका में 102 मिमी और कलबुर्गी में 72.5 मिमी बारिश हुई।

### मौसम विभाग की चेतावनी

ऐसे में बदलते मौसम को देखते हुए मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कुछ जगहों पर तेज हवाएं (30-40 किमी/घंटा) चल सकती हैं, जिससे अस्थायी बिजली कटौती, कमजोर पेड़ों की शाखाएं गिरने और कच्चे मकानों को नुकसान हो सकता है। वहीं आने वाले तीन दिनों में कलबुर्गी, विजयपुरा, बागलकोट, कोप्पल, बल्लारी और विजयनगर जिलों में भारी बारिश की संभावना है। तटीय और आंतरिक कर्नाटक के अधिकतर हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश जारी रहेगी।

# केरल में गंभीर रूप लेता जा रहा है ब्रेन ईटिंग अमीबा रोग, छह लोगों की मौत



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

हाल के वर्षों में भारत में कई प्रकार की संक्रामक बीमारियों के मामले तेजी से बढ़े हैं। इन रोगों से जो राज्य सबसे ज्यादा प्रभावित रहे हैं केरल उनमें शीर्ष पर है। हाल के महीनों में केरल में ब्रेन ईटिंग अमीबा संक्रमण बड़ा खतरा बनकर उभरा है। विशेष रूप से कोझिकोड जिले और इसके आसपास के क्षेत्रों में ये बीमारी काफी तेजी से बढ़ती जा रही है। हालिया रिपोर्ट में स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में इस रोग से एक और मरीज की मौत हो गई है। इसके साथ केरल में अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस (ब्रेन ईटिंग अमीबा) रोग के कारण कुल मरने वालों की संख्या बढ़कर 6 हो गई है। आसपास के जिलों में तेजी से बढ़ती इस बीमारी को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सभी लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी है। अधिकारियों ने बताया कि मलप्पुरम जिले में शाजी (47) नामक व्यक्ति की गुरुवार को मौत हो गई। इसके साथ पिछले एक महीने में केरल में तथाकथित ÷दिमाग खाने वाले÷ संक्रमण से मरने वालों की संख्या छह पहुंच गई है।

### जुलाई से लगातार बढ़ते जा रहे हैं मामले

मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों के अनुसार, शाजी को 9 अगस्त को भर्ती कराया गया था। उनकी हालत गंभीर हो गई और गुरुवार सुबह उनकी मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने कहा, अभी यह पुष्टि की जा रही है कि उन्हें संक्रमण कैसे हुआ? गौरतलब है कि अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस मुख्य रूप से दूषित पानी में मौजूद अमीबा के संपर्क में आने के कारण होता है। वर्तमान में, कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में संक्रमण के लिए 10 मरीजों का इलाज चल रहा है। इससे पहले सोमवार को, मलप्पुरम जिले में 54 वर्षीय महिला की भी इस बीमारी से मृत्यु हो गई थी। जुलाई से लगातार सामने आ रहे इस संक्रामक रोग के मामलों के बाद स्वास्थ्य अधिकारियों ने राज्य के उत्तरी जिलों में कुओं और तालाबों के क्लोरीनीकरण सहित सफाई अभियान को और तेज कर दिया है साथ ही सभी लोगों को बचाव के उपाय करते रहने की सलाह दी है।


### पिछले महीने एक बच्ची की हुई थी मौत

पिछले महीने 16 अगस्त को भी कोझिकोड जिले में संक्रमण के कारण नौ साल की एक बच्ची की मौत हो गई थी। फ्री-लिबिंग अमीबा के कारण होने वाला अमीबिक इंसेफेलाइटिस एक घातक संक्रमण है, जिसका मृत्युदर काफी अधिक देखा जाता रहा है। गौरतलब है कि केरल में पहले भी इस संक्रमण मामले देखे जाते रहे हैं। इसे ब्रेन ईटिंग अमीबा भी कहा जाता है। पिछले साल भी केरल के कई जिलों में इस संक्रमण के मामले रिपोर्ट किए गए थे।

### क्या है अमीबिक इंसेफेलाइटिस संक्रमण?

अमीबिक इंसेफेलाइटिस मस्तिष्क का एक दुर्लभ और घातक संक्रमण है। ये नेगलेरिया फाउलेरी नामक अमीबा के संक्रमण के कारण होने वाली बीमारी है। यह संक्रमण मस्तिष्क के ऊतकों को नष्ट करने लगता है जिससे ज्यादातर मामलों में मस्तिष्क में गंभीर सूजन और मृत्यु हो जाती है। पानी में गोते लगाने वाले लोगों में इसका खतरा अधिक देखा जाता रहा है, संक्रमण की आशंका तब अधिक हो सकती है जब दूषित पानी नाक में प्रवेश कर जाता है।

# 2025 में 11 स्टार्टअप यूनिकॉर्न बने
## गेमिंग कानून के बाद ड्रीम11 समेत चार सूची से बाहर




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

साल 2025 में भारत के 11 नए स्टार्टअप यूनिकॉर्न क्लब में शामिल हुए हैं। इससे इनकी कुल संख्या 73 हो गई है। एएसके प्राइवेट वेल्थ हुरुन इंडिया यूनिकॉर्न एंड फ्यूचर यूनिकॉर्न रिपोर्ट 2025 में यह बता कही गई है। देश के नए यूनिकॉर्न में एआई.टेक, नवी टेक्नोलॉजीज, रैपिडो, नेट्राडाइन, जंबोटेल और डार्विनबॉक्स शामिल हैं। भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में कई निवेशकों की ओर से फंडिंग गतिविधि देखी गई। पीक ङ्कङ्क पार्टनर्स 42 स्टार्टअप्स में निवेश के साथ सबसे बड़े निवेशक बनकर उभरे।

### देश का सबसे मूल्यवान यूनिकॉर्न

रिपोर्ट में देश का सबसे मूल्यवान यूनिकॉर्न जेरोधा को बताया गया। इसकी वैल्यू करीब में 8.2 अरब डॉलर आंकी गई है। 7.5 अरब डॉलर वैल्यू रेजरपे व लेंसकार्ट की और 7 अरब डॉलर की वैल्यू ग्रो की रही। हुरुन की लिस्ट में वे क्रमशः दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं। ये कंपनियां सामूहिक रूप से 2,06,000 से ज्यादा लोगों को रोजगार देती हैं। इनमें लेंसकार्ट, ऑफबिजनेस और फिजिक्सवाला कार्यबल के मामले में सबसे आगे हैं। रिपोर्ट में स्टार्टअप्स में बढ़ती विविधता के बारे में भी बताया गया है। इसमें रुचि कालरा (ऑफबिज़नेस), विनीता सिंह (शुगर कॉस्मेटिक्स) और गरिमा साहनी (प्रिस्टिन केयर) जैसी महिला संस्थापक शामिल हैं। सबसे कम उम्र के यूनिकॉर्न संस्थापकों में 22 वर्षीय कैवल्य वोहरा और जेप्टो के आदित पलिचा शामिल हैं। 70 अरब डॉलर मूल्य के 26 यूनिकॉर्न के साथ बेंगलुरु शीर्ष केंद्र बना हुआ है, इसके बाद दिल्ली-एनसीआर और मुंबई का स्थान है। संख्या और मूल्यांकन दोनों ही मामलों में फिनटेक यूनिकॉर्न आगे हैं।

### ऑनलाइन गेमिंग कानून के बाद ड्रीम11 और 3 अन्य स्टार्टअप यूनिकॉर्न सूची से बाहर

रिपोर्ट के अनुसार सरकार की ओर से ऑनलाइन गेमिंग कानून लाए जाने के बाद ड्रीम11 और गेम्स24×7 सहित 4 स्टार्टअप यूनिकॉर्न की सूची से बाहर हो गए हैं। यूनिकॉर्न सूची से बाहर होने वाले अन्य दो आरएमजी स्टार्टअप गेम्सक्राफ्ट (3 करोड़ उपयोगकर्ता) और मोबाइल प्रीमियर लीग (9 करोड़) हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ड्रीम11 के 26 करोड़ यूजर्स हैं, जबकि गेम्स24×7 के 12 करोड़ यूजर्स हैं। इसके अलावा, एएसके प्राइवेट वेल्थ हुरुन इंडिया यूनिकॉर्न एंड फ्यूचर यूनिकॉर्न रिपोर्ट 2025 में कहा गया है कि लोकप्रिय ज़ूपी और विंजो गेम्स, जो यूनिकॉर्न नहीं थे, का मूल्यांकन भी कानून के कारण प्रभावित हुआ है। यूनिकॉर्न ऐसे स्टार्टअप होते हैं जिनका मूल्यांकन 1 अरब डॉलर से अधिक होता है।

# सोनिया गांधी को बड़ी राहत: कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने की याचिका की खारिज



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। यह याचिका विकास त्रिपाठी नामक शख्स ने दायर की थी, जिसमें उनके भारतीय नागरिक बनने से तीन साल पहले मतदाता सूची में नाम शामिल होने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी।

### 1980 में जुड़ा नाम, जबकि 1983 में बनीं नागरिक

विकास त्रिपाठी की तरफ से दायर याचिका में आरोप लगाया गया था कि सोनिया गांधी का नाम 1980 में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किया गया था, जबकि वह अप्रैल 1983 में भारत की नागरिक बनी थीं।

### त्रिपाठी ने उठाए थे गंभीर सवाल

त्रिपाठी ने आरोप लगाया था कि गांधी का नाम 1980 में मतदाता सूची में शामिल किया गया था, 1982 में हटाया गया और फिर 1983 में फिर से जोड़ा गया। त्रिपाठी के वकील ने कहा कि उनका भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन भी अप्रैल 1983 का है। 1980 में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में उनका नाम कैसे शामिल हुआ, जिसे फिर 1982 में हटाया गया और 1983 में फिर से दर्ज किया गया।

### जाली दस्तावेज जमा करने का भी आरोप

वकील ने कहा था कि 1980 में मतदाता सूची में उनका नाम शामिल होने का मतलब है कि कुछ जाली दस्तावेज जमा किए गए थे और यह एक संज्ञेय अपराध का मामला है। इसलिए, उन्होंने अदालत से प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश देने का अनुरोध किया।

# नड्डा ने मलेरिया-डेंगू की स्थिति की समीक्षा की मुख्यमंत्रियों से कहा, 20 दिनों में बनाएं कार्य योजना



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

हाल में हुई भारी के कारण जगह-जगह पानी जमा हो गया है, जिससे मच्छरों को पनपने का मौका मिल गया है। इसे देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सभी मुख्यमंत्रियों को एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में कहा गया है कि सभी मुख्यमंत्री डेंगू और मलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बीस दिनों के भीतर एक कार्ययोजना तैयार करें। नड्डा ने बुधवार को देश में डेंगू और मलेरिया की स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इस दौरान नड्डा ने राज्यों, स्थानीय निकायों और समुदायों से कहा कि वे इस उच्च जोखिम वाले समय में जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए रोकथाम और नियंत्रण के उपायों को और तेज करें, ताकि मच्छरजनति बीमारियों के दबाव कम करने में जो उपलब्धि हासिल हुई है, वह बनी रहे।

### कार्य योजना बनाएं राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री

नड्डा ने कहा कि मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों को रोकने के लिए जल्दी और मिलकर काम करना बहुत जरूरी है। उन्होंने राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों को सलाह दी कि वे खुद स्थिति की समीक्षा करें और 20 दिनों के भीतर कार्य योजना बनाएं, जबकि नगर निगमों, पंचायतों और स्थानीय निकायों से कहा गया कि वे जनजागरूकता अभियान तेज करें। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि भारत ने मलेरिया से लड़ाई में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है। बयान के मुताबिक, देश ने मलेरिया के मामलों में 2015 से 2024 के बीच 78 फीसदी की गिरावट दर्ज की है और मलेरिया से होने वाली मौतों में भी लगभग 78 फीसदी कमी आई है।

### अस्पतालों में मौजूद हों पर्याप्त दवाएं और सुविधाएं

सभी अस्पतालों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि पर्याप्त दवाएं, जांच की सुविधाएं, बिस्तर और मच्छर-मुक्त परिसर मौजूद हों। इनमें केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाले अस्पताल भी शामिल हैं। मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र के लिए विशेष उच्च स्तरीय बैठक की जाए, ताकि डेंगू की स्थिति का बारीकी से आकलन किया जा सके और पहले से ही तैयारी सुनिश्चित की जा सके।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का 13 सितंबर को होगा आयोजन

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

गाजियाबाद जिला न्यायालय परिसर में आगामी 13 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य विभिन्न प्रकार के वादों का सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित और प्रभावी निस्तारण करना है। लोक अदालत में दीवानी, फौजदारी, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस, और अन्य कई प्रकार के मामलों का निपटारा किया जाएगा। यह आयोजन आम जनता के लिए एक सुनहरा अवसर है, जहां वे लंबित मामलों को सुलह-समझौते के माध्यम से निपटाकर त्वरित और किफायती न्याय प्राप्त कर सकते हैं।

# यौन अपराधी एपस्टीन से रिश्तों के लिए ब्रिटिश राजदूत बर्खास्त

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिका में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के मामले में चर्चा थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी सिलसिले में अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी एक बड़ा और सख्त कदम उठाया है। इसके तहत स्टार्मर ने अमेरिका में तैनात ब्रिटिश राजदूत पीटर मैंडेलसन को बर्खास्त कर दिया है। यह फैसला उस वक्त लिया गया जब पीटर मैंडेलसन और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच हुई ईमेल पर बातचीत सार्वजनिक हुई।

### विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी


गुरुवार को हाउस ऑफ कॉमन्स में विदेश मंत्रालय के मंत्री स्टीफन डाउटी ने इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन नए ईमेल्स से यह साफ होता है कि मैंडेलसन और एपस्टीन के रिश्ते पहले की जानकारी से कहीं ज्यादा गहरे थे। साथ ही विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में ये भी कहा गया कि इन नए तथ्यों के आधार पर प्रधानमंत्री स्टार्मर ने विदेश सचिव से कहा है कि वे पीटर मैंडेलसन को राजदूत पद से हटा दें।

# ऑनलाइन व्यापार पर लगाम लगाने के लिए दिल्ली में किया जाएगा प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश कार्य समिति की बैठक एटा में आयोजित की गई जिसमें लगभग 58 जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल ने बताया कि प्रदेश कार्य समिति की बैठक में उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के जिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने सरकार द्वारा जीएसटी की दरों को कम किए जाने की सराहना करते हुए मोदी सरकार को धन्यवाद दिया जिसके लिए व्यापार मंडल काफी समय से लड़ाई लड़ रहा था, इसी के साथ-साथ ऑनलाइन व्यापार को नियंत्रित करने के लिए एक आयोग बनाया जाना चाहिए जैसे शेयर मार्केट के लिए सेबी इंश्योरेंस के लिए इरडा। अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाये जाने का विरोध करते हुए स्वदेशी जागरूकता हस्ताक्षर अभियान के तहत स्वदेशी अपनाए जाने पर जोर दिया जिसके लिए सभी व्यापारियों ने हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया। ऑनलाइन व्यापार पर लगाम लगाए जाने के लिए सभी व्यापारियों से दिल्ली में एकत्रित होकर भारत सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए प्रदर्शन किया जाएगा।

# पूर्णिया स्पेशल ट्रेन की लगेज बोगी में अचानक लगी आग



**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

बुधवार की रात गाजियाबाद के साहिबाबाद रेलवे स्टेशन के पास उस वक्त हड़कंप मच गया, जब आनंद विहार से पूर्णिया जा रही पूर्णिया स्पेशल ट्रेन की लगेज बोगी से अचानक धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। इस घटना से ट्रेन में सवार यात्रियों में दहशत फैल गई और स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को इस खतरनाक हादसे का कारण माना जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही ट्रेन साहिबाबाद स्टेशन के पास पहुंची, लगेज बोगी से धुआं निकलता दिखा, जो देखते ही देखते आग की लपटों में बदल गया। यात्रियों ने तुरंत रेलवे कर्मचारियों को सूचित किया, जिसके बाद रेलवे स्टाफ ने त्वरित कार्रवाई दिखाते हुए प्रभावित बोगी को ट्रेन से अलग कर दिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन यात्रियों का सामान जलकर राख होने की आशंका जताई जा रही है। आग बुझने के बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया, लेकिन इस घटना ने रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं रेलवे अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और शॉर्ट सर्किट की वजह का पता लगाने के लिए तकनीकी टीम गठित की गई है। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)